3 राजधानी
कैंट व लीडा को छोड़ अब पूरा लखनऊ एलडीए परिक्षेत्र में

6 अभिमत
पाकिस्तान में चरमपंथियों का उभार

10 राष्ट्रीय
मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप कभी साबित नहीं हुआ:अजित

11 विदेश
प्रचंड 12 जुलाई को बहुमत परीक्षण का करेंगे सामना

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 253
लखनऊ, शनिवार, 6 जुलाई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर




प्रशंसकों के प्यार ने इस ट्रॉफी की अहमियत बता दी
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# नीट-यूजी रद्द करना तर्कसंगत नहीं, केंद्र ने कोर्ट से कहा



राजेश कुमार। नई दिल्ली

**कथित कदाचार** को लेकर विवादों में घिरी नीट-यूजी, 2024 परीक्षा को रद्द करने की बढ़ती मांग के बीच, शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए ) ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इसे रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा और इससे उन लाखों ईमानदार छात्रों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा पैदा होगा जो परीक्षा में शामिल हुए थे। मंत्रालय और एनटीए ने कहा कि 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर 23 लाख से अधिक उम्मीदवारों द्वारा दी गई परीक्षा में बड़े पैमाने पर गोपनीयता के उल्लंघन का कोई सबूत नहीं है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और एनटीए ने उन याचिकाओं का विरोध करते हुए अलग-अलग हलफनामे दायर किए, जिनमें विवादों से घिरी परीक्षा को रद्द करने, दोबारा परीक्षा कराने और इसमें शामिल सभी मुद्दों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। शीर्ष अदालत 8 जुलाई को कई याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें 5 मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली और इसे नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की मांग करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए), जो एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-अंडरग्रेजुएट (एनईईटी-यूजी) आयोजित करती है और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय मीडिया के केंद्र में रहे हैं। 5 मई को आयोजित परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक से लेकर अनियमितता तक कथित बड़े पैमाने पर कदाचार को लेकर छात्रों और राजनीतिक दलों द्वारा बहस और विरोध प्रदर्शन। शिक्षा मंत्रालय के एक निदेशक द्वारा दायर अपने प्रारंभिक हलफनामे में केंद्र ने कहा, इसके साथ ही यह भी दलील दी जाती है कि अखिल भारतीय परीक्षा में गोपनीयता के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के किसी भी सबूत के अभाव में, पूरी परीक्षा और पहले से घोषित परिणामों को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा। हलफनामे में कहा गया है कि किसी भी परीक्षा में, प्रतिस्पर्धी अधिकार होते हैं ताकि ऐसे छात्रों के हितों को नुकसान नहीं हो जो परीक्षा में कोई अनुचित तरीका नहीं अपनाते हैं।

इसमें कहा गया है, परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करने से 2024 में परीक्षा देने वाले लाखों ईमानदार उम्मीदवारों को गंभीर नुकसान होगा। हलफनामे में कहा गया है कि केंद्र उन लाखों छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जो कोई अवैध लाभ प्राप्त करने की कोशिश किए बिना, वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद परीक्षा में शामिल हुए हैं। इसमें कहा गया है, इसलिए, साबित तथ्यों पर आधारित वास्तविक चिंताओं को दूर किया जाना चाहिए, वहीं बिना किसी तथ्य के केवल अनुमान पर आधारित अन्य याचिकाओं को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए, ताकि ईमानदार परीक्षार्थियों और उनके परिवारों को अनावश्यक पीड़ा का सामना नहीं करना पड़े। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक ( शेष पेज 9 )

## नीट-पीजी 2024 के लिए नई तारीख घोषित, 11 अगस्त को होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 का आयोजन 11 अगस्त को दो पालियों में किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने शुक्रवार को यह घोषणा की।पहले यह परीक्षा 23 जून को होनी थी। बोर्ड ने कहा, एनबीईएमएस के 22 जून 2024 के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी 2024 परीक्षा का कार्यक्रम अब पुन: निर्धारित किया गया है। अब यह 11 अगस्त को दो पालियों में होगी। नीट-पीजी 2024 में शामिल होने के लिए पात्रता के उद्देश्य से ( शेष पेज 9 )

# ब्रिटेन चुनाव में सुनक को मिली हार

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विश्व के नेताओं ने नए पीएम स्टार्मर को जीत के लिए बधाई दी

एजेंसी। लंदन



लंदन में शुक्रवार को चुनाव जीतने पर ब्रिटेन के लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए। चुनाव हारने के बाद कंजेर्वेटिव पार्टी के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक किंग चार्ल्स तृतीय को अपना इस्तीफा सौंपने से पहले 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर विचार व्यक्त करते हुए।

**ब्रिटेन** में चार जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी की प्रचंड जीत के बीच इसके नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि इस तरह का जनादेश एक बड़ी जिम्मेदारी का भी अहसास दिलाता है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए स्टार्मर को बधाई दी। सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, ऋषि सुनक अपनी सीट से चुनाव जीत गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विश्व के कई नेताओं ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर को बधाई दी।

सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से औपचारिक रूप से इस्तीफा देने के लिए महाराजा चार्ल्स तृतीय से मिलने बकिंघम पैलेस पहुंचे। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री के रूप में कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को अपने पहले भाषण में आम चुनाव में लेबर पार्टी की भारी जीत के बाद देश के 'हृदय में निराशा' को ठीक करने और राष्ट्र के पुनर्निर्माण का वादा किया। आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री बनने के बाद स्टार्मर ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, हमारा काम अत्यावश्यक है और हम इसे आज से ही शुरू कर रहे हैं। स्टार्मर आज नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले सकते है। शुक्रवार को सुबह तक लेबर पार्टी ने 650 सदस्यीय सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 326 सीटों पर जीत हासिल कर ली। स्टार्मर ने कहा, परिवर्तन अब शुरू हुआ है और यह अच्छा लग रहा है। इस तरह का जनादेश एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास दिलाता है। हमारा काम इस देश को एक साथ रखने वाले विचारों को नवीनीकृत करने से कम नहीं है यानी राष्ट्रीय नवीनीकरण। आप जो भी हों, जीवन में जहां भी शुरुआत करें, अगर आप कड़ी मेहनत करते हैं, अगर आप नियमों का पालन करते हैं, तो इस देश को आपको आगे बढ़ने का उचित मौका देना चाहिए। इस बीच, ब्रिटेन में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की, लेकिन वह देश में 14 साल की सरकार के बाद अपनी पार्टी को दोबारा से जीत हासिल कराने में असफल रहे। उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को बृहस्पतिवार के आम चुनाव में 250 सीटों पर इतिहास की सबसे बुरी चुनावी हार का सामना करना पड़ा। सुनक ने कहा, लेबर पार्टी ने यह आम चुनाव जीत लिया है और मैंने सर कीर स्टार्मर को उनकी जीत पर बधाई देने के लिए फोन किया। इस दौरान सुनक के साथ उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति भी मौजूद थीं। सुनक ने कहा, आज शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सत्ता परिवर्तन होगा और यह ऐसी चीज है जिससे हमें अपने देश की स्थिरता और भविष्य के प्रति विश्वास होना चाहिए। निवर्तमान प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि इन परिणामों से सीखने और विचार करने के लिए बहुत कुछ है। ब्रिटेन के आम चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने मतदाताओं से कहा, मुझे माफ कर दीजिए। सुनक ने कहा कि वह आम चुनाव में कंजर्वेटिव ( शेष पेज 9 )



## एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष के खिलाफ बयान देकर मुश्किल में पड़ी महुआ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अपनी अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी का स्वत: संज्ञान लिया है और उनके खिलाफ एफआईआर की मांग की है।

इससे एक दिन पहले टीएमसी ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो पर टिप्पणी की थी, जिसमें उत्तर प्रदेश के हाथरस में हाल ही में हुई भगदड़ वाली जगह पर एनसीडब्ल्यू चेयरपर्सन के आगमन को दिखाया गया था, जिसमें लिखा था, 'वह अपने बॉस का पजामा पकड़ने में बहुत व्यस्त हैं।'एनसीडब्ल्यू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'अभद्र टिप्पणी अपमानजनक है और एक महिला की गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। आयोग ने पाया कि यह टिप्पणी भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 के तहत आती है।'

एनसीडब्ल्यू ने कहा कि वह अपमानजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है और मोइत्रा के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अनुरोध करता है। एनसीडब्ल्यू ने ( शेष पेज 9 )

# अमरनाथ यात्रा के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव की संभावना



जम्मू में शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा के दौरान पोज देता एक साधु।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में विधानसभा चुनावों की घोषणा अमरनाथ यात्रा के बाद होने की संभावना है, जो 19 अगस्त को समाप्त होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देर रात जम्मू-कश्मीर इकाई के पार्टी नेताओं के साथ बैठक की और उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। दो घंटे तक चली बैठक में भाजपा प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, सांसद रविंदर रैना, जितेंद्र सिंह और जुगल किशोर शर्मा और अन्य शीर्ष नेता शामिल हुए।2019 में पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई समयसीमा के अनुसार जम्मू और कश्मीर में इस साल सितंबर में पहला विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। पूर्ववर्ती राज्य में आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था। बैठक में शीर्ष नेतृत्व ने साफ कर दिया है कि पार्टी राज्य में किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। यह भी बताया गया कि पार्टी 'समान विचारधारा वाली पार्टियों' के साथ सीटों के समायोजन और 'चुनावी समझ-बूझ' के लिए तैयार रहेगी। इसके अलावा यह भी बताया गया कि पार्टी विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए कोई चेहरा पेश नहीं करेगी और वर्तमान में रविंदर रैना की अध्यक्षता वाली राज्य भाजपा इकाई में नेतृत्व या संगठनात्मक फेरबदल में कोई बदलाव नहीं होगा। आने वाले दिनों में प्रमुख केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के राज्य का दौरा करने की उम्मीद है। पार्टी राज्य में लोगों के साथ जन संपर्क कार्यक्रम भी चलाएगी। अगस्त 2019 में राज्य की विशेष स्थिति को रद्द करने से पहले नवंबर 2018 में जम्मू और कश्मीर की विधानसभा भंग कर दी गई थी। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटा दिया और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया। राजनीतिक दलों ( शेष पेज 9 )

# अमृतपाल और इंजीनियर रशीद ने सांसद के रूप में ली शपथ

पीटीआई। नई दिल्ली

**पैरोल** पर जेल से बाहर आए कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद ने शुक्रवार को संसद भवन के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

इंजीनियर रशीद के नाम से जाने जाने वाले रशीद गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं जबकि सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में असम के डिब्रूगढ़ की जेल में कैद हैं। सुरक्षाकर्मी सुबह उन्हें संसद परिसर लाए थे। एक सूत्र ने बताया कि निर्वाचित सांसदों ने औपचारिकताएं पूरी करने के बाद लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में शपथ ली।सिंह (31) और रशीद (56) ने हाल ही में जेल में रहते हुए क्रमश: पंजाब के खडूर साहिब और जम्मू-कश्मीर के बारामूला से निर्दलीय उम्मदीवार के रूप में लोकसभा चुनाव जीता था। वे अन्य विजई उम्मीदवारों के साथ 24 और 25 ( शेष पेज 9 )



सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद।

# हाथरस मामले में मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए व्यापक अभियान, बाबा की भी तलाश जारी

**भाषा। हाथरस।** उत्तर प्रदेश सरकार की एजेंसियों ने हाथरस में हुई भगदड़ की घटना के मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर को पकड़ने के लिए राज्य के साथ-साथ पड़ोसी राजस्थान तथा हरियाणा में तलाश शुरू कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि तमाम एजेंसियां पूछताछ के लिए प्रवचनकर्ता सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा की भी तलाश कर रही हैं। हाथरस जिले के फुलरई गांव में दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में कुल 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में नामजद आरोपी के तौर पर सिर्फ मुख्य सेवादार मधुकर का नाम है और सूरजपाल का नाम दर्ज नहीं किया गया है।

# अफ्रीकी स्वाइन फीवर पर काबू पाने को त्रिशूर में सूअरों को मारने का आदेश

पीएनएस।त्रिशूर

**केरल** के त्रिशूर जिले के एक गांव में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैलने के मामले सामने आए हैं। अफ्रीकी स्वाइन फीवर एक जानलेवा और संक्रामक रोग है जो पालतू और जंगली सूअरों को अपनी चपेट में ले लेता है। यह संक्रमित सूअर के शरीर से निकलने वाले तरल पदार्थ के प्रत्यक्ष संपर्क में आने पर एक सूअर से दूसरे सूअर में आसानी से फैल सकता है। अधिकारी ने बताया कि त्रिशूर के जिलाधिकारी ने त्रिशूर जिले के मदक्कथारा पंचायत में एक निजी फार्म के 310 सूअरों को मारने का आदेश दिया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, वेलियंथारा के 14वें वार्ड में कुट्टालपुझा बाबू के स्वामित्व वाले सूअरों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। जिलाधिकारी ने जिला पशुपालन अधिकारी को सूअरों को मारकर दफनाने का निर्देश दिया है। इसमें बताया गया कि चिकित्सकों, पशुधन निरीक्षकों और परिचारकों का एक दल सूअरों को मारने की प्रक्रिया में शामिल होगा और इसके बाद प्राथमिक संक्रमण रोधी उपाय भी किए जाएंगे। प्रभावित फार्म के एक किलोमीटर के दायरे को रोग प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया है तथा 10 किलोमीटर के दायरे को रोग निगरानी क्षेत्र घोषित किया गया है।



# रथयात्रा की शोभा बढ़ाएगा भगवान कृष्ण का पसंदीदा फल आम

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

**सोमवार** को ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की बहुप्रतीक्षित भव्य रथ यात्रा शुरू हो रही है, राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) मंदिर इस अवसर पर लगभग 5,100 किलोग्राम विभिन्न किस्मों के आमों की भव्य पेशकश करेगा। उत्सव एक दिन पहले शुरू होगा और पुरी में यात्रा के अनुरूप अगले दिन तक जारी रहेगा।

भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और उनकी बहन सुभद्रा को समर्पित अनुष्ठानों के तहत भक्त सफेदा, दशहरी, लंगड़ा, मालदा, चौसा, रामकेला, तोतापरी, बॉम्बे ग्रीन और मल्लिका सहित कई प्रकार के आम चढ़ाएंगे। फलों के राजा के रूप में प्रतिष्ठित आम, विशेष रूप से कृष्ण लीला में महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्य रखते हैं, जो भगवान कृष्ण की दिव्य लीलाओं में भक्ति की मिठास का प्रतीक है। उत्सव में शहर भर से लगभग 20,000 लोग शामिल होंगे। मंदिर में तैयारियां जोरों पर हैं।



मंदिर की वेदी को आमों के प्रभावशाली प्रदर्शन से सजाया जाएगा, जिससे भक्त यात्रा की पूर्व संध्या पर विग्रह सेवा विभाग में अपने फल चढ़ाकर 'आम सेवा' में भाग ले सकेंगे। उत्सव में आम खाने की प्रतियोगिता भी शामिल होगी। गोलिया, सिन्दूरी, गुलाबखास, नीलम, केसरी, गोला, लालबाग, लंबोरी, रतुल और अल्फांसो जैसी किस्मों का भोग भी भगवान को लगाया जाएगा।मंदिर के उपाध्यक्ष श्री गौर प्रभु ने बताया, 'फलों का राजा आम गर्मी के मौसम में बच्चों और बड़ों दोनों को पसंद आता है। यही कारण है कि हम हर साल जगन्नाथ यात्रा के दिन आम महोत्सव का आयोजन करते हैं। उपस्थित लोग निर्दिष्ट सेल्फी पॉइंट पर यादें कैद कर सकते हैं और सामुदायिक सेवा में भाग ले सकते हैं। कृष्णलीला में आम का महत्व बहुत गहरा है। रास नृत्य के दौरान, गोपियाँ कृष्ण को आम अर्पित करती थीं, जो उनके रिश्ते की मिठास का प्रतीक था। एक अन्य समय में, कृष्ण ने भौतिक प्रसाद की तुलना में सच्ची भक्ति को महत्व देते हुए एक गरीब ब्राह्मण से आम की गुठलियां स्वीकार कीं। वृन्दावन में कृष्ण के बचपन में आमों ने भी भूमिका निभाई, जहाँ वे और उनके शरारती दोस्त अक्सर बगीचों से स्वादिष्ट फल चुरा लेते थे। ओडिशा के भुवनेश्वर के प्रीतंसु प्रियदर्शिनी बिस्वाल ने भगवान जगन्नाथ को आम चढ़ाने की इस्कॉन मंदिर की अवधारणा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, देश की राजधानी द्वारका में इस्कॉन मंदिर में यह उत्सव न केवल परमात्मा का सम्मान करता है, बल्कि समुदाय को भक्ति, सांस्कृतिक विरासत और आम का आनंद लेने की सरल खुशी के साझा अनुभव में एक साथ लाता है। ( शेष पेज 9 )

# काल के गाल में समा जाते हैं समय के अनुरूप न चलने वाले: योगी

## मुख्यमंत्री ने हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल, गोरखपुर में किया सिंकाई की चतुर्थ अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी मशीन का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी चिकित्सा संस्थान की उपादेयता और सफलता के लिए प्रौद्योगिकी और व्यवहार दोनों का उत्कृष्ट होना जरूरी है। प्रौद्योगिकी समय के अनुरूप होनी चाहिए और समय से दस कदम आगे चलने का सामर्थ्य होना चाहिए। साथ ही चिकित्सा व्यवस्था से जुड़ी पूरी टीम को संवेदना से परिपूर्ण होना चाहिए।

सीएम योगी शुक्रवार शाम गीता वाटिका स्थित हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान में कैंसर सिंकाई की चतुर्थ अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी मशीन (वरिआन हेलक्यान) का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति हो या संस्थान, यदि वह समय के अनुरूप नहीं चलेगा तो समय ही उसे पीछे धकेल देता है। समय के अनुरूप न चलने वालों की पहचान समाप्त हो जाती है और वे काल के गाल में समा जाते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हममें समय से दस कदम आगे चलने का सामर्थ्य होना चाहिए ताकि हम अपने क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कर सकें।

सीएम योगी ने कहा कि चिकित्सा संस्थान मेडिकल-हेल्थ के क्षेत्र में नित हो रहे नए अनुसंधान के साथ नहीं जुड़ेंगे तो पिछड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज के समय मे लोगों की भुगतान क्षमता बढ़ी है। साथ ही सरकार के स्तर पर तमाम सुविधाएं मिल रही हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री राहत कोष की सहायता राशि से लाखों लोगों को लाभ हुआ है। ऐसे में लोग अच्छी सुविधा भी चाहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा संस्थान के लिए दो बातें महत्वपूर्ण होती हैं। पहला अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और दूसरा मानवीय व्यवहार। संस्थान में चिकित्सक, पैरामेडिकल, नर्सिंग और हर व्यवस्था से जुड़े स्टाफ में रोगी के प्रति संवेदना का भाव होना चाहिए। मरीज के दुख को अपना दुख मानकर सेवा करने का जज्बा होना चाहिए। इसके साथ ही संस्थान में समय की गति से आगे चलने का सामर्थ्य होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी बीमारी के इलाज में तो समय से आगे चलने का सामर्थ्य संस्थान के लिए और भी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए अनुसंधान का लाभ नागरिकों को मिले, इसकी निरंतर पहल होती रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल की इस बात के लिए सराहना की कि इस अस्पताल ने समय की गति को पकड़ा और उसके अनुरूप प्रौद्योगिकी को अपनाया। उन्होंने कहा कि यह कैंसर अस्पताल 2013 से लगातार नई प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए एक के बाद एक चार अत्याधुनिक मशीन लगाकर मरीजों को इलाज की उत्कृष्ट सुविधा उपलब्ध करा रहा है। सरकार अस्पताल के किसी भी महत्वपूर्ण अभियान में भरपूर मदद करने को तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब किसी व्यक्ति को कैंसर होता था तो उसका पूरा परिवार त्रासद में आ जाता था। जब तक मरीज को पता चलता था तब तक कैंसर की लास्ट स्टेज होती थी। आज लोगों के पास उत्तम आरोग्यता प्राप्त करने की क्षमता है, साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री राहत कोष की सहायता भी। सरकार इलाज में लोगों का पूरा साथ दे रही है। अब जरूरत है कि इसके प्रति समाज को जागरूक किया जाए। सीएम योगी ने कहा कि आज हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल में कैंसर के इलाज के लिए रेडियोथेरेपी की अत्यंत महत्वपूर्ण मशीन की सौगात मिली है। इससे डेढ़ सौ मरीजों की रेडियोथेरेपी की उत्तम सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य धर्मार्थ संस्थाओं को भी इसी तरह चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र काम करने की आवश्यकता है। सरकार और अन्य संस्थाएं साथ मिलकर बेहतरीन से बेहतरीन सुविधा दे सकते हैं।

# सेवा के साथ स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करते हैं स्वास्थ्य व चिकित्सा केंद्र: सीएम




● अन्नपूर्णा मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गोरखपुर का सीएम योगी ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य एवं चिकित्सा केंद्र सेवा के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराकर स्वावलंबन का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। एक सौ बेडेड हॉस्पिटल के खुलने से 500 लोगों को रोजगार मिलता है। ऐसा अस्पताल 500 परिवारों की आजीविका का माध्यम बनता है।

सीएम योगी शुक्रवार अपराह्न सिविल लाइंस के जजेज कंपाउंड के समीप अन्नपूर्णा मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अस्पताल स्वास्थ्य के उत्तम केंद्र साथ लोगों के विश्वास और रोजगार का भी बड़ा केंद्र होता है। अस्पताल के निर्माण से स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होता है। यह मेडिकल, पैरामेडिकल तथा नर्सिंग में अपना कैरियर बनाने वाले छात्रों तथा बालिकाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराता है। इससे उनके मन में समाज एवं व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के लिए अच्छी शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण है उत्तम आरोग्य की सुविधा। बढ़ती हुई आबादी, व्यस्त दिनचर्या एवं जलवायु परिवर्तन के कारण आज तमाम नई बीमारियों ने जन्म ले लिया है। इन बीमारियों के इलाज के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के अच्छे केंद्र जरूरी हैं। सीएम ने कहा, सरकार के स्तर पर ही सभी सुविधा उपलब्ध हो, यह कठिन कार्य है लेकिन यदि सरकार, निजी क्षेत्र और धर्मार्थ संस्थाएं मिलकर इस दिशा में प्रयास करते हैं तो इसके परिणाम बहुत अच्छे आते है। उन्होंने कहा कि सरकार के अलावा निजी एवं धर्मार्थ संस्थाओं ने भी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए अपना सहयोग सदैव प्रदान किया है। इन संस्थानो ने शिक्षा के अलावा लाखों लोंगो को रोजगार भी उपलब्ध कराया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर गरीब व्यक्ति भी चाहता है कि उसको अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिले। स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर सरकार संवेदनशील है। गरीब के स्वास्थ्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई योजनाएं चलाई हैं। आयुष्मान योजना के तहत 2019 से देश मे करोड़ो लोग इस सुविधा से लाभान्वित हुए है। उन्होंने कहा कि आज से सात वर्ष पहले तक पूर्वी उत्तर प्रदेश चिकित्सा के बड़े केंद्र के रूप में सिर्फ में बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही था जो खुद बीमार अवस्था में था। पर, आज गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज उच्च चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। आज गोरखपुर में एम्स भी है जो बेहतरीन चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि देवरिया, सिद्धार्थनगर, बस्ती में भी मेडिकल कॉलेज सेवाएं दे रहे हैं। कुशीनगर और महराजगंज और कुशीनगर में भी मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 225421203 व 226489286 में मेरा घरेलू नाम शिवांशु निषाद दर्ज हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड,पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम प्रशांत दर्ज है। शिवांशु निषाद व प्रशांत दोनों नाम मेरे ही हैं और मैं इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं। प्रशान्त पुत्र हरचरण लाल निवासी-मोहल्ला लोहार बाग,एक्सिस बैंक के पीछे,तहसील व जिला-सीतापुर

**सूचना**

मैने पुत्री भानु हजारिया को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है इनके द्वारा किए गए नैतिक व अनैतिक कार्यों से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई वास्ता आदि नहीं होगा। हनुमान प्रसाद पुत्र श्री फूलचन्द्र निवासी मकान नम्बर–3/5, नगर निगम कालोनी, काकाद. व कानपुर नगर।

**सूचना**

मैं आर्मी नंबर 21001508F रैंक नायक नाम पी शिव शंकर यूनिट 81 फील्ड मेरे सर्विस रिकॉर्ड में गलती से मेरी माता का नाम कुरुवम्मा तथा जन्मतिथि 21/7/1977 दर्ज हो गई है। उनका सही नाम पुजारी कुरुवम्मा तथा जन्मतिथि 01/01/1977 है। भविष्य में हर कार्य के लिए इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं आर्मी नंबर 21001508F रैंक नायक नाम पी शिव शंकर यूनिट 81 फील्ड मेरे सर्विस रिकॉर्ड में गलती से मेरे पिता का नाम चित्रा निरंजन दर्ज हो गया है। उनका सही नाम पुजारी चित्रा निरंजन है। भविष्य में हर कार्य के लिए इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे शैक्षणिक अभिलेखों में गलती से मेरा नाम EASHAN SRIVASTAVA एवं जन्म तिथि 03/04/2004 दर्ज हो गई है, जो कि गलत है। सही नाम ISHAN SRIVASTAVA & जन्म तिथि 03/04/2006 है। सुधारकर पढ़ा एवं दर्ज किया जाये। ISHAN SRIVASTAVA S/o Sri SACHIN SRIVASTAVA निवासी – 171 देवीगंज, फतेहपुर (उ०प्र०) 212601

**आवश्यकता**

हीरालाल यादव बालिका डिग्री कालेज सरोजनी नगर, लखनऊ

आवश्यकता है

प्राचार्य – 01

इच्छुक अभ्यर्थी इस प्रकाशित सूचना के प्रथम प्रकाशन के 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक को आवेदन कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमानः- यू०जी० सी०/राज्य सरकार / लखनऊ विश्व विद्यालय की प्रथम परिनियमावली के अनुसार होगी। अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र निम्नलिखित पते पर भी प्रेषित कर सकते है। मो०:- 9793000300, 6393520059 ई-मेल:- hlygc1997@ gmail. com, principalhlygpg@gmail.com

प्रबन्धक

**सूचना**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल जतिन इन्फ्राडेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, सी. पी. 10, विजयंत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ की सम्पत्ति गाटा संख्या 688मि0, स्थित ग्राम ओबरी, परगना व तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी से संबंधित दस्तावेज मूल बैनामें, जो क्रमांक संख्या 1388, दिनांक 06.05.1988 व क्रमांक संख्या 1723, दिनांक 29.06.1999 पर कार्यालय उपनिबंधक नवाबगंज, बाराबंकी में पंजीकृत हैं, जोकि दिनांक 02.07.2024 को मेरे मुवक्किल से गायब/गिर गये हैं। जिस किसी को उक्त संपत्ति से संबंधित दस्तावेज पर कोई आपत्ति/क्लेम है, तो नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। उपरोक्त समय अवधि के बाद किसी भी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नहीं माना जाएगा। आपत्ति हेतु सम्पर्क करें। **बी0एन0 त्रिपाठी** एडवोकेट पता- सी-15, नेहरू विहार, कल्याणपुर, लखनऊ, मो0 9336127853


# मुख्यमंत्री योगी को सौंपी गई हाथरस हादसे की जांच रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हाथरस** हादसे की जांच के लिए एडीजी आगरा की अध्यक्षता में गठित एसआईटी की रिपोर्ट शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सौंप दी गई। शासन के सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट में हाथरस के डीएम-एसपी सहित घटना से जुड़े तकरीबन 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। इन बयानों के आधार पर ही एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट तैयार की है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। उल्लेखनीय है कि शासन ने बीते मंगलवार को हुए हादसे के बाद एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। जिसमें मंडलायुक्त चैत्रा बी. को भी शामिल किया गया था। सूत्रों का कहना है कि सबसे पहले यह प्रारूप तैयार किया गया, जिसमें तय किया गया कि किन लोगों के बयान होने हैं। उन सभी की सूची बनाकर उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए समय तय किया गया था। इन सभी से पुलिस लाइन में पूछताछ की गई। जिसके बाद रिपोर्ट तैयार की गई। एसआईटी की इस रिपोर्ट के बाद शासन स्तर से स्पष्ट होगा कि इस पूरे कांड में कौन-कौन दोषी है और किसने अपने स्तर से लापरवाही बरती है। मालूम हो कि इस मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर न्यायिक जांच भी चल रही है। यह जांच हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में गठित की गई कमेटी कर रही है।

# बाढ़ से पहले तैयारियां मुकम्मल, 612 चौकियां स्थापित

## प्रभावित रहने वाले संभावित 39 जिलों में खाद्यान्न टेंडर प्रक्रिया पूरी, 25 जिलों में मॉकड्रिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने प्रदेश में बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए इससे निपटने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीएम योगी के निर्देश पर बाढ़ से निपटने एवं जनहानि-धनहानि को न्यूनतम करने के लिए 24 अतिसंवेदनशील और 16 संवेदनशील इलाकों में बाढ़ चौकियों की स्थापना कर ली गयी है, जहां पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टुकड़ियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत देने के लिए 40 जिलों में से 39 जिलों में खाद्यान्न टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। बता दें कि सीएम योगी ने हाल में ही बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे, जिसके बाद अधिकारियों ने मिशन मोड में महज चार से पांच दिन के अंदर तैयारियों को अंजाम दिया है। प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अलर्ट रहने के साथ तैयरियों को पुख्ता करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरुप प्रदेश के अतिसंवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में 612 बाढ़ चौकियों की स्थापना की जा चुकी है। वहीं इन क्षेत्रों में अतिरिक्त बाढ़ चौकियों की स्थापना की कार्रवाई चल रही है। इन बाढ़ चौकियों में एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमें तैनात कर दी गयी हैं। इसके साथ ही आपदा मित्रों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा सभी बाढ़ प्रभावित जनपदों में नावों का चिन्हीकरण और नाविक तैनात कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक वर्ष में 4700 राहत चौपालों को आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को बाढ़ के दौरान अपनी और अपने मवेशियों की किस तरह सुरक्षा करनी है, इसकी जानकारी दी गयी। वहीं बाढ़ पूर्व तैयारियों के तहत एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की ओर से 25 जनपदों में मॉकड्रिल की गयी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़ प्रभावित जनपदों के लिए 10 करोड़ की धनराशि जारी की जा चुकी है। इस धनराशि से बाढ़ प्रभावित जनपदों में विभिन्न आवश्यक खरीदारी पूरी कर ली गयी है।

उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित 40 जिलों में से 39 जिलों में खाद्यान्न पैकेट की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। वहीं गाजीपुर में खाद्यान्न पैकेट का टेंडर एक दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। बाढ़ प्रभावित इलाकों में दो खाद्यान्न पैकेट वितरित किये जाएंगे। इनमें पहले पैकेट में प्रति परिवार को ढाई-ढाई किलोग्राम के दो लाई के पैकेट, 2 किलो भुना चना, प्लास्टिक के पैकेट में 1 किग्रा. गुड़, बिस्किट के 10 पैकेट, माचिस और मोमबत्ती के एक पैकेट, 2 पीस नहाने का साबुन, एक 20 लीटर का जरीकेन, 12 गुणे 10 वर्ग फिट मोटाई का एक तिरपाल, जिसका जीएसएम 110 से कम न हो आदि सामान वितरित किया जाएगा।


ई-नीलामी सूचना

आग से प्रभावित अपशिष्ट कागज, खोई और प्लांट एवं मशीनरी

इच्छुक खरीदारों को "आग से प्रभावित लगभग 300 मीट्रिक टन रद्दी कागज, लगभग 100 मीट्रिक टन खोई और लगभग 6,000 किलोग्राम प्लांट एवं मशीनरी" के निपटान के लिए ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषयगत बचाव "जैसा है जहां है", जो कुछ है" और "कोई शिकायत नहीं" के आधार पर बेचा जाएगा जो मैसर्स अल्पाना पेपर्स प्रा. लि. से संबंधित है। मैटेरियल का निरीक्षण 9 किमी स्टोन, जॉली रोड़ सिखरेडा, मुजफ्फरनगर, यू.पी में 06.07.24 से 11-07-24 तक के बीच केवल कार्य दिवसों में किया जा सकता है। निरीक्षण के लिए कृपया श्री राहुल भाटला से 9897441573 पर संपर्क करें।

ई-नीलामी 12-07-24 को आयोजित की जाएगी।

कृपया ई-नीलामी की नियम और शर्तों हेतु फॉर्म प्राप्त करने के लिए वेबसाइट https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है या श्री शमशेर सिंह, 9709709992 पर संपर्क कर सकते है।

नीलामीकर्ता: सील द डील, जिसका पंजी. कार्यालय 148, पॉकेट सी2, सेक्टर 5, रोहिणी, दिल्ली-110085

फॉर्म और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि 11-07-24 है।


# हाथरस घटना के पीड़ितों के परिजनों से मिलने पहुंचे राहुल गांधी

● कहा, प्रशासन की गलती से हुआ हादसा, मामले को संसद में उठाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हाथरस** में हुए दर्दनाक हादसे के बाद शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीड़ित परिवारों से मिलकर सांत्वना प्रकट की तथा घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। गांधी सुबह राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय, तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ अलीगढ़ पहुंचे।

राहुल गांधी ने भगदड़ से हुए हृदय विदारक घटना में जनपद अलीगढ़ एवं हाथरस के पीड़ितों परिवारों से मुलाकात की। राहुल गांध ने पीड़ितों से मिलने के बाद उनके सिर पर हाथ रखकर सांत्वना दी,गले लगाया और जमीन पर बैठकर पीड़ित परिवार से बातचीत कर उनका दर्द बांटा और घटना की विस्तृत जानकारी ली। कांग्रेस प्रवक्ता के अनुसार पीड़ित परिवारजनों ने बताया साफ कहा कि यह हादसा प्रशासन की लापरवाही से हुआ। पीड़ितों के परिजनों ने हादसे के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की। गांधी ने कहा कि आप सभी मेरा परिवार हैं,आप खुद को अकेला ना समझें। हम इस संकट की घड़ी में आपके साथ हैं। इन कठिन परिस्थितियों में पूरा कांग्रेस परिवार आपके साथ खड़ा है। हम इस मुद्दे को संसद में मजबूती के साथ उठाएंगे। अलीगढ़ और हाथरस में हादसे के पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात करने के बाद श्री राहुल ने कहा पीड़ित परिवार बहुत दुख में हैं। गांधी ने कहा कि सरकार की ओर से जो पीड़ितों को मुआवजा देने का एलान किया गया है वह बहुत कम है उसे बढाकर जल्द से जल्द देना चाहिए। ये सभी गरीब परिवार के लोग हैं, इन्हें मुआवजा जल्द से जल्द मिले, ऐसा ना हो कि छह महीने साल भर लग जाएं, फिर उसका मकसद खत्म हो जाएगा।

# जब तक किसानों की सरकार नहीं बनेगी, तब तक नहीं हो सकता उनका भला: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी डॉ. राममनोहर लोहिया और चौधरी चरण सिंह के सिद्धांत और विचारों तथा मुलायम सिंह यादव के संघर्ष और उनके बताए रास्ते पर चलती आ रही है। डॉ. राममनोहर लोहिया और चौधरी चरण सिंह की प्राथमिकता में ग्रामीण विकास के साथ किसान और गांव की खेती रही है। समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता में हमेशा किसान ही रहे हैं। जब तक किसानों की सरकार नहीं बनेगी तक तब किसानों का भला नहीं हो सकता है।

यादव ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रतिनिधिमण्डल से मुलाकात के बाद उन्हें सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रत्येक स्तर पर किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। भाजपा सरकार ने किसानों की फसलों की बिक्री हेतु मंडी नहीं बनायी। किसानों को उनकी फसलों का वाजिब मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं दिया जबकि फसलों के उत्पादन की लागत बढ़ती जा रही है। कीटनाशक दवाओं और खादों के दाम लगातार महंगे हो रहे है। गांवों में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति न होने के कारण धान की रोपाई समय से नहीं हो पा रही है।

भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने अखिलेश यादव को लोकसभा के चुनाव में भारी जीत और देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने के लिए बधाई दी और कहा कि भविष्य में किसानों को आपसे बहुत आशाएं है। किसान नेताओं ने याद किया कि समाजवादी सरकार में मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने किसानों के हित में कई योजनाए लागू की थी। समाजवादी पार्टी की सरकार में ग्रामीण विकास और गांव -खेती की उन्नति के लिए बजट का 75 प्रतिशत धनराशि का प्रावधान किया गया था। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोकसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद देश के किसानों की आवाज उठायेंगे। आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। किसान यूनियन के प्रतिनिधिमण्डल ने लोकसभा में किसानों के मसले जैसे मुफ्त बिजली, गन्ना, भुगतान, कर्जमाफी, मजबूती से उठाने के लिए अखिलेश यादव जी का धन्यवाद दिया और कहा कि देश का किसान अब उनकी ओर ही देख रहा है।


एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

स्वर्ण नीलामी सूचना

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ( ए शिड्यूल कमर्शियल बैंक ), पंजीकृत कार्यालय - 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर की ओर से सर्वसाधारण एवं सम्बन्धित को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित ऋणीं स्वर्ण ऋण की अदायगी में विफल हो गये हैं। अतः ऋणीयों द्वारा यदि दिनांक 14 जुलाई 2024 तक सम्पूर्ण ऋण की अदायगी नहीं की जाती है तो दिनांक 15 जुलाई 2024 को प्राइवेट सेल द्वारा उनके स्वर्ण की नीलामी निम्नानुसार किये जाने का निर्णय लिया जाता है :-

| ऋण खाता संख्या/ ऋणी | नीलामी स्थल | नीलामी हेतु सम्पर्क सूत्र |
|---|---|---|
| L9001090136937887 सुधीर सिंह | एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालय: 16 बी व 17, शॉप नं. 2, एलएन वाटिका बिल्डिंग, लक्ष्मी निवास, बैंक रोड़, गोरखपुर-273001 | सत्यम कुमार श्रीवास्तव 9001074365 |

नीलामी दिनांक 15 जुलाई 2024 को प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक आयोजित की जायेगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड बिना पूर्व सूचना के नीलामी स्थगित करने अथवा नीलामी तिथि में परिवर्तन करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है।

S/d

दिनांक - 05.07.2024
स्थान - उत्तर प्रदेश

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड


# महाकुंभ की तैयारियों से संबंधी कई अहम प्रस्ताव अनुमोदित

● समिति द्वारा चर्चा के उपरांत कई प्रस्तावों को प्रदान किया गया अनुमोदन

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में गठित राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाए। बाढ़ से निपटने के लिए अतिसंवेदनशील जनपदों में विशेष निगरानी के लिए टीमों का गठन कर अलर्ट कर दिया जाए।

बैठक में समिति द्वारा महाकुम्भ-2025 में आपदा से बचाव एवं सुरक्षा हेतु पुलिस यातायात विभाग को 40.90 करोड़ रुपये एवं पुलिस एटीएस को 14.69 करोड़ रुपये सहित कुल 55.59 करोड़ रुपये का अनुमोदन प्रदान किया गया। इसी क्रम में वन विभाग द्वारा राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि की गाइडलाइन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में मानव वन्य जीव संघर्ष न्यूनीकरण एवं अन्य कार्यों हेतु से 64.73 करोड़ के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इस धनराशि से दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग, दुधवा टाइगर रिजर्व में बफर जोन, सोहागीबरवा वन्यजीव प्रभाग, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग आदि में चेनलिंग फेंसिंग व सोलर फेंसिंग के कार्य कराये जायेंगे। इसी प्रकार जनपद हापुड़ में जनपद अयोध्या की तर्ज पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बृज घाट में गंगा नदी पर स्थित 3 घाट-आरती स्थल घाट, कृष्ण कन्हैया घाट व नत्थू घाट पर 1500 वर्गमीटर में फ्लोटिंग जेट्टी व बैरीकेट लगाने जाने के दृष्टिगत सिंचाई विभाग के माध्यम से 2.46 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया। इससे घाटों पर डूबने की घटनाओं को न्यून किये जाने एवं भीड़ प्रबंधन में मदद मिलेगी। इसी क्रम में समिति द्वारा महाकुम्भ-2025 के आयोजन में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों, आपदा प्रबन्धन कार्य योजना तैयार करने, मॉक एक्सरसाईज आदि कार्यों हेतु एसडीएमए एवं मेला अधिकारी को 3.23 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी तरह राज्य आपदा मोचन बल में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु राज्य आपदा मोचक निधि के कैपेसिटी बिल्डिंग मद 30 लाख रुपये की समिति द्वारा मंजूरी प्रदान की गई। भारत सरकार के राज्य आपदा मोचक निधिक के प्रीपेरइनस एवं कैपिसिटी बिल्डिंग मद के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये 7.80 करोड़ रुपये की स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गई। इस धनराशि से वज्रपात से बचाव हेतु रेडियो जिंगल के माध्यम से प्रचार-प्रसार, क्षमता संवर्धन हेतु आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों, मॉक एक्सरसाइज, कार्यशाला, सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा प्रदेश के तीन शहरों-आगरा, प्रयागराज एवं झांसी के लिये सिटी हीट एक्शन प्लान विकसित करने तथा राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा संचालित राहत गुरुकुलम की ट्रेनिंग मॉड्यूल आदि पर व्यय किया जायेगा। इसी प्रकार दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा विभिन्न आपदाओं के प्रबन्धन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन हेतु 54.90 लाख रुपये की स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गई।


सार्वजनिक सूचना

ई .सी. कॉम 9 / 2023

कलकत्ता उच्च न्यायालय
साधारण मूल सिविल क्षेत्राधिकार

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड .....प्रार्थी/अवॉर्ड होल्डर

–बनाम–

गोपाल आदि ......विपक्षी /निर्णीत ऋणीगण

सेवा में,

1. गोपाल पुत्र विनोद कुमार
नि0– ई– 231, वर्ल्ड बैंक कालोनी, बर्रा, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश– 208027.
2. आनंद सचान पुत्र विनोद सचान
नि0– 231, वर्ल्ड बैंक कालोनी, प्रिया हॉस्पीटल, ई, बर्रा, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश–208027.
3. कमलजीत सचान पुत्र छोटा लाल
नि0–सजेती, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश– 208001

आपको यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नामित पतेदारों के खिलाफ एक निष्पादन आवेदन दायर किया गया है, जिसमें अवॉर्ड धारक ने 30 अक्टूबर 2020 के एक मध्यस्थ अवॉर्ड के निष्पादन की मांग की है। उक्त निष्पादन आवेदन में अवार्ड धारक ने एक आवेदन दायर किया है जिसमें संक्षेप में निम्नलिखित प्रार्थनाएँ माँगी गई हैं:

क) निर्णीत ऋणीगण को सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के फॉर्म 16ए परिशिष्ट ई के संदर्भ में संपत्ति का अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जाए।
ख) निर्णीत ऋणीगण की व्यक्तिगत परीक्षण किया जाना चाहिए
ग) पूर्ण और अंतिम संतुष्टि तक उनकी किसी भी संपत्ति या संपत्ति, चाहे वह चल या अचल हो, से निपटने, निपटाने, अलग करने या स्थानांतरित करने से किसी भी तरीके से निर्णीत ऋणीगण को रोकना, चाहे वह स्वयं या उसके आदमी, नौकर, एजेंट और समनुदेशिती द्वारा हो। उक्त अवार्ड के साथ-साथ बंधक संपत्ति पर निषेधाज्ञा
घ) बंधक परिसंपत्ति का भौतिक कब्ज़ा लेने और उसकी बिक्री करने और मध्यस्थ को संतुष्ट करने के लिए ऐसी बिक्री आय का भुगतान करने के लिए एक उपयुक्त और उचित रिसीवर नियुक्त किया जाना चाहिए।
ई) निर्णय न्यायालय द्वारा पारित किसी भी आदेश की अवज्ञा के लिए देनदारों को सिविल जेल में हिरासत में लिया जाएगा।
एफ) कारण बताओ नोटिस अन्तर्गत आदेश XXI नियम 40(1) सीपीसी 1908 के के तहत रिहाई का आदेश केवल भुगतान हेतु सुरक्षा देने पर।

कृपया ध्यान दें कि मामला 29 जुलाई 2024 को माननीय न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य के समक्ष प्रस्तुत होगा जब आपको अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ताओं द्वारा उपस्थित होना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि आपकी अनुपस्थिति में उचित आदेश पारित किये जायेंगे।

सिन्हा एंड कंपनी
(अधिवक्ताओं)
5, किरण शंकर रॉय रोड
कलकत्ता – 700001
सम्पर्क: +9133–2210–1617/1625

# कैंट व लीडा को छोड़कर अब पूरा लखनऊ एलडीए परिक्षेत्र में

## 1000 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2500 वर्ग किलोमीटर हुआ लखनऊ विकास प्राधिकरण का क्षेत्रफल

● एलडीए ने महंगे फ्लैटों की दरों को किया कम, डेढ हजार फ्लैटों

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एलडीए** आम आदमी के आवास की आवश्यकता को पूरा करने के लिए फ्लैटों की दर कम किये हैं। वन बीएचके से लेकर थ्री बीएचके तक सभी फ्लैटों के मूल्यों में कमी की है। वहीं बोर्ड में पूरे लखनऊ जिले को एलडीए के परिक्षेत्र में आने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई है। कैंट एरिया और लीडा (लखनऊ औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण) को छोड़कर अब पूरी लखनऊ परिक्षेत्र जिसमें इसमें सभी ब्लॉक, विकास खण्ड और नगर पंचायत के सम्पूर्ण क्षेत्र शामिल किये गये हैं। इस सीमा विस्तार से एलडीए का परिक्षेत्र 1000 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2500 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

शुक्रवार को एलडीए की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में आयोजित प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। एलडीए के नवनिर्मित पारिजात सभागार में हुयी इस बोर्ड बैठक में महंगे फ्लैटों के मूल्यों में कमी सहित 40 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने एलडीए ने अपने तीन अपार्टमेंट के कुल 156 फ्लैटों की कीमत में भारी कटौती की हैए जिसका लाभ उठाकर लोग जल्द ही भवन खरीद सकते हैं। शारदा नगर योजना स्थित रश्मिलोक, अलीगंज योजना स्थित अनुभूति व प्रियदर्शिनी योजना स्थित सृजन अपार्टमेंट के फ्लैटों की कीमत 4 लाख रूपये से लेकर 10 लाख रूपये तक घटायी गयी हैं। इसके अंतर्गत लोग 20.97 लाख रूपये से लेकर 62.40 लाख रूपये में 48.50 वर्गमीटर से लेकर 138.70 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 1 बीएचके, 2 बीएचके व 3 बीएचके का फ्लैट ले सकेंगे। अन्य अहम प्रस्तावों में सीमा विस्तार पूरे लखनऊ को अपने परिक्षेत्र में एलडीए ने ले लिया है। वीसी ने बताया कि सरोजनीनगर, काकोरी, मलिहाबाद, बख्शी का तालाब, गोसाईंगंज व मोहनलालगंज विकास खण्ड के अवशेष क्षेत्र अब एलडीए के दायरे में शामिल कर लिये गये हैं। इसके अलावा महोना, इटौंजा, मलिहाबाद, नगराम, अमेठी, काकोरी, बख्शी का तालाब, मोहनलालगंज, बंथरा एवं गोसाईंगंज नगर पंचायत के साथ ही माल ब्लॉक का सम्पूर्ण क्षेत्र अब एलडीए की सीमा में आएगा। एलडीए का दायरा बढ़ने से इसका फायदा पब्लिक को मिलेगा। एक फायदा तो यह है कि विस्तारित एरियाज से लेकर गांवों तक में सुनियोजित विकास देखने को मिलेगा साथ ही अवैध निर्माण कराने वालों पर भी लगाम लगेगी। अभी स्थिति यह है कि जो भी विस्तारित एरियाज हैं, वहां पर धड़ल्ले से रो हाउस प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं साथ ही शहीद पथ से लेकर किसान पथ तक ग्रुप प्लॉटिंग भी हो रही है। एलडीए की ओर से यह भी तैयार की गई है कि पहले नए क्षेत्रों को प्राधिकरण के दायरे में लाया जाएए फिर नए सिरे से अवैध निर्माणों को चिन्हित करके उनके खिलाफ सीलिंग या ध्वस्तीकरण संबंधी अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम समेत बोर्ड के सदस्य व अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### सुख सुविधा शुल्क 550 रुपये से घटाकर 200 रूपये प्रति वर्गमीटर

**एलडीए** द्वारा वर्तमान में ग्रीन कॉरिडोरए शहीद पथ व किसान पथ के दोनों तरफ 2.5 किलोमीटर के दायरे में प्रस्तुत मानचित्रों पर 2245 रूपये प्रति वर्गमीटर वाह्य विकास शुल्क के साथ.साथ 550 रूपये प्रति वर्गमीटर के हिसाब से विशेष सुख.सुविधा शुल्क लिया जाता है। उक्त परिधि में आने वाले नागरिकों द्वारा मांग की जा रही थी यह शुल्क क्षेत्र विशेष में आरोपित करने की जगह सम्पूर्ण विकास क्षेत्र में लागू किया जाए। इसे ध्यान में रखते हुए अब सम्पूर्ण प्राधिकरण विकास क्षेत्र में प्रस्तावित एवं शमन मानचित्रों पर सुख.सुविधा शुल्क लिया जाएगा। जन सामान्य पर अधिक भार न पड़े, इसके लिए सुख.सुविधा शुल्क की दर को 550 रूपये प्रति वर्गमीटर से घटाकर 200 रूपये प्रति वर्गमीटर कर दिया गया है। इसके अलावा विकास शुल्क की दर 2245 रूपये प्रति वर्गमीटर में सामान्य बढ़ोत्तरी करते हुए इसे 2360 रूपये प्रति वर्गमीटर किया गया है।

# राजधानी की सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करें: सुरेश खन्ना

● लखनऊ के प्रभारी मंत्री ने राजधानी में सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**वित्त** एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राजधानी में सफाई व्यवस्था को देखने के लिए शुक्रवार की प्रात: 7:00 बजे औचक निरीक्षण किया। वह निरीक्षण के दौरान नगर निगम लखनऊ के चार वार्डो में पहुंचे और वहां पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

प्रभारी मंत्री ने आज कुंज बिहारी वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, चंद्रभान वार्ड एवं गीता पल्लीवार्ड की सफाई व्यवस्था को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गीता पल्ली वार्ड में सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने गीता पल्ली वार्ड में सफाई व्यवस्था से संबंधित कर्मचारियों के वेतन काटे जाने के नगर आयुक्त को निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के सफाई कर्मचारीयों, सुपरवाइजर एवं जोनल सफाई इंस्पेक्टर के तीन-तीन दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। गीता पल्ली वार्ड में सीवर लाइन पड़ने के उपरांत सड़क रिपेयर का भी काम होना है, इसके संबंध में उन्होंने निर्देश दिया कि सड़क निर्माण का कार्य यथा शीघ्र पूर्ण किया जाए। अन्य तीन वार्डो कुंज बिहारी वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड और चंद्रभान वार्ड में मंत्री सफाई व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करें। उन्होंने निर्देश दिया कि बारिश के चलते शहर में कही भी अव्यवस्था न हो।

# अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान 8 से

● वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा प्रदूषण वैद्यता की कराई जाएगी जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्कूली** बच्चों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना योगी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले एसे सभी वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण इत्यादि की वैद्यता की जांच कराएगा। इसके लिए 8 जुलाई से स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्देश प्राप्त है कि स्कूलों मे संचालित वाहनों की जनपदवार सूची परिवहन विभाग तैयार करें। पंजीकृत स्कूली वाहनों का सत्यापन परिवहन विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि फिट तथा अनफिट वाहनों की अलग-अलग सूची तैयार कर स्कूल प्रबंधकों एवं वाहन स्वामियों के साथ बैठक कर मानक के अनुरूप संचालन सूनिश्चित कराए। परिवहन मंत्री ने बताया कि जानकारी मिली है कि प्रदेश के अधिकांश जनपदों में मानकों के विपरीत बिना फिटनेस या स्कूल के नाम बिना पंजीकृत/अनुबंधित स्कूल वाहनों का संचालन किया जा रहा। मारूती वैन, मैजिक, आटों, ई-रिक्शा में बच्चों को विद्यालयों एवं अभिभावकों की सहमती से स्कूल भेजा जा रहा है, जो कि मोटर यान नियमावली का उल्लंघन है। ऐसे लोगों के खिलाफ प्रर्वतन दल अभियान चला कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## सीएम से मिले लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति



**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जो विश्वविद्यालय की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं, को आगामी कार्यक्रम की प्रगति और तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया। मुलाकात के दौरान, प्रो. सिंह ने दीक्षांत समारोह के विभिन्न पहलुओं का विस्तार से वर्णन किया, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए की गई तैयारियों को रेखांकित किया। इस दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# एलडीए की नयी आवासीय योजनाओं का रास्ता साफ

● किसानों से समझौते, लैंड पूलिंग व भूमि अधिग्रहण के आधार पर जुटायी जाएगी जमीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में प्रस्तावित नयी आवासीय योजनाओं का रास्ता साफ हो गया है। इसके तहत सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी, आईटी सिटी व मोहान रोड पर एजुकेशनल सिटी (मोहान रोड योजना) विकसित की जाएगी। ये कालोनियां विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होंगी और यहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शिक्षण संस्थान, ग्रुप हाउसिंग, मॉल, होटल, मनोरंजन केन्द्र, इन्डस्ट्रियल एरिया आदि के साथ ही विस्तृत क्षेत्रफल में ग्रीनरी और वाटर बॉडी होंगे। उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि इन योजनाओं के लिए जमीन खरीदने के लिए मुआवजे की दरें निर्धारित कर दी गयी हैं और किसानों से समझौतेए भू.अधिग्रहण व लैंड पूलिंग के आधार पर जमीन जुटाने का काम किया जाएगा। प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में इसके प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गयी है। इसके अलावा प्रबंध नगर योजना के सम्बंध में प्राधिकरण के स्तर से किसानों के साथ वार्ता चल रही है। शीघ्र ही दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर समस्त वादों का निस्तारण कराकर योजना में विकास कार्य शुरू कराया जाएगा।

**मोहान रोड योजना (एजुकेशनल सिटी):** उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम.प्यारेपुर व कलियाखेड़ा की 785.02 एकड़ अर्जित भूमि पर 1544 करोड़ रूपये की लागत से मोहान रोड योजना का विकास किया जाएगा। इसे चंडीगढ़ व पंचकुला की तरह ग्रिड पैटर्न पर विकसित किया जाएगा। योजना में 74.25 एकड़ क्षेत्रफल में एजुकेशनल सिटी और 42 एकड़ भूमि पर सेंट्रल पार्क बनाया जाएगा, जबकि लगभग 45,000 वर्गमीटर क्षेत्र में वाटर बॉडी होगी। योजना में कुल 08 सेक्टर बनाये जाएंगे, जिसके प्रत्येक सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सेक्टोरल शॉपिंग सेंटर एवं वेन्डरों के लिए अलग से जगह का प्रावधान होगा। साथ ही सभी बड़े चैराहों पर रोटरी विकसित की जाएगी, जिसमें बायीं ओर मुड़ने वाले ट्रैफिक को फ्री.पास दिया जाएगा। योजना में 112.50 वर्गमीटर से 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 2532 आवासीय भूखण्ड के साथ ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखण्ड सृजित किये जाएंगे।

**वेलनेस सिटी:** सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम बक्कास, चैरहिया, चैरासी, मलूकपुर, दुलारमऊ एवं नूरपुर बेहटा की लगभग 1474 एकड़ जमीन पर वेलनेस सिटी लायी जाएगी। इसे मेडी सिटी की तरह विकसित किया जाएगा, जहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज, डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ विपासना केन्द्र व मेडिटेशन सेंटर आदि होंगे। इसके अलावा शहर के व्यस्ततम बाजार में शुमार अमीनाबाद मेडीसिन मार्केट को भी वेलनेस सिटी में स्थानांतरित करने का प्रावधान किया गया है, जिसके लिए अलग से भूखण्ड नियोजित किये गये हैं।

पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे से महज 0.5 किलोमीटर की दूरी पर प्रस्तावित इस योजना में ट्रैफिक निर्बाद्ध रूप से संचालित होए इसके लिए 60 मीटर से 24 मीटर चैड़ी सड़कें विकसित की जाएंगी। योजना में सप्त ऋषियों के नाम से सात सेक्टर बनाये जाएंगे, जिनमें 112.50 वर्गमीटर से 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 2935 आवासीय भूखण्ड के साथ ही ग्रुप हाउसिंग व व्यावसायिक उपयोग के बड़े भूखण्ड नियोजित किये जाएंगे।

# डीजीपी ने वितरित किए यातायात पुलिस कर्मियों को हेलमेट



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पुलिस** मुख्यालय में शुक्रवार को एक फाइनेंस कंपनी द्वारा प्रदेश के यातायात कर्मियों के सुरक्षार्थ उपलब्ध कराये जा रहे 1000 हेल्मेट के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीजीपी प्रशांत कुमार ने यातायात पुलिस कर्मियों हो हेलमेट वितरित किए। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एलयू ने बदला महिला अध्ययन संस्थान के कोर्स का नाम

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान ने अपने मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए) इन वीमेन स्टडीज कार्यक्रम का नाम बदलकर मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए) इन वीमेन एंड जेंडर स्टडीज कर दिया है। यह बदलाव शैक्षणिक परिदृश्य में हो रहे विकास और समावेशिता और व्यापक शिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संशोधित कोर्स शीर्षक, एमए इन वीमेन एंड जेंडर स्टडीज, एक व्यापक दृष्टिकोण का संकेत देता है, जिसमें न केवल महिलाओं के मुद्दे शामिल हैं बल्कि लिंग के जटिल गतिशीलता भी शामिल हैं। इस बदलाव का उद्देश्य छात्रों को लिंग संबंधों, अंतरसंबंधिता, और लिंग स्पेक्ट्रम के विभिन्न अनुभवों की गहरी समझ प्रदान करना है।

## भगवान झूलेलाल जयंती पर लोग किए गए सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भगवान** झूलेलाल की जयंती पर अच्छे काम करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी ने बताया की आज शिव शान्ति आश्रम में मेला कमेटी की एक बैठक में भगवान झूलेलाल जयंती समारोह में लागतार अच्छे काम करने वाले पदाधिकारियों को शिव शान्ति आश्रम के संत सांई मोहन लाल ने सम्मनित किया। इस क्रम में समाज सेवी श्याम कृष्णनानी व वासुदेव डंबला को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जबकि प्रवक्ता अशोक मोतियानी, मेला कमेटी के अध्यक्ष रतन मेंघानी, महामंत्री संजय जेसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी, राम बलानी, किशनचंद भंबानी, नानकचंद लखमानी, राजाराम भगवानी, हंसराज राजपाल, अशोक चाँदवानी, राजकुमार जसवानी, दीपक लालवानी, मोहित जेसवानी, नितेश मन्ध्यान, सतीश लखमानी, प्रह्लाद गुरनानी सतीश अठवानी, विक्की दयलानी,भीमन रायतानी, मुकेश केवलानी,वासुदेव करड़ा,पुलकित राजपाल, जीतू जसवानी, घनश्यामअजीत जोगी, सुधामचंद, धर्मपाल राजपाल, दिनेश जीवणी नीरज राज्यपाल दिनेश राय चंदानी को लागतार भगवान झूलेलाल जयंती पर अच्छे वा उत्कृष्ट कार्य करने पर अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया।

## एकेटीयू कैम्पस प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए पंजीकरण 6 जुलाई तक

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के बीटेक और एमबीए के छात्र नामी कंपनी आधार हाउसिंग फाइनेंस में नौकरी पा सकते हैं। कंपनी कैंपस प्लेसमेंट कराने जा रही है। जिसमें शामिल होने के लिए छात्र 6 जुलाई तक पंजीकरण करा सकते हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्रों को आकर्षक पैकेज देगी। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में इस कैंपस प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार का आयोजन सात जुलाई को किया जा रहा है। इसमें 2023-24 और 2024 बैच के पासआउट छात्र हिस्सा ले सकते हैं। कैंपस प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए छात्रों को पंजीकरण कराना होगा। कंपनी की ओर से पर्सनल इंटरव्यू लिया जाएगा। सफल छात्र को कंपनी की ओर से ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

# पीडब्ल्यूडी मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने किया नवनियुक्त प्रमुख अभियंताओं का स्वागत



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन की ओर से नवनियुक्त प्रमुख अभियंता (विकास एव विभागध्यक्ष) जितेंद्र कुमार बांगा, योगेश पवार, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन) एवं संजीव भरद्वाज, प्रमुख अभियंता (ग्रामीण सड़क) का बुके देकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री जेपी पांडे, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, जनपद शाखा लखनऊ के अध्यक्ष वीर बहादुर यादव, जनपद सचिव शशांक शुक्ल तथा उत्तर प्रदेश नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष भारत सिंह यादव, प्रांतीय महामंत्री शैलेंद्र शुक्ल शामिल थे। कर्मचारी नेताओं द्वारा प्रमुख अभियंताओं को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया। प्रमुख अभियंताओं ने समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर समाधान करने का आश्वसान दिया।

## हाईकोर्ट ने रेरा और एलडीए से मांगा जवाब

# बिना पंजीकरण के चल रहे रियल इस्टेट प्रोजेक्ट्स पर क्या कार्यवाही हुई

● कहा, 10 दिन में जवाब दें अथवा हाजिर हों वीसी व सचिव

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**यूपी** रियल इस्टेट रेग्युलेटरी अथॉरिटी (रेरा) में बिना पंजीकरण के राजधानी में चल रहे सैकड़ों रियल इस्टेट प्रोजेक्ट्स पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने रेरा व एलडीए से कार्रवाई का ब्यौरा तलब किया है।

जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश कैलाश चंद्र पांडेय की जनहित याचिका पर दिया है। पीठ ने इस याचिका पर एक माह बाद भी कोई जवाब नहीं देने पर सख्त रुख अपनाया है। कहा है कि यदि 10 दिन में एलडीए की ओर से जवाब नहीं आता है, तो एलडीए के वीसी व सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अगली सुनवाई पर हाजिर होंगे। बताएंगे कि इस जनहित याचिका की सुनवाई में वो सहयोग क्यों नहीं कर रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई को होगी।

याचिका में कहा गया है कि राजधानी में मशरूम की तरह सैकड़ों रियल इस्टेट प्रोजेक्ट्स उग आए हैं। इनमें तमाम ऐसे हैं जिनका रेरा में न तो पंजीकरण है और न एलडीए द्वारा नक्शा संस्तुत किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील अपूर्व तिवारी ने बहस की। कहा कि इस सम्बंध में रेरा व एलडीए दोनों को शिकायत की गईं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं याचिका पर रेरा की ओर से जवाब देते हुए कहा गया है कि ऐसे पांच सौ प्रोजेक्ट्स को नोटिस जारी की गई हैं। हालांकि पीठ रेरा के इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुई। पीठ ने रेरा को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई। वहीं एलडीए की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं आने पर नाराजगी जाहिर की।

## नीतिगत मामलों में दखल का हाईकोर्ट को अधिकार नहीं

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक निर्णय में कहा है कि वह ऐसा आदेश नहीं दे सकती कि केंद्र व राज्य सरकार एससी, एसटी, ओबीसी या अल्पसंख्यक होने के आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक आधार पर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दें। पीठ का कहना था कि यह नीतिगत मामला है और अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। अदालत के हाथ नीतिगत मामलों में बंधे होते हैं। यह क्षेत्राधिकार विधायिका अथवा कार्यपालिका को ही प्राप्त है। याचिकाकर्ता यदि चाहें तो समस्त दस्तावेजों के साथ अपनी बात सरकार या फिर सांसद-विधायकों के समक्ष रख सकते हैं।

जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह निर्णय सत्य नारायण शुक्ल व अन्य की ओर से दाखिल एक विचाराधीन जनहित याचिका पर दिया है।

वर्ष 2018 में दाखिल इस याचिका में मांग की गई थी कि जाति या धर्म के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत प्रदत्त समानता के अधिकार का सरासर उल्लंघन है। लिहाजा सम्बंधित सरकारों को आदेश दिया जाए कि मात्र आर्थिक आधार पर ही लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें। याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक आधार पर लोगों के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। कहा गया कि जाति और धर्म के आधार पर पहले चलायी गयी समाजवादी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया गया और वर्तमान में आय के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। राज्य सरकार जो भी लाभकारी योजनाएं चला रही है उनका लाभ जाति या धर्म के आधार पर नहीं दिया जा रहा है।

# उच्च न्यायालय ने आठ हफ्ते में जांच पूरी करने का दिया आदेश

● एसपी को टैक्सी देने से इंकार करने पर चोरी के फर्जी केस में गिरफ़्तारी का कथित मामला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**रायबरेली** के एसपी अभिषेक अग्रवाल को टैक्सी देने से इंकार करने पर चोरी के फर्जी केस में फंसाने के कथित मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एसआईटी को आठ हफ्ते में जांच पूरी करने का आदेश दिया है। कहा है कि जांच रिपोर्ट सील कवर में दाखिल की जाए। मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी।


जस्टिस विवेक चौधरी एवम जस्टिस एनके जौहरी की पीठ ने यह आदेश गोमती मिश्र की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि वह एक बुजुर्ग मां है। उसके एमबीए शिक्षित बेटे को चोरी के फर्जी केस में सिर्फ इसलिए गिरफ़्तारी दिखा दी गई क्योंकि उसने रायबरेली के एसपी अभिषेक अग्रवाल को टैक्सी देने से इंकार कर दिया था। कहा गया कि उसके बेटे अलख मिश्रा को 30-31 मार्च की रात को पुलिस ने रायबरेली के मौरांवा पेट्रोल पम्प से गिरफ्तार किया व उसे थाना खीरो ले जाया गया। जहां उसे मारा पीटा गया तथा अगले दिन 31-1 की रात को उसकी हिंदूपुर गांव में चोरी के दौरान गिरफ़्तारी दिखा दी। कहा गया कि 30-31 मार्च को पेट्रोल पम्प से की गई गिरफ़्तारी की सीसीटीवी फुटेज मौजूद है। पीठ इस मामले को बहुत गंभीर मानते हुए पिछली सुनवाई पर ही पुलिस महानिदेशक को एसआईटी गठित कर जांच कराने का आदेश दे चुकी है। यह भी आदेश दिया था कि एसआईटी में ऐसे अधिकारी रखे जाएं जो एसपी अभिषेक अग्रवाल व मामले में शामिल अन्य पुलिस अधिकारियों से वरिष्ठ हों। पीठ ने अपने पिछले आदेश में ही कहा था कि इस मामले में पुलिस अधिकारियों से जवाब मांगा गया। लेकिन कई बार समय देने के बावजूद रायबरेली पुलिस की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका। पुलिस अधिकारी सिर्फ यही दोहराते रहे कि अलख मिश्रा को 31 मार्च व एक अप्रैल की रात्रि में गिरफ्तार किया गया है।

## गैर इरादतन हत्या में सात वर्ष की सजा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**गैर** इरादतन हत्या के एक मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्त नौशाद को सत्र अदालत ने सात वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे नीरज कुमार बरनवाल ने इस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोका है।

16 जनवरी 2012 को इस घटना की एफआईआर मृतक शेरखान की मां शायरा बानो ने थाना गोसाईगंज में दर्ज कराई थी।



सरकारी वकील मनीष रावत के मुताबिक शेरखान शिवलर चौराहे पर नग व अंगूठी बेचने का काम करता था। 16 दिसंबर 2011 को लकड़ी के बटवारे में आपस में कहासुनी हो गई। जिस पर नौशाद व अन्य लोगों ने शेरखान को लाठी डंडा व बेलचे से बुरी तरीके से मारा पीटा। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पति को सात वर्ष का कारावास

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**दहेज** की मांग से तंग आकर पत्नी द्वारा आत्महत्या करने के एक मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी पति कुंवर बहादुर सिंह को सत्र अदालत ने सात वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे नरेंद्र कुमार, तृतीय ने इस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। 21 मार्च 2013 को इस मामले की रिपोर्ट मृतका के पिता सरदार सिंह ने थाना सरोजनीनगर में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अरुण पांडेय के मुताबिक वर्ष 1997 में मृतक की शादी कुंवर बहादुर सिंह से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वाले मृतका से मकान बनवाने के लिए एक लाख रुपए की मांग करने लगे। मृतका ने अपने मायके से लाकर रुपए दिए। लेकिन इसके बाद फिर 50 हजार रुपए की मांग की। इसके लिए उसे प्रताड़ित भी करने लगे। तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली।

# बच्चों को समय से उपलब्ध कराएं स्कूल यूनिफॉर्म, कॉपी-किताब: मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने बस्ती मंडल के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक

- सरकारी कार्यालयों के औचक निरीक्षक व विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थित जांचने के अफसरों को निर्देश
- मोहर्रम जुलूस पर रखी जाए कड़ी निगाह, कोई भी नई परंपरा शुरू न होने पाए



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ बस्ती

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शुक्रवार पूर्वाह्न बस्ती पहुंचे। यहां पुलिस लाइन हेलीपैड पर उनका स्वागत जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। सीएम योगी ने सबसे पहले सर्किट हाउस में मंत्री, सांसदों, विधायकों और ब्लॉक प्रमुखों से मुलाकात की। इसके उपरांत मंडलायुक्त कार्यालय परिसर में वन महोत्सव-2024 वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत उन्होंने पारिजात का पौधा रोपित किया। मुख्यमंत्री इसके बाद मंडलायुक्त कार्यालय के सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक की, जिसमें संत कबीरनगर तथा सिद्धार्थनगर जिलों के जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े रहे। मुख्यमंत्री ने मंडल में चल रहे महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले स्कूल चलो अभियान की समीक्षा करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों का नामांकन ससमय कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति ससमय भी सुनिश्चित की जाय। इसके लिए अधिकारीगण विद्यालयों का औचक निरीक्षण भी करें। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों के यूनिफार्म, कापी-किताब समय से उपलब्ध करा दिया जाए। विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पतालों में समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, अगर डाक्टरों की कमी है तो स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी के माध्यम से योग्य चिकित्सकों की तैनाती की जाए। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने का भी निर्देश दिया। बाढ़ से बचाव की समीक्षा करते हुए उन्होंने समस्त जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील और अतिसंवेदनशील तटबंधों की निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ आने से पूर्व ही समस्त तैयारिया पूर्ण कर ली जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाए। उन्होंने कहा कि राहत सामग्री वितरण के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाये। संर्पदंश के मामलों में पीड़ित को तत्काल उपचार दिया जाए। मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण महाअभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष पौध रोपण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पौधों का वितरण जिम्मेदार व्यक्तियों को किया जाए, जो पौधरोपण करने के साथ-साथ इनका देख-भाल कर सकें। उन्होंने जनसहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु पौधों को गोद लेने को कहा। पौधरोपण करते समय अपने नाम की पट्टिका लगायी जाए और यह प्रण लिया जाय हम इसकी देखभाल करेंगे। मुख्यमंत्री ने राजस्व वादों का निस्तारण, मुकदमा, पैमाइश की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 1 से 3 वर्ष, 3 से 5 वर्ष व 5 वर्ष से अधिक लम्बित मुकदमों का निस्तारण समयबद्धता के साथ मेरिट के आधार पर किया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही है, अन्यथा की स्थिति में संबंधित की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत निर्देश दिया कि अभी से ही कार्ययोजना बना ली जाए। उन्होंने कहा कि मोहर्रम में अस्त्र-शस्त्र पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा। मोहर्रम के दौरान जूलुस पर कड़ी निगाह रखें तथा लिखित रूप में अनुमति ले ली जाए। उन्होंने कहा कि नयी परम्परा ना शुरू हो, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान डीजे के आवाज की ऊंचाई मानक के अनुसार ही रखी जाए। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। पीड़ित की तरफ से एफआईआर दर्ज करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए निर्देशित किया कि भीड़ वाले स्थानों पर वर्दी में तथा बिना वर्दी में पुलिस की तैनाती की जाए। उन्होने निरंतर पेट्रोलिंग करने के भी निर्देश दिए। कृषि विज्ञान केन्द्र की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाय। उन्होंने निवेश मित्र, एक जनपद एक उत्पाद, विश्वकर्मा श्रम सम्मान की समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि पात्र उद्यमियों को चिन्हित करते हुए ऋण वितरण किया जाय। उन्होंने कहा कि बैंक के साथ बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय। अधिक निवेश होने से जनपद की जीडीपी भी बढ़ेगा। जलजीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य को गुणवत्तापूर्ण किया जाए। पाईप डालने हेतु सड़क के किनारे खोदे गये गड्ढे को कार्य समाप्त हो जाने के बाद तत्काल मिट्टी भरायी करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाए तथा अवैध टैक्सी स्टैण्ड वसूली ना होने पाए। उन्होंने सड़कों को गड्ढामुक्त करने का निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिया। उन्होंने मण्डलायुक्त, तीनों जनपद के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में फरियादियों की समस्या को सुनें। अगर कोई अधिकारी किसी काम से बाहर रहता है, तो उसके स्थान पर दूसरे अधिकारी को नामित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि समय-समय पर कार्यालयों का निरीक्षण किया जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गहनता से सुने तथा उसका निराकरण किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को सुना तथा इसके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# पर्यटकों को मिलेगी और बेहतर सुविधाएं: मुकेश मेश्राम

- पर्यटन विभाग एवं मेक माई ट्रिप के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के निर्देश पर पर्यटन विभाग और ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी 'मेक माय ट्रिप' के बीच आज पर्यटन भवन में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुआ। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य यूपी में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ देशी-विदेशी पर्यटकों को यूपी के अध्यात्मिक तथा धार्मिक पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देने के साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटकों के लिए बेहतर वातावरण का सृजन करना है।

इस अवसर पर मौजूद प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने अपने संबोधन में कहा, उत्तर प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिसे बढ़ाने में मेक माय ट्रिप साझीदार होगा। मेक माय ट्रिप के माध्यम से हमें पर्यटकों की रुचि के साथ-साथ उनकी जरूरतों आदि की जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा, ट्रेवल करने वाले यात्रा से पहले और यात्रा के दौरान इंटरनेट पर कई जानकारियां सर्च करते हैं। सर्च इंजन बताता है पर्यटक का रुझान इको टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, आध्यात्मिक पर्यटन आदि किस तरफ है। मेक माय ट्रिप ऐसे में मददगार साबित होगा। मेश्राम ने कहा कि पर्यटक अपने गंतव्य तक पहुंचने के बाद आसपास के क्षेत्र में भी घूमते हैं। वहां के स्थानीय उत्पाद खरीदकर उसे बढ़ावा देते हैं। मेक माय ट्रिप ऐसे पर्यटकों को सहायता प्रदान करेगा। कंपनी इन जानकारियों के माध्यम से ऐसे पैकेज बना सकती है, जिससे उत्तर प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, पर्यटक छुट्टियों में घूमना पसंद करते हैं। कुछ नए की तलाश में उन्हें वेलनेस टूरिज्म आकर्षित करेगा। पर्यटन विभाग का मेक माय ट्रिप के साथ एमओयू साइन पर्यटकों के हित में लाभकारी साबित होगा। भविष्य में पर्यटकों के हित में नीतियां बनाने में मदद करेगा। मेक माय ट्रिप के सह-संस्थापक और समूह के सीईओ राजेश मागो ने कहा, श्हम उत्तर प्रदेश पर्यटन के साथ इस रणनीतिक साझेदारी से खुश हैं।

हमारा प्रयास यूपी टूरिज्म के साथ सहयोग करना है, ताकि राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। आने वाले दिनों में हमारे प्लेटफॉर्म के जरिए पर्यटकों को होटलों, होमस्टे की गहन जानकारी और आपूर्ति का लाभ मिल सकेगा।

# रोजगार के सृजन का माध्यम बनेगी 'इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकॉनमी बनाने की दिशा में संकल्पित व प्रयासरत योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा में बन रही इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के वृहद विकास के लिए बड़ा रोडमैप तैयार किया है। सीएम योगी के विजन अनुसार, इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप को 6,807 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश को लक्षित करने के माध्यम के तौर पर विकसित किया जाएगा जिसके जरिए इस क्षेत्र में 25 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा के परी चौक से 11 किलोमीटर की दूरी पर अजायबपुर रेलवे स्टेशन के करीब इस टाउनशिप का विकास किया जा रहा है। यह क्षेत्र नोएडा मुख्य शहर से भी मात्र 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कुल 747.50 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के हो रहे विकास में से 332.52 एकड़ क्षेत्र में इंडस्ट्रियल, 72.86 एकड़ में ग्रुप हाउसिंग व ईडब्ल्यूएस रेजिडेंशियल तथा 38.15 एकड़ में कमर्शियल लैंड यूज की गतिविधियां संचालित होंगी। वहीं, 300.97 एकड़ एरिया का एरिया विकास सेक्टर व साइट लेआउट प्लान रोड्स, साइकिल ट्रैक, एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग्स व हरित क्षेत्र के तौर पर विकसित किया जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा में विकासशील इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप दरअसल, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के लिहाज से एक प्रमुख परियोजना है, जिसे विश्व स्तरीय मानकों के साथ डिजाइन किया गया है। नए जमाने की कार्कायशैली के अनुसार यहां कार्यक्षमता व सौंदर्य के बीच संतुलन बनाया गया है। वैसे, परियोजना के अंतर्गत इंडस्ट्रियल पॉकेट रीजन में पहले से ही कई बड़े प्लांट्स संचालित हैं। इसके जरिए हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा यह क्षेत्र मोबाइल कॉम्पोनेंट्स व इलेक्टॉनिक आइटम्स के निर्माण क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

# प्रदेश में एग्री स्टैक की स्थापना के प्रारंभिक चरण का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को एग्री स्टैक की स्थापना के प्रारंभिक चरण की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य किसानों को सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि निवेश, स्थानीयकृत और विशिष्ट लक्षित सलाह और बाजारों तक सुविधाजनक पहुंच उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही, यह सरकार के विभिन्न हितधारकों द्वारा किसान और कृषि-केंद्रित लाभदायी योजनाओं की योजना बनाना और उन्हें लागू करने की प्रक्रिया को भी आसान बनाएगा।

कृषि भवन लखनऊ के सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान श्री शाही ने बताया कि एग्री स्टैक के प्रारंभिक चरण में तीन बुनियादी रजिस्ट्री शामिल हैं जिसमें भू-संदर्भित राजस्व ग्राम मानचित्र (जिओ रेफरेंस विलेज मैप), जीआईएस बेस रियल टाइम क्रॉप सर्वे (क्रॉप सोन रजिस्ट्री) और किसानों का डेटाबेस (फार्मर रजिस्ट्री) है। प्रदेश के समस्त राजस्व ग्राम के सजरा मानचित्र को हाई-रेजुलेशन सेटेलाइट मैप के साथ मैपिंग कराकर भू-संदर्भित राजस्व ग्राम मानचित्र के रूप में डिजिटाइज़ किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक खेत का जियो रेफरेंसिंग संभव हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि क्रॉप सोन रजिस्ट्री के अंतर्गत, प्रदेश के सभी खेतों में बोई गई फसलों का खरीफ, रबी एवं जायद में भारत सरकार द्वारा विकसित मोबाइल ऐप के माध्यम से फसल सर्वेक्षण किया जा रहा है। खरीफ 2023 में उत्तर प्रदेश के 21 जनपदों और शेष 54 जनपदों के 10-10 राजस्व ग्रामों में ई-खसरा पड़ताल सुनिश्चित किया गया।

फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत, प्रदेश के कृषक विवरण को एग्री स्टैक के अंतर्गत तैयार किए जा रहे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में संकलित किया जाएगा। इस हेतु भारत सरकार द्वारा भूलेख के डेटाबेस को समेकित कर राज्य को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जायेगा। प्रदेश भर में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु एक माह का अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के सफल संचालन के लिए मुख्यालय स्तर पर एक हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है।

अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि दिसंबर 2024 से पीएम किसान योजना के अंतर्गत मिलने वाली किस्त हेतु फार्मर रजिस्ट्री का होना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे किसानों को फसली ऋण, फसल बीमा, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विपणन में सुगमता होगी और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि जनपद फर्रूखाबाद में पायलट आधार पर फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य संपन्न किया गया, जिससे जनपद में 20 एवं वाराणसी में 60 कृषकों को 30 मिनट में किसान क्रेडिट कार्ड निर्गत करने में सफलता मिली।

# एलयू में दाखिले को लेकर सोशल मीडिया विवि की खूबियां गिना रहे डीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नमस्कार,** मै डीन फैकल्टी आफ... हूँ। फैकल्टी आफ... एशिया की सबसे बड़ी फैकल्टी है। जिसमें लगभग 32 डिपार्टमेंट व इंस्टीट्यूट हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश का सबसे प्रतिष्ठित और हाईऐस्ट एक्रीडिटेशन के साथ कटेगरी वन में शामिल है। कटेगरी वन सरकार बहुत सीमित विश्वविद्यालयों को देती है। हमारा विश्वविद्यालय हाईएस्ट रेटेड विश्वविद्यालय है। फैकल्टी आफ... के तमाम प्रोफेसर विश्व बैंक, यूनाईटेड नेशंस तथा सरकार को सलाह देते रहते हैं। अगर आप इस विवि में प्रवेश लेते हैं और फैकल्टी आफ ... का हिस्सा बनते हैं तो आपको देश की प्रतिष्ठित फैकल्टी से पढ़ने का अवसर मिलेगा।

उपरोक्त पंक्तियां विवि के सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर उपलब्ध शार्ट रिल्स का हिस्सा हैं, जो आम जनमानस सहित छात्रों के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए विवि प्रशासन की तरफ से अभिनव प्रयोग के रूप में मौजूद है। विवि की तरफ से यह प्रयोग सोशल मीडिया पर विवि के आधिकारिक एक्स हैंडल पर किया जा रहा है। जिसमें विवि के डीन विवि में दाखिला क्यों लें, से लेकर विवि की लोकप्रियता के बारे में आम जनमानस को रूबरू करा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत वर्तमान में विवि के अंदर प्रवेश प्रक्रिया का दौर चल रहा है। ऐसे में मेधावी छात्रों को विवि का हिस्सा बनाने के लिए इस तरह का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विवि के प्रत्येक संकाय के डीन को विवि सहित अपने संकाय के बारे में आम जनमानस को जानकारी देनी होगी। जिससे अधिक से अधिक छात्र विवि की तरफ आकर्षित हो सकें। फिलहाल, शुक्रवार को विवि स्तर पर स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा समाप्त हो गयी है। लेकिन पीजी स्तर पर दाखिले को लेकर आवेदन प्रक्रिया अभी चल रही है। बता दें कि नैक से ए डबल प्लस की ग्रेडिंग के बाद विवि की तरफ से डिस्टेंस एजूकेशन प्रोग्राम के तहत इस सत्र से ऑनलाइन प्रोग्राम शुरू किया गया है। इसके साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से ग्रेडिंग मिलने के साथ ही विवि का प्रयास है कि वह एशियाई देशों के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। इसको लेकर विवि की तरफ से कई अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों के साथ एमओयू भी किया गया है।

# कावड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस गश्त व मोबाइल पेट्रोलिंग कराई जाए: डीजीपी

- अपराध नियन्त्रण, कानून-व्यवस्था, आगामी त्यौहारों एवं यातायात प्रबन्धन को लेकर पुलिस महानिदेशक ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** प्रशांत कुमार ने शुक्रवार की देर शाम अपराध नियन्त्रण, कानून-व्यवस्था, आगामी त्यौहारों एवं यातायात प्रबन्धन आदि के सम्बन्ध में फील्ड में तैनात वरिष्ठ पुलिस अफसर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर्क आवश्यक निर्देशदिए।

डीजीपी ने निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों यथा मोहर्रम / कावड़ यात्रा आदि के दृष्टिगत पीस कमेटी, शान्ति समितियों की गोष्ठी कर ली जाये, डिजिटल वालेन्टियर्स एवं सिविल डिफेन्स का सक्रिय सहयोग लिया जाये तथा धर्मगुरूओं, कार्यक्रम/जलूस के आयोजको, सभ्रान्त नागरिकों से निरन्तर संवाद बनाये रखा जाये। थाने पर उपलब्ध त्यौहार रजिस्टर को अध्यावधिक करते हुए पूर्व वर्षो के प्रवृष्टियों का अवलोकन कर संवेदनशील स्थानो को चिन्हित कर लिया जाये तथा राजपत्रित अधिकारियों द्वारा ऐसे सभी स्थालो का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा किसी नयी परम्परा की अनुमति न दी जाये। डीजे की अनुमति के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत नियमो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। कावड़ यात्रा को सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु पुलिस पिकेट, पुलिस गश्त, मोबाइल पेट्रोलिंग करायी जाये, तथा विभिन्न मुख्य मार्गो के रूट डायवर्जन हेतु पर्याप्त यातायात पुलिस कर्मियों का व्यवस्थापन किया जाये, साथ ही साथ आवश्यकतानुसार बैरीकेटिंग की व्यवस्था करायी जाये, जिससे श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न उत्पन्न होने पाये।

# स्थानीय निकाय भी बनेंगे 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य के सहभागी

- सभी निकायों के इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं में बड़े पैमाने पर निवेश कर उन्हें सुदृढ़ बनाए जाने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्थानीय** निकायों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय में वृद्धि के लिए योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा है कि सभी शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं में वृहद पैमाने पर निवेश कर उन्हें सुदृढ़ बनाया जाए और इस तरह विकसित किया जाए कि ये आय का बेहतर स्रोत भी बन सके। इसके माध्यम से न सिर्फ नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों की आय में वृद्धि हो सकेगी, बल्कि ये वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के संकल्प को पूरा करने में अपनी भूमिका का भी निर्वहन कर सकें।

इसके तहत अर्बन लोकल बॉडीज द्वारा चरणबद्ध तरीके से कुल 38 परियोजनाओं का चयन किया जाएगा। जिन इंफ्रास्ट्रक्चर्स में निवेश किया जाना प्रस्तावित है, उनमें ऑफिस बिल्डिंग, अर्बन कियोस्क, मशीनीकृत और अन्य प्रकार की पार्किंग और रोड जंक्शन जैसे प्रशासनिक या यूटिलिटी वाले इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। इसके साथ ही, को-वर्किंग स्पेस, अर्बन मेला, फूड स्ट्रीट हब और डिजिटल स्ट्रीट्स जैसे लाइवलीहुड सेंटर्स और इकॉनमिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल हैं। साथ ही हेरिटेज और कल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर में हेरिटेज स्ट्रीट, कंजरवेशन प्रोजेक्ट्स, म्यूजियम, एग्जिबिशन स्पेस, आर्ट गैलरी, अर्बन आर्ट डेकोर और स्टेच्यू भी हैं। सोशल एवं मनोरंजक सुविधाओं में अर्बन कम्युनिटी सेंटर, मैरिज हॉल, रिटायरमेंट होम्स, सीनियर केयर सेंटर, वर्किंग वुमेन हॉस्टल्स, वर्किंग मेन हॉस्टल्स, आडिटोरियम, अर्बन कैफे हैं तो पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में पेट क्लिनिक्स, पार्क्स, ओपन जिम, मल्टीपरपस स्पोर्ट्स फैसिलिटीज शामिल हैं। वहीं एनवायरमेंटल अपग्रेडेशन में अर्बन वेट लैंड्स, अर्बन फॉरेस्ट, अर्बन नर्सरी और हॉर्टीकल्चर में निवेश की योजना है। इंफ्रास्ट्रक्चर के निवेश के लिए फंड का आवंटन शहरी स्थानीय निकाय द्वारा किए गए टैक्स कलेक्शन और इसके अपने हिस्से के अनुपात में होगा। साथ ही, इंफ्रास्ट्रक्चर का चयन गाइडलाइंस में निर्धारित क्राइटेरिया के अनुसार होगा।

# लोहिया संस्थान में टीडीएपी के तीसरे चरण की क्लिनिकल ट्रायल शुरू

**लखनऊ।** डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शुक्रवार से मानवजाति पर दूरगामी प्रभाव डालने वाले टीडीएपी वैक्सीन के तीसरे चरण का क्लिनिकल ट्रायल की शुरूआत की गयी। ट्रायल के तहत संस्थान ने अपने फील्ड प्रैक्टिस एरिया में एडासेल वैक्सीन की तुलना में बायोनेट-एशिया द्वारा बूस्टेजेनरेड टीएम वैक्सीन (संयुक्त टेटनस टॉक्सॉयड, कम डिप्थीरिया टॉक्सॉयड, कम पुन: संयोजक पर्टुसिस वैक्सीन) की एफीकेसी (प्रभावकारिता) का परीक्षण शुरू करके अनुसंधान को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। संस्थान के प्रवक्ता प्रो. एपी जैन के मुताबिक बचपन में व्यापक टीकाकरण के बावजूद पर्टुसिस* का फिर से उभरना, समय के साथ कम होती प्रतिरक्षा द्वारा उत्पन्न चुनौतियों को रेखांकित करता है। पारंपरिक अकोशिकीय पर्टुसिस वैक्सीन, पूरे सेल के पूर्ववर्ती की तुलना में सुरक्षित होते हुए भी, अक्सर कम टिकाऊ सुरक्षा प्रदान करती है। अध्ययनों ने पर्टुसिस के खिलाफ पारंपरिक टीकों की तुलना में बूस्टेजेनरेड टीएम की सुरक्षा के साथ-साथ उच्च और अधिक लगातार एंटीबॉडी स्तर को प्रेरित करने की इसकी क्षमता को प्रदर्शित किया है। इस वैक्सीन की प्रभावकारिता और सुरक्षा का परीक्षण लगभग 30 स्वस्थ वयस्क प्रतिभागियों में किया जा रहा है, जिन्हें पहले पारंपरिक डीपीटी मिला है।

# मोहनलालगंज सांसद ने सरोजनीनगर के कई गांवों में किया पौधरोपण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर पार्टी 1 से 7 जुलाई 2024 तक 'पीडीए पेड़' रोपण अभियान चला रही है। इसी क्रम में लखनऊ के सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव समेत दर्जनों स्थानीय लोग मौजूद रहे।

वहीं समाजवादी महिला सभा और फिक्की फ्लो के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ के चिनहट विकास खंड के पल्हरी ग्राम पंचायत में समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय पल्हरी में 300 बच्चों को स्कूल बैग, स्टेशनरी, नैतिक शिक्षा की पुस्तकें और नोटबुक वितरित किया गया। गांव की महिलाओं को जागरूक करते हुए उन्हें जरूरी सामग्री भी वितरित की गई। पीडीए पेड़ वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत अमावस्या को चंद्रिका देवी मंदिर परिसर (बक्शी का तालाब) में मां चन्द्रिका देवी मेला विकास समिति के सर्वश्री अखिलेश सिंह और राजेश सिंह चौहान के सहयोग से नीम, पीपल, बरगद, आम और अमरूद के 11 पेड़ रोपित किए गए। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने मां चंद्रिका देवी का दर्शन, पूजन कर श्री अखिलेश यादव के 2027 में मुख्यमंत्री बनने के लिए प्रार्थना किया। लखनऊ जनपद के पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चांदन गांव में सरवर अली अध्यक्ष पूर्वी विधानसभा समाजवादी पार्टी लखनऊ द्वारा आयोजित 'पीडीए पेड़' वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के साथ अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद नदवी, लखनऊ मध्य के विधायक पूर्वमंत्री लोकसभा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा, महिला सभा की अध्यक्ष जूही सिंह, प्रवक्ता अनुराग भदौरिया, प्रवक्ता दीपक रंजन, लखनऊ मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा आदि ने पौधरोपण किया।

# पौधा रोपित कर उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करें: डॉ. अरुण कुमार

- वन मंत्री डॉ. ने पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान की तैयारियों की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वन** एवं वन्य जीव विभाग मुख्यालय स्थित पारिजात सभागार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश, डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा अपने निजी क्षेत्रों के साथ-साथ सड़क, पार्क, खेत की मेड़ आदि पर पौधा रोपित कर उसकी सुरक्षा और सिंचाई की पूरी व्यवस्था की जाए। प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान को जन आंदोलन बनाया जाए और हर व्यक्ति अपनी माँ की स्मृति में या माँ के साथ एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाए। मंत्री ने व्यापक सक्रिय जन सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि समस्त सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं, सिविल सोसायटी, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, रोटरी/रोट्रैक्ट/लायंस क्लब, सभी प्रकार के मंडल, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) आदि की सहभागिता के साथ वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाए।

बैठक में वृक्षारोपण अभियान से संबंधित निजी क्षेत्रों के कार्यकारी अधिकारी, गैर सरकारी संगठन, सिविल सोसायटी, विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं, एनएसएस, स्काउट्स-गाइड, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, महिला दल, महिला मंगल दल, रोटरी/रोट्रैक्ट/लायंस क्लब, सभी व्यापार मंडल, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), आयुर्वेदिक संस्थाएं, नारी उत्थान समितियां, विद्यार्थी परिषद्, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के संगठन, मॉर्निंग वॉकर्स क्लब, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आदि के प्रतिनिधियों और संबंधित प्रभागीय वनाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश शासन, श्री मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष श्री एस0 के0 शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) श्री संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुश्रवण एवं कार्य योजना) श्री सुनील चौधरी सहित वरिष्ठ वनाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# जयंती पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

**● भाजपा कार्यालय में डॉ मुखर्जी के जीवन चरित्र पर संगोष्ठी का आयोजन**

**संवाददाता।** प्रयागराज



**भारतीय** जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के द्वारा सिविल लाइन कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जन्म जयंती के पूर्व संध्या के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि जनसंख्या संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा उन्होंने भारत की एकता अखंडता के लिए सत्ता को ठोकर मार कर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

उन्होंने कश्मीर को बचाने के लिए एक देश में दो निशान दो प्रधान दो विधान के खिलाफ जाकर आंदोलन किया और पश्चिम बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने में वैचारिक लड़ाई में अपनी भूमिका निभाई और संविधान सभा के सदस्य के रूप में भाषा और संस्कृति संबंधी परिवर्तनी सुझाव दिए। इस अवसर पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि धारा 370 और 35 ए आर्टिकल भारत को कश्मीर से अलग करने का अभिशाप रहा। जिसके लिए डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने आप का बलिदान कर दिया। कहा कि भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को भूलने वाली नहीं है और उन्हीं की आदर्श पर चलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 35 ए आर्टिकल को हटाकर उनके सपनों को साकार किया।

इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि कल भी कांग्रेस देश तोड़ रही थी आज भी कांग्रेस वोट बैंक के राजनीति के लिए देश को तोड़ रही है और बहुसंख्यक समाज हिंदूओं को कभी भगवा आतंकवादी कभी सामप्रदायिक तो कभी हिंदू आतंकवादी को कह कर अपमान किया और आज हिंदू समाज को हिसंक कह कर अपमान कर रही हैं। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास देश तोड़ने वाला रहा है और यही कारण है कांग्रेस लगातार देश को तोड़ने वाला कश्मीर को भारत से अलग करने वाला धारा 370 कानून फिर से लागू करना चाहती है और उसके लिए अपने पूरे प्रयास कर रही है लेकिन भारतीय जनता पार्टी उनको प्रयासों को निष्फल कर देगी।

इसके अलावा पूर्व उप महापौर मुरारी लाल अग्रवाल देवेश सिंह रमेश पासी मृत्युंजय तिवारी वरुण केसरवानी कुंज बिहारी मिश्रा शशि वार्ष्णेय सचिन जायसवाल ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर दर्शन डाला। कार्यक्रम के संयोजक संजय श्रीवास्तव सह संयोजक संजय सिंह दीप द्विवेदी कुलदीप मिश्रा रहे। धन्यवाद मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ज्ञानेश्वर शुक्ला हनुमान प्रसाद आनंद दुबे राजेश गोंड रोहित जायसवाल आनंद जायसवाल राजेश केसरवानी विवेक मिश्रा शोभिता श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता रहे।

## डीएफओ शामली से हाईकोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट से राहत न पाने के बावजूद कोर्ट आदेश के विपरीत आदेश देने वाले डिविजनल फारेस्ट आफीसर शामली जे डी सिंह को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर कारण बताने का निर्देश दिया है कि उनका 23 अप्रैल 24 का आदेश कोर्ट आदेश के विरूद्ध होने के कारण क्यों न रद किया जाए और प्रमुख सचिव को आप द्वारा कोर्ट आदेश के विपरीत आदेश जारी करने के लिए क्यो न विभागीय कार्यवाही करने का निर्देश दिया जाए। कोर्ट ने यह भी छूट दी है कि यदि चाहें तो वह अगली सुनवाई की तिथि 8 जुलाई को हाजिर होकर अपनी सफाई दे सकते हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने विनोद की याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता पंकज श्रीवास्तव ने बहस की। कोर्ट ने निबंधक अनुपालन को आदेश दिया है कि इस आदेश की प्रति सीजेएम शामली के मार्फत जे डी सिंह को उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने विनोद के पक्ष में आदेश दिया था।

# मुक्त विश्वविद्यालय ने समर्थ पोर्टल पर शुरू किया प्रवेश, अंश बने पहले प्रवेशार्थी

**संवाददाता।** प्रयागराज



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया को शुक्रवार को समर्थ पोर्टल पर प्रारम्भ कर दिया। बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले अंश सिंह विश्वविद्यालय के पहले छात्र बने।

कुलपति प्रो सत्यकाम ने समर्थ पोर्टल पर प्रवेश का शुभारंभ करते हुए कहा कि कुलाधिपति एवं उच्च शिक्षा विभाग की गाइड लाइन के अनुसार यह निर्णय लिया गया। उन्होंने एनआईटी के छात्र के विश्वविद्यालय का प्रथम विद्यार्थी बनने पर उन्हें ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत हमें ऐसे ही छात्रों की आवश्यकता है। कुलपति प्रो सत्यकाम ने कहा कि एकीकृत समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के दूर दराज के छात्रों को विश्वविद्यालय में संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी एवं उनमें प्रवेश का मौका मिल सकेगा। इसके साथ ही एक समान समय पर प्रवेश परीक्षा तथा परीक्षा परिणाम प्राप्त होंगे।

इससे जहां प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी वहीं छात्रों को भी सुविधा मिलेगी। कुलपति ने समर्थ पोर्टल के नोडल अधिकारी प्रो आशुतोष गुप्ता को प्रवेश प्रारंभ करने के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि कि समर्थ पर प्रवेश लेने वाले छात्रों का उचित मार्गदर्शन किया जाए। नोडल अधिकारी प्रो आशुतोष गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राएं वेबसाइट पर जाकर एडमिशन लिंक पर क्लिक करने के पश्चात अप्लाई फॉर एडमिशन फॉर फर्स्ट ईयर पर क्लिक कर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इस लिंक पर जाकर न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक कर प्रवेशार्थी अपनी चालू ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगइन कर प्रवेशार्थी अपनी व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक जानकारी के साथ फोटो सिग्नेचर अपलोड करने के पश्चात ऑनलाइन शुल्क डेबिट क्रेडिट नेट बैंकिंग यूपीआई के माध्यम से जमा कर प्रवेश ले सकते हैं।

# छोटे पावरलूम बुनकरों की बिजली दर बढ़ाने के शासनादेश को चुनौती

**● उच्च न्यायालय ने याचिका पर राज्य सरकार से किया जवाब तलब**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पावरलूम चलाने वाले छोटे बुनकरों की बिजली बिल सब्सिडी देने की सरकारी नीति के खिलाफ विद्युत दर बढ़ाने के शासनादेश 6 अप्रैल 2023 की वैधता चुनौती याचिका पर राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। न्यायालय ने याचिका की सुनवाई के लिए अगली तिथि 22 जुलाई नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी तथा न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने गोरखपुर के बुनकर अब्दुल वाला उर्फ अबुल वाला की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता कृपेश मिश्रा ने बहस की। अधिवक्ता कृपेश मिश्रा का कहना है कि याची का पूरा परिवार कमीशन पर पावरलूम चलाता है। याची के परिवार के पास नौ पावर लूम हैं। दो रूपये प्रति मीटर की दर से याची को प्रतिदिन 540 रूपये की आय होती है। याची गरीबी हालत में है। सरकार की बुनकरों को अटल बिहारी वाजपेई पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना के तहत शासनादेश 14 जून 2006 के नीति के तहत विद्युत आपूर्ति कराई जा रही थी। जिसमें पांच किलो वाट से नीचे वाले सभी नगरीय बुनकरों को 130 प्रति पावर लूम प्रतिमाह जमा करने का प्रावधान था। जहां 6 अप्रैल 2023 से लागू नई नीति में बढ़कर 800 प्रति पावर लूम प्रतिमाह राज्य सरकार द्वारा कर दिया गया। अधिवक्ता का कहना था कि उक्त शासनादेश के तहत मनमाने तौर पर इसे बढ़ा दिया गया है। सरकार ने गरीब बुनकरों पर शर्तें थोपी हैं। वहीं बड़े व्यवसायियों को पांच किलोवाट की छूट दी गई है। न्यायालय ने मुद्दा विचारणीय माना। याचिका में 6 अप्रैल 2023 के शासनादेश को रद करने और याची को बिजली आपूर्ति न रोकने की मांग की गई है।

# किशोर की पुलिस द्वारा पिटाई से क्षुब्ध होकर ब्राह्मण समाज ने किया थाने का घेराव

**● लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी**

**संवाददाता।** सोनभद्र



**विकास** खण्ड राबर्ट्सगंज के ऊंचडीह गांव में किशोर अमितेश पांडेय की पेड़ से बांधकर की गई पिटाई के विरोध में ब्राह्मण समाज के लोगों ने शुक्रवार को सुबह जनपद मुख्यालय स्थित राबर्ट्सगंज कोतवाली का घेराव करते हुए परिसर में धरनें पर बैठ गए। सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश मिश्रा, आलोक चतुर्वेदी के अगुवाई में धरने पर बैठे लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगातें हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रभावी कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर प्रमोद कुमार तिवारी और अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के समझाने पर लोगों ने ज्ञापन सौंपकर धरना समाप्त कर दिया। लोगों ने आरोपितों पर हत्या के प्रयास, गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज करने के साथ साथ सभी आरोपितों को जल्द सें जल्द गिरफ्तार करने की मांग उठाई। उधर पुलिस ने इस मामले में सात नामजद में से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीएम को सौंपे गयें ज्ञापन में कहा गया है कि विगत कुछ समय से जनपद में ब्राम्हण समाज के लोगों समेत अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष रूप से लक्ष्य बनाकर पीड़ित किया जा रहा है व घटनाएं कारित की जा रही है।

उन्हें किसी न किसी माध्यम से परेशान करते हुए असहाय, असुरक्षित महसूस कराने की कोशिश की जा रही है। इसके परिणाम स्वरूप ब्राम्हण समाज के आम जनमानस में अपने सम्मान, स्वाभिमान, स्वतंत्रता, सुरक्षा, रोजी रोटी को लेकर सदैव चिंता का विषय बना हुआ है। ऊंचडीह गांव में अमितेश पांडेय की जानलेवा पिटाई उत्पीड़न का उदाहरण है। मांग की गई है कि सभी आरोपितों की गिरफ्तारी की जाए। दर्ज प्राथमिकी में लगाई गई धाराओं में हत्या करने की कोशिश की साजिश करना, अपहरण, गैंगस्टर जैसी अपराध की धाराएं जोड़ी जाय। आलोक चतुर्वेदी, राघवेंद्र नारायण तिवारी ने कहा कि ब्राह्मणों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेंगा। मांग के अनुसार कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस दौरान सुरेश शुक्ला अनूप त्रिपाठी अनुपम तिवारी धीरज पांडेय विकास मिश्रा समेत बडी संख्या में लोग शामिल रहे।

# सबसे खस्ताहाल है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान

**मीरजापुर।** मड़िहान क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से क्षेत्र में गैर पंजीकृत स्वास्थ्य सेंटरों की भरमार हो गई है। क्षेत्र में कई गैर पंजीकृत सेंटर संचालित हो रहे हैं। बहुत कम सेंटरों को सी एम ओ आफिस द्वारा पंजीकृत किया गया है। और क्षेत्र में पैथोलॉजी सेंटर एवं कलेक्शन सेंटर का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। गांवो में कितने की संख्या गैर पंजीकृत स्वास्थ्य सेंटर संचालित है उसका कोई अता पता नहीं है है। क्षेत्र में चल रहे ज्यादातर पैथोलॉजी सेंटरो का कमान अप्रशिक्षित लोगों के हाथों में है। जिससे मरीजों को सही रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र के सीएचसी व पीएचसी केंद्रों पर आयें मरीजों को जांच के लिए बाहर का दरवाजा दिखाया जाता है। जबकि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर खून समेत तमाम जांच की सुविधा सरकार द्वारा निशुल्क करायें जाने की व्यवस्था है। लेकिन ज़िले में तमाम केंद्रों पर विभाग की अनदेखी के कारण तमाम खामियों के चलते जांच नहीं हो पा रही हैं। मड़िहान सीएचसी में लगा स्वास्थ्य जांच एटीएम एक टीन के डिब्बे समान है ।जब से लगा है डिब्बे की तरह पड़ा हुआ है। आज तक मशीन से जांच नहीं हुआ । जिससे मरीजों को निजी चिकित्सालयों पर जाना मजबूरी हो जाती है। जहां अप्रशिक्षित जांच करता सही रिपोर्ट नहीं दे रहे हैं। सरकार मरीजों को जमीनी स्तर तक उपचार देने के लिए तरह तरह के उपचार देने की कोशिश में लगी है। विभाग के उच्चाधिकारी की लापरवाही के चलते सुविधा से वंचित हो रहे हैं क्षेत्र वाशी । इस समय सबसे खस्ता हाल मड़िहान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। यहां के अधिक्षक को आज तक सीएचसी के मरीजों ने देखा ही नहीं होगा ।मरीजों से अधिक्षक महोदय का पहिचान कराया जाय तो, ज्यादातर मरीज पहिचान कर ही नहीं पायेंगे। अधिक्षक की गैरमौजूदगी मड़िहान सीएचसी की हाल बेहाल कर दिया है। मड़िहान सीएचसी के अगल बगल बाजारों व गांवों में गैर पंजीकृत स्वास्थ्य केंद्रो की संख्या 40 से उपर है। स्वास्थ्य विभाग के मिली भगत से चलायें जा रहें हैं। इन केंद्रो पर अप्रशिक्षित चिकित्सकों के इलाज करने से मौतें भी हुई है। लेकिन जांच के नाम कुंभकर्णी नींद सोता रहता है स्वास्थ्य विभाग ।इस संबंध में आम आदमी पार्टी के दिलीप सिंह गहरवार को सामने आना पड़ा। इन्होंने बताया कि जिलें में 200 से अधिक गैर पंजीकृत सेंटर संचालित हो रहे हैं।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की परिसर चलो यात्रा पहुंची चंदौली

**संवाददाता।** मुगलसराय, चन्दौली




**परिसरों** को जीवंत बनाने एवं परिसर संस्कृति को पुनर्स्थापित करने हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा देशव्यापी मुहिम परिसर चलो अभियान चलाई जा रही है, इसी के निमित्त अभाविप के काशी प्रांत में परिसर चलो रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान चला विद्यार्थियों को परिसर जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। आज परिसर चलो रथ का चंदौली में तलाशपुर और बरहनी में स्वागत किया गया, उसके पश्चात सैयदराजा स्थित काशीनाथ विद्यालय, यमुना देवी शिक्षण संस्थान तथा मैक्सवेल मेडिकल कॉलेज में क्रमश: संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साढ़े तीन बजे परिसर चलो रथ का दीन दयाल उपाध्याय नगर में स्वागत कर चकिया चौराहा तथा अग्रवाल सेवा संस्थान में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में सभाओं में उपस्थित लोगों ने भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इस पहल को सराहा और इसके पश्चात देर शाम सहजौर में चौपाल लगाई गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत के प्रांत सह-मंत्री नमन श्रीवास्तव ने कहा कि,कोरोना काल के बाद शैक्षिक परिसरों में विद्यार्थियों की उपस्थिति दर में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे परिसर संस्कृति को विद्यार्थी भूलते जा रहे हैं और यह उनके सर्वांगीण विकास में बाधक सिद्ध हो रही है। परिसर एवं कक्षा की शिक्षा एक विद्यार्थी के समाजीकरण की प्रक्रिया का हिस्सा है जिससे वह समाज और राष्ट्र के प्रति अपना दायित्व समझता है।

अभाविप काशी प्रांत के प्रांत मीडिया संयोजक अभिनव मिश्र ने कहा कि, अभाविप काशी प्रांत द्वारा चलाए जा रहे परिसर चलो रथ के माध्यम से जिलों में जनजागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान चौपाल लगाई जाएगी, संगोष्ठी की जाएगी, नुक्कड़ नाटक किया जाएगा, पत्रक वितरण किया जाएगा, परिसर संस्कृति की महत्ता को बताया जाएगा

## वन महोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

**बीजपुर, सोनभद्र।** जरहां शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय नेमना के प्रांगण में शुक्रवार को वन महोत्सव के अवसर पर परिषदीय विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने पर्यावरण विषय पर चित्रकला के माध्यम से प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जरहाँ रामविचार गोंड़ प्रधानपति नेमना ग्राम प्रधान रजमिलान बद्रीनाथ द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण में दर्जनों फलदार व छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। उक्त अवसर पर जरहाँ रेंजर राजेश सिंह वन दरोगा श्यामलाल वन रक्षक लवलेश सिंह सहित अन्य वन कर्मी व प्र0 विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन वर्मा शिक्षामित्र ज्वाला प्रसाद विश्वकर्मा सुदेश्वरी देवी सहित अन्य शिक्षिका शिक्षक उपस्थित रहे।

# खण्ड शिक्षाधिकारी ने जरहां क्षेत्र के विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**बीजपुर, सोनभद्र।** म्योरपुर ब्लाक के खण्ड शिक्षाधिकारी विश्वजीत सरोज ने शुक्रवार को न्याय पंचायत जरहां शिक्षा क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कुछ शिक्षक अनुपस्थित मिले तो कुछ उपस्थित जिसमें कंपोजिट विद्यालय धरतीडॉड़ 8 बज कर 10 मिनट पर बंद पाया गया। विद्यालय में कार्यरत दो शिक्षक व एक शिक्षिका अनुपस्थित पाए गए अल्वत्ता बच्चे परिसर में खेलते पाए गए। वहीं कंपोजिट विद्यालय इंजानी में 8 बज कर 20 मिनट पर निरीक्षण किया गया वहां भी उस वक्त एक शिक्षक व दो शिक्षिका अनुपस्थित रहे। कुल छात्र नामांकन 214 के सापेक्ष 114 बच्चे उपस्थित रहे।

8.35 पर प्रा. वि. बुडा कुल छात्र नामांकन 69 के सापेक्ष 50 बच्चे उपस्थित रहे। विद्यालय में प्रभारी शिक्षक राजेश कुमार जायसवाल उपस्थित मिले वहीं सहायक अध्यापक अंगद राजभर व शिवानंद अनुपस्थित मिले। 8.45 पर उ.प्रा.वि.कोटा पिंडारी में छात्र नामांकन 160के सापेक्ष 85 उपस्थित मिले प्रधानाध्यापक हीरिश कुमार साह उपस्थित मिले सहायक अध्यापक रुचि सिंह, संगीता चौधरी निरीक्षण के समय उपस्थित हुई जिन्हें समय को ध्यान रखें कि चेतावनी दी गई वहीं उस वक्त एक शिक्षिका अनुपस्थित रहीं। अगली कड़ी में प्रा.वि. कोटा पिंडारी में निरीक्षण के दौरान 120 छात्र नामांकन के सापेक्ष 75 बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक सतीश यादव व शिक्षा मित्र कलावती उपस्थित रहे। प्रा0वि0 मनरहवां मे 72 नामांकन के सापेक्ष 34 बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक सन्तोष कुमार जायसवाल शिक्षामित्र अर्चना सन्तोष कुमार उपस्थित मिले। यू पी एस नगराज में 50 नामांकन के सापेक्ष 39 बच्चे उपस्थित रहे प्रभारी शिक्षक अनिल द्विवेदी उपस्थित रहे।

# एनसीएल की 39वीं वार्षिक आम बैठक हुई सम्पन्न

**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की 39वीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार को मुख्यालय में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कोल इंडिया अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद ने एनसीएल की कार्य संस्कृति की सराहना की व इसे कोल इंडिया की उत्कृष्ट कंपनी बताया। साथ ही देश की बढ़ती ऊर्जा आकांक्षा के अनुरूप निरंतर ग्राहकों को गुणवत्तायुक्त कोयला मुहैया कराने का आह्वान किया। बैठक के दौरान हितग्राहियों के समक्ष कंपनी में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान हुई गतिविधियों का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। एनसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन, प्रेषण, अधिभार हटाव जैसे भौतिक पैमानों के साथ वित्तीय मानकों पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एनसीएल सीएमडी बी. साईराम ने कहा कि एनसीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन, प्रेषण व अधिभार हटाव में लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन किया है। स्टेकहोल्डर्स को संबोधित अपने संदेश में एनसीएल, सीएमडी साईराम ने कहा कि एनसीएल सतत एवं हरित खनन के लिए सदैव प्रयासरत है और वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 84 प्रतिशत से अधिक कोयला हरित माध्यमों से प्रेषित किया है। इतना ही नहीं कंपनी ने वित्तीय मानकों पर भी अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है जिसके तहत कंपनी का सकल टर्नओवर वित्त वर्ष 2023-24 में 34,424.76 करोड़ रहा है। साथ ही कंपनी का कर पूर्व लाभ 10,843.63 करोड़ व कर उपरांत लाभ 8,318.13 करोड़ रहा है। कंपनी ने शेयरहोल्डर्स को 3,943.38 करोड़ का लाभांश दिया है।

# परीक्षाओं में अनियमिताओं और पेपर लीक को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** मीरजापुर



**संसद** में विगत दिनों माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी द्वारा भाजपा के नकली हिंदुत्व का पर्दाफाश किए जाने एवं भ्रष्टाचार सहित परीक्षाओं में अनियमिताओं और पेपर लीक का मामला उठाकर उनका झूठा चेहरा देश की जनता के सामने उजागर करने के साथ हम श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस जन मजबूती के साथ देश में व्याप्त भ्रष्टाचार नौजवानों की बेरोजगारी बढ़ी मंगाई विकास के नाम पर हो रहे घोटालों और घटिया निर्माण के सवाल सरकार से पूछने के लिए हम प्रतिबद्ध है अब इस आवाज को कोई दबा नहीं सकता है।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में विपक्ष बिहिन लोकसभा और कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देखने वाले भाजपा का सपना चकनाचूर हुआ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी छोटे खान ने कहा कि लोकसभा में जनहित के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा पूछे जा रहे सवालों से सरकार असहज हो रही है सरकार के बचाव में उतरे सत्ताधारी भाजपा और उसके कार्यकर्ता विपक्ष के तेवर देख उग्र और तिलमिलाए हुए हैं

जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे ने कहा कि भाजपा के लोग विपक्ष की आवाज दबाने के लिए विगत दिनों कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय जी के वाराणसी स्थित निजी आवास पर अराजक और उग्र प्रदर्शन कर विपक्ष के नेता के फोटो को जलाने का प्रयास किया और उनके परिजनों को डराने का निंदनीय कार्य किया है। धरना प्रदर्शन में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता राम सिंह पूर्व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अध्यक्ष दीपचंद जैन गुलाब चंद्र पांडे राजधर दुबे कमलेश दुबे पीसीसी सदस्य रमेश प्रजापति पप्पू जनार्दन पाठक अर्चना चौबे शबनम अंसारी राम श्रृंगार दुबे राजेंद्र विश्वकर्मा राम लखन भारती कन्हैया लाल पाठक रितेश मिश्रा विवेक सिंह अनुज मिश्रा किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय दुबे जुग्गीलाल कसेरा संतोष यादव विजय दुबे पहाड़ी उषा देवी अशोक पटेल अशोक गुप्ता छोटू चौबे अभिमन्यु सिंह बसंत लाल दिनेश पटेल आदि रहे।

## कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध

**प्रयागराज।** कार्यक्रम के आयोजन ने लोगों का मन मोह लिया। रब से है दुआ में सुभान रोल में दर्शकों का दिल जीत रहे धीरज धूपर ने हाल ही में शो के वेडिंग ट्रैक से अपने एक लुक की तस्वीर शेयर की है। जी टीवी के शो को देखकर उनके फैंस दीवाने हो रहे हैं। अपने गुड लुक्स और सिर्फ गुड लुक्स के लिए जाने जाने वाले इस एक्टर ने फैशन और स्टाइल के मामले में हमेशा अपना बेहतरीन अंदाज दिखाया है। उनके सोशल मीडिया में यह टीवी स्टार पूरे पिंक परिधान में नजर आ रहे हैं। क्योंकि अब फैशन आइकंस अपने पारंपरिक रंगों को छोड़कर ऐसे रंग और स्टाइल अपना रहे हैं जो जेंडर से परे हैं। धीरज धूपर ने भी ऐसा ही एक ट्रेंड बनाया है जहां उन्होंने शो के वेडिंग ट्रैक के लिए पिंक कलर की एक खूबसूरत शेरवानी पिंक सलवार और उससे मैचिंग पिंक मोजरी पहनी है। ज्यादा जानने के लिए देखिए रब से है दुआ रोज रात दस बजे सिर्फ जी टीवी पर आएगा। धीरज धूपर कहते हैं मुझे नहीं लगता कि किसी भी रंग को किसी खास जेंडर से जोड़ा जाना चाहिए।

# बैंक शाखा प्रबंधकों के सूक्ष्म, वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर कार्यशाला



**अंबेडकर नगर।** दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देशन में विकास भवन सभागार में बैंक शाखा प्रबंधकों के सूक्ष्म, वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ दीप जलाकर किया। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से महिला स्वयं सहायता समूह का संचालन कराया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह को सशक्त बनाने में समूह गठन के बाद उनके खाते खोलने, रिवाल्विंग फंड, सीसीएल में उन्हें फैसिलिटेट कराएं। समूहों के सशक्त, स्वावलंबी बनने में बैंकर्स बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

भूपेंद्र कुमार सिंह उपायुक्त स्वतरोजगार द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक मैनेजर्स, बैंक सखीयो, ब्लाक मिशन प्रबंधक को प्रशस्ति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। एलडीएम विमल कुमार गुप्ता ने उन्मुखीकरण कार्यशाला की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता की जरुरत बताये। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी) हैदराबाद से नेशनल रिसोर्स पर्सन जितेंद्र यादव अनिल कुमार शर्मा ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बैंकों को एनआरएलएम के विभिन्न चरणों के बारे में बताया। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन से सीसीएल के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को बैंकर्स को समझाते हुये समूह का सीसीएल कराने का उद्देश्य बताया। कार्यशाला में 120 बैंकर्स, 30 बैंक सखी, जिला मिशन मैनेजर, ब्लॉक मिशन मैनेजर मौजूद रहे।

# डीएम ने किया सात घोड़े का चौराहा समेत पार्क एवं सड़क का निरीक्षण



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय अकबरपुर के सामने सात घोड़े का बना चौराहा, बने पार्क तथा सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया कि आने और जाने का रास्ता बना हुआ है। उन्होंने निर्देशित किया कि पब्लिक , दो पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन एक रास्ते से आए और दूसरे रास्ते से जाएं। जिससे जाम की समस्या ना हो। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि कोई भी आम जनमानस सड़क पर गाड़ी ना खड़ा करें। सड़क पर कोई भी गाड़ी खड़ी नहीं होनी चाहिए। सभी गाड़ियां पार्किंग स्थल पर ही खड़ी कराई जाय। जिलाधिकारी द्वारा सड़क पर लगी दुकान को हटवाने हेतु निर्देशित किया गया और उन्होंने कहा कि सड़क पर दुकाने ना लगाई जाए। अवगत कराना है कि जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अभिनव पहल के तहत जनपद अंबेडकर नगर में विगत एक वर्ष में कई चौराहों का सौंदर्याकरण किया गया है। इसी क्रम में अकबरपुर दोस्तपुर मार्ग पर गौहन्ना चौराहे पर सैनिक की मूर्ति, शहजादपुर फुब्बारा तिराहे पर 22 जनवरी को राम मंदिर अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के दिन यहां पर राम की मूर्ति पूजन कर स्थापित की गई है, योगा पार्क , विकास भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाई गई। साथ ही साथ कलेक्ट्रेट परिसर में सजावटी लाइट लगवाई गई तथा परिसर में मधुबनी पेंटिंग कराई गई है, कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों के लिऐ प्रतीक्षा कक्ष भी बनवाया गया है।

## ऋषि सुनक

### कठोर परीक्षा

**ब्रिटेन के चुनाव** में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कठोर परीक्षा है। ब्रिटेन ने 'हाउस आफ कामन्स' में 650 प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान कर दिया है जो अगले प्रधानमंत्री को चुनेंगे। ब्रिटेन इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है। वह अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है जिसमें आर्थिक गिरावट, स्वास्थ्यरक्षा तथा ब्रेक्सिट के बाद पैदा कठिनाइयां शामिल हैं। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मतदाताओं से हार्दिक अपील की है कि वे ब्रिटिश राजनीति पर 'लेबर का प्रभुत्व' समाप्त करें। मजेदार बात है कि कंजरवेटिव पार्टी पिछले 14 साल से सत्ता में है, पर उसने अपने वादे ठीक से पूरे नहीं किए हैं। मध्य से दक्षिण की ओर झुकाव वाली कंजरवेटिव पार्टी ने वैश्विक आर्थिक संकट के बीच सत्ता संभाली थी। लेकिन उसका कार्यकाल आर्थिक गतिरोध, सार्वजनिक सेवाओं में गिरावट तथा अनेक घोटालों का शिकार हो गया जिसके कारण उसे वामपंथ तथा दक्षिणपंथ से आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है। आम चुनाव ब्रिटिश राजनीति के लिए केन्द्रीय महत्व वाले हैं। इसमें ऋषि सुनक के नेतृत्व में कंजरवेटिव पार्टी कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी का मुकाबला कर रही है। दोनों पार्टियों के देश की समस्याओं पर विचार एक-दूसरे से एकदम उलट हैं। ब्रिटेन अब भी ब्रेक्सिट के कारण पैदा हालात से निपट रहा है जिसके नकारात्मक परिणाम निकले हैं और जिनका खामियाजा जनता व सरकार को समान रूप से भुगतना पड़ा है। एक समय विश्व शक्ति रहा ब्रिटेन आज वैश्विक परिदृश्य में केवल अमेरिका के एक सहयोगी तक सीमित हो गया है जिससे उसके अंतरराष्ट्रीय कद पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसलिए वर्तमान संघर्ष केवल संसद में सीटों के लिए न हो कर देश की दिशा के बारे में भी है।



ऋषि सुनक के अभियान में स्थायित्व व निरंतरता की भावनाओं को केन्द्रीय स्थान मिला है। उन्होंने कोविड-19 के पश्चात आर्थिक बहाली समेत ब्रिटेन के समक्ष उपस्थित जटिल चुनौतियों का सामना करने के लिए 'मजबूत शक्ति' की आवश्यकता पर जोर दिया है। इनमें वर्तमान समय में जारी व्यापार वार्तायें तथा राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखना भी शामिल हैं। मतदाताओं के लिए सुनक का संदेश है कि हमें एकसाथ मिल कर एक मजबूत व ज्यादा समृद्ध ब्रिटेन बनाना चाहिए। सुनक ने लेबर की नीतियों की कटु आलोचना की है जिन्होंने देश को संकटग्रस्त तथा आर्थिक रूप से विभाजित बना दिया है। उन्होंने स्वयं को ऐसे नेता के रूप में पेश किया है जो संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए रोजगारों की रक्षा के साथ बिजनेस का समर्थन करते हुए यह सुनिश्चित कर सकता है कि आर्थिक प्रगति का रास्ता टिकाऊ बने। कंजरवेटिव घोषणापत्र में कर रियायतों, ढांचागत संरचना में अधिक निवेश तथा आप्रवास व राष्ट्रीय सुरक्षा पर कठोर दृष्टिकोण अपनाने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। यह चुनाव निश्चित रूप से ऋषि सुनक के लिए 'लिटमस टेस्ट' है। वे ब्रिटेन के पहले गैर-श्वेत प्रधानमंत्री बने जिससे उनकी राजनेता के रूप में क्षमता प्रदर्शित होती है। लेकिन इस समय उनके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अर्थव्यवस्था का प्रबंधन तथा लोगों को करों के बोझ से मुक्ति दिलाना है। दूसरी ओर लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर ने परिवर्तन व पुनर्जीवन के लिए अभियान चलाया है। स्टार्मर ने कल्याणकारी व्यवस्था में समग्र सुधारों की बात करते हुए कम-आय वाले परिवारों को समर्थन तथा सार्वजनिक क्षेत्र में व्यापक वेतन वृद्धि से जनजीवन का खर्च घटाने का वादा किया है। इस चुनाव के परिणाम न केवल अगली सरकार, बल्कि आगे वाले वर्षों में ब्रिटेन की दिशा भी तय करेंगे।

# पाकिस्तान में चरमपंथियों का उभार

पाकिस्तान में आतंकवादी शक्तियों के खतरनाक उभार के कारण 'आपरेशन अज्मे इस्तिहकाम' शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य आतंकवाद का सफाया है।




**भोपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)




पाकिस्तान में आतंकवादी शक्तियों के खतरनाक उभार के कारण सरकार और पाकिस्तानी सेना द्वारा 'आपरेशन अज्मे इस्तिहकाम' शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य आतंकवाद का सफाया है। यह परिघटना पाकिस्तान के लिए बहुत खतरनाक सिद्ध हो रही है। अनेक राजनीतिक-सामजिक विश्लेषकों की राय है कि पाकिस्तानी विमर्श में हमेशा धर्मगुरुओं ने केन्द्रीय भूमिका निभाई है। ऐतिहासिक रूप से 'मुल्लाओं' के व्यापक व अमिट प्रभाव के कारण पाकिस्तान के अनेक संस्थान प्रभावित हुए हैं। इनमें सैनिक अवस्थापना, राजनीतिक पार्टियां, सिविल सोसाइटी, अकादमिया, आदि सभी शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक अपने-अपने तरीके से 'शुद्धतावाद' से प्रभावित हुई है। हालांकि इस प्रकार उन्होंने स्वयं को पाकिस्तान या 'शुद्ध लोगों की भूमि' को प्रभावित करने के प्रयास किए हैं। लेकिन यह भी उल्लेखनीय है कि इनमें से अनेक संस्थानों के निजी रूप से उद्देश्य तथा दिशा एकदम विपरीत दिशा में जाती दिखी है। संस्थानों की ये प्रवृत्तियां और दिशायें धर्मगुरुओं की पदानुक्रम वाली व्यवस्थाओं से परिभाषित हुई हैं।

इन संस्थानों ने धार्मिक रूप से ऐसी दिशा अपनाई जिससे न केवल उनके घोषित उद्देश्यों को नुकसान पहुंचा, बल्कि उन्होंने अपनी वैधता और प्रासंगिकता भी एक बड़ी सीमा तक खो दी। इस प्रकार अनेक प्रकार के कट्टरपंथी दृष्टिकोण व विकृतियों का शिकार होने के कारण उनके चरित्र में व्यापक बदलाव आया। 'पैंडोरा पेपर्स' या 'पनामा लिस्ट' में कुख्यात पाकिस्तानी संगठनों की लंबी सूची पर सरसरी नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तानी विशिष्ट लोगों की क्या स्थिति रही है। ऐसे विशिष्ट तत्व सार्वजनिक रूप से सरलता, कम खर्च, ईश्वर के प्रति भय तथा ईमानदारी का प्रदर्शन करते रहे, पर इनकी वास्तविक स्थिति एकदम विपरीत थी। इस प्रवृत्ति के कारण पाकिस्तानी अभिजात वर्ग का कुख्यात दोमुंहापन सामने आया जो अपनी अवैध रूप से एकत्रित संपत्तियों के कारण शानदार स्थिति में थे, बल्कि दुनिया में अनेक हिस्सों में अन्याय और अत्याचार का कारण भी बने थे। इसके साथ ही वे अपने देश में धार्मिक अतिवाद व जहरीले ढंग से विकृत धार्मिकता का प्रचार भी करते थे।

जहां सभी चीजें झूठ पर आधारित हों वहां धर्म का आवरण जनता को भरमाने के लिए बहुत जरूरी सिद्ध हुआ है। इसके माध्यम से वे अरब के शेखों या तुर्की पर निर्भर होते गए। इसके लिए 'इस्लामी देशों के भाईचारे' का नाम लिया गया। वर्तमान समय में पाकिस्तान में सत्तारूढ़ 'शरीफ परिवार' तथा सामंती 'भुट्टो परिवार' स्वयं को धार्मिक रूप से आदर्श दिखाते हैं, पर इसके साथ ही वे पश्चिमीकृत जनरलों के लिए बेचैनी भी पैदा करते हैं जो लगातार जनता के गुस्से का सामना कर रहे हैं।

इन राजनीतिक परिवारों की दोमुंही रणनीति के कारण पाकिस्तानी सैनिक अवस्थापना लगातार गुस्सा, लंबी दाढ़ी वाले, हथियारबंद और मदरसों में शिक्षित नौजवान कबीलाइयों के गुस्से का शिकार बन रही है। आज संभवत: पाकिस्तानी अभिजात वर्ग की यह क्षमता स्पष्ट हो गई है कि वह अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए यह दुहरा खेल खेलने में सक्षम है। पाकिस्तानी अभिजातों ने न केवल जनता को चरमपंथी बनाया है, बल्कि उनको 'ओलिव ग्रीन' या सेवकों के रूप में विस्तार दिया गया है। लेकिन ऐसे लोग अब किसी का आदेश मानने को तैयार नहीं हैं और सबसे बुरी बात है कि वे अपने 'पालकों' के खिलाफ भी उठ खड़े हुए हैं। 'तालिबान' जैसे संगठन चालाक राजनेताओं, अनैतिक जनरलों तथा बेलगाम धर्मगुरुओं का संयुक्त उत्पाद हैं, लेकिन अब वे अपने ही आकाओं से आदेश लेने को तैयार नहीं हैं। वैसे तो 'तालिबान' जैसे उत्पाद निर्यात बाजार के लिए तैयार किए गए थे, पर अब उनको फिर अपने ही देश में आयात किया जा रहा है। पाकिस्तानी अभिजात वर्ग ने अंतत: समझ लिया है कि वह 'अच्छे तालिबान' और 'बुरे तालिबान' में अंतर नहीं कर सकता है और वे सभी केवल 'तालिबान' हैं। इसका कारण प्रशासन में धर्म को अत्यधिक व्यापक स्थान मिल गया है।

आतंकवाद ने पाकिस्तान को 'भीतर से' ऐसे तत्वों के माध्यम से जकड़ लिया है जो उसे लगातार एक 'दुष्ट राज्य' में बदल रहे हैं। अब अभिजात लोगों की समझ में आ गया है कि उनको न केवल आतंकी तत्वों से सीधे निपटना होगा, बल्कि उसे वह 'आक्सीजन' भी बंद करनी होगी जिससे ये तत्व फलते-फूलते हैं। इस प्रकार की आक्सीजन पाकिस्तानी यथार्थ के हर क्षेत्र में धर्म पर अत्यधिक जोर देने के रूप में सामने आई है। हालांकि, अभिजात वर्ग ने पहले भी कई बार परोक्ष रूप से आतंकवाद पर हमला बोला है, पर इसके बावजूद यह फल-फूल रहा है। अब पाकिस्तानी अवस्थापना ने 'आपरेशन अज्मे इस्तिहकाम' शुरू किया है जिसका उद्देश्य आतंकवादियों तथा धार्मिक अतिवादियों का सफाया कर समग्र व व्यापक रूप से समाज को चरमपंथ से मुक्त करना है। लेकिन यह करने की तुलना में कहना ज्यादा आसान है क्योंकि 'धार्मिकता' की जड़ें बहुत गहरी हो गई हैं। 'अति-धार्मिकता' के नकारात्मक प्रभावों की यह स्वीकार्यता महत्वपूर्ण है, हालांकि आने वाला समय ही बताएगा कि यह इच्छा वास्तव में गंभीर है या केवल दिखावा है।

इससे इस्लामवादी राजनीतिक पार्टियों की भूमिका घटेगी जिनमें मौलाना फजलुर रहमान की जमीयत उलेमाए इस्लाम है। इसके साथ ही अनेक मिलिशियाओं या नस्ली संगठनों की भूमिका भी कम होगी जो जनता में फैल गए हैं। ऐसी पार्टियों ने न केवल विदेशी 'वहाबीवाद' व 'सलाफीवाद' का आयात किया है, बल्कि वे यह सुनिश्चित करने में लग गई हैं कि पाकिस्तानी 'अवस्थापना' अशांत क्षेत्रों में आतंक-विरोधी कार्रवाइयां धीमी करे। पाकिस्तान के प्रति निष्ठा तथा नागरिकों की सुरक्षा जैसी बातें करने के साथ ही वे सैनिक कार्रवाइयां न करने की पैरवी भी करते हैं। इस प्रकार वे कुंए और खांई के बीच फंस गए हैं क्योंकि अब सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा न होने के कारण पाकिस्तान सरकार उनकी बात मानने को तैयार नहीं है।

तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी जैसे संगठन भी उनकी सुनने को तैयार नहीं हैं क्योंकि वे ज्यादा आक्रामकता के साथ धार्मिक व चरमपंथी संगठनों का समर्थन प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद ये धार्मिक पार्टियां एकजुट होकर 'आपरेशन अज्मे इस्तिहकाम' के खिलाफ 'प्रतिरोधी आंदोलन' खड़ा करने की तैयारी कर रही हैं, हालांकि उनके साथ ज्यादा साझीदार नहीं हैं। आर्थिक रूप से पाकिस्तान को 'विफल राष्ट्र' के दर्जे से बाहर निकालने वाली शक्तियां धार्मिक पार्टियों के एजेंडों के खिलाफ हैं। इनमें चीन, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्व बैंक, पश्चिमी देश और यहां तक कि अरब के शेख भी शामिल हैं।

खासकर चीन पाकिस्तान को 'विफल राष्ट्र' के खांचे से बाहर निकालना चाहता है क्योंकि उसने वहां भारी निवेश किया है। पाकिस्तान के तथाकथित 'आयरन ब्रदर' चीन ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी में 62 बिलियन डालर से अधिक धनराशि का निवेश किया है। वे इस क्षेत्र को किसी प्रकार भी धार्मिक-अतिवादी बलूच विद्रोहियों के कब्जे में नहीं जाने देना चाहते हैं जो चीनी हितों पर अपने 'पवित्र अधिकारों' के नाम पर हमले कर रहे हैं। बलूच विद्रोहियों या 'राष्ट्रवादियों' का मानना है कि चीन उनकी भूमि के संसाधन लूट रहा है और इसी कारण वे उसका विरोध कर रहे हैं। मध्यपूर्व के देशों का जुड़ाव 'मुस्लिम ब्रदरहुड' तथा मिस्र, जार्डन, कुवैत व सऊदी अरब में उससे जुड़े संगठनों से है। वे भी इस मामले में एकजुट हो गए हैं।

अब काबुल की तालिबान सरकार बाहरी शक्तियों से संबंध सुधार रही है और वह पाकिस्तानी 'खैरात' पर निर्भर नहीं रह गई है। अफगानों ने पाकिस्तान में मदरसों से पढ़े नौजवानों के साथ अपने ऐतिहासिक समीकरण ठीक किए हैं। इन सबसे पाकिस्तान में धार्मिक पार्टियों की प्रासांगिकता घट रही है।

यदि पाकिस्तानी इस अवसर का लाभ उठाना चाहें तो वे आतंकवाद व अतिवाद का मुकाबला कर अपनी ऐतिहासिक गलतियों से मुक्ति पा सकते हैं। लेकिन यह काम आसान नहीं है और 'आपरेशन अज्मे इस्तिहकाम' तथा पाकिस्तानी अवस्थापना द्वारा उसके समर्थन पर नजर रखनी होगी।

# एससीओ सम्मेलन में सामरिक गतिशीलता

“जैसे-जैसे चीन एससीओ के भीतर अपना प्रभाव जमाता जा रहा है, भू-राजनीति का परस्पर प्रभाव तेजी से दिखाई दे रहा है।”




**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)


शंघाई सहयोग संगठन या एससीओ ने इस सप्ताह राष्ट्राध्यक्षों की अपनी 24वीं बैठक आयोजित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जिन्हें द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर भारत को महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है, ने अपने देश में संसदीय जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए इस क्षेत्रीय वार्ता को छोड़ दिया। हालांकि, कई लोग यह भी बताते हैं कि पाकिस्तान और चीन के साथ ठंडे रिश्ते, जिनके दोनों शीर्ष नेतृत्व एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए मौजूद थे, उन कारणों में से एक था जिसके कारण पीएम मोदी ने कजाकिस्तान के अस्ताना की यात्रा करने से परहेज किया। शिखर सम्मेलन के लिए भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया, जहां उन्होंने कई एससीओ मध्य एशियाई सदस्य देशों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं।

यूरेशियन अंतर-सरकारी समूह के रूप में एससीओ की घोषणा जून 2001 में चीन में की गई थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में पूर्ण सदस्य के रूप में एससीओ में शामिल हुए। वर्तमान में, एससीओ में 9 सदस्य देश, 3 पर्यवेक्षक देश और 14 संवाद साझेदार हैं, जो उभरते आर्थिक भूगोल के एक पूरे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो वर्तमान भू-राजनीतिक विकास के रंगमंच पर कब्जा करते हैं। रूस और चीन के साथ चार पड़ोसी मध्य एशियाई देश इसके संस्थापक सदस्य हैं।

हालांकि बाद में ईरान के सदस्य के रूप में शामिल होने के साथ ही कुवैत, कतर, मिस्र, सऊदी अरब, तुर्की, बहरीन, म्यांमार और मालदीव संवाद साझेदार के रूप में शामिल हो गए, जिससे यह देखा जा सकता है कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने के लिए स्ष्टह्र एक महत्वपूर्ण मंच क्यों है। रूस यूक्रेन के साथ लंबे समय से युद्ध में उलझा हुआ है, जबकि मध्य पूर्व और



पश्चिम एशिया के अधिकांश देश इजरायल-हमास युद्ध में घनिष्ठ रूप से शामिल हैं। चीन शुरू से ही संवाद पर हावी होने की कोशिश कर रहा है और इसे कई लोग अपनी संप्रभुता को खतरे में डालने वाली विदेश नीति के कूटनीतिक विस्तार के रूप में देख सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, यह एक कमज़ोर रूस को अपने पाले में लाने में कामयाब रहा है और स्ष्टह्र को एक वैकल्पिक बहुपक्षीय संवाद मंच के रूप में पेश कर रहा है जो विश्व मामलों पर अमेरिकी नियंत्रण को चुनौती दे रहा है। अस्ताना स्ष्टह्र शिखर सम्मेलन की तैयारी में, चीनी सरकारी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने शिखर सम्मेलन के गुणों की प्रशंसा करते हुए कुछ रिपोर्टें छापीं।

चीन के रेनमिन विश्वविद्यालय में वित्तीय अध्ययन के लिए चोंगयांग संस्थान के वरिष्ठ शोधकर्ता झोउ रोंग ने लिखा, यह पश्चिमी दुनिया को संदेश देता है कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं से कई अलग-अलग आवाज़ें हैं जिन्हें सुनने और प्रतिनिधित्व करने की आवश्यकता है, और वैश्विक सहयोग की मुख्यधारा की प्रवृत्ति उनके अवरोध से उलट नहीं जाएगी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कजाकिस्तान और ताजिकिस्तान की दो राजकीय यात्राओं के साथ एससीओ शिखर सम्मेलन को भी जोड़ा, जिससे मध्य एशियाई राज्यों में इसके पदचिह्नों का विस्तार हुआ। राज्य मीडिया ने वैश्विक दर्शकों को याद दिलाया कि कजाकिस्तान, वह जगह है जहां 2013 में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल प्रस्तावित की गई थी। जिसने पिछले दशक में चीन को भूमि से घिरे मध्य एशिया में रणनीतिक बुनियादी ढांचे के पदचिह्न सुरक्षित करने में कामयाब किया।

कुछ विश्लेषकों के हवाले से ग्लोबल टाइम्स ने रिपोर्ट किया मध्य एशिया, ब्क्रढ्ढ के कार्यान्वयन में प्रमुख क्षेत्रों में से एक के रूप में, इस बात का ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे चीन द्वारा प्रस्तावित वैश्विक सार्वजनिक अच्छाई भूमि से घिरे क्षेत्र को भूमि से जुड़े क्षेत्र में बदल रही है, इसे यूरेशियन महाद्वीप को जोड़ने वाले पुल में बदल रही है। पिछले एक दशक में पीएम मोदी का फोकस मध्य और पश्चिम एशिया रहा है। भले ही पीएम मोदी ने अस्ताना शिखर सम्मेलन से परहेज किया हो, लेकिन उम्मीद है कि वे राष्ट्रपति पुतिन के साथ 'यूक्रेन के बाद' द्विपक्षीय बैठक के लिए रूस की यात्रा करेंगे, उसके बाद ऑस्ट्रिया में रुकेंगे, जो लगभग चार दशकों में पहली बार होगा। राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी, जो दोनों चुनाव के बाद सत्ता में लौटे हैं, के साथ बैठक पर बारीकी से नजर रखी जाएगी, क्योंकि यह यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस के अलग-थलग पड़ने के बाद पहली आमने-सामने की बैठकों में से एक होगी।

यह पहली ऐसी बैठक भी होगी, जिसमें गाजा पर चल रहे इजरायल के हमले और संघर्ष से ग्रस्त, कोविड के बाद की दुनिया में विकसित हो रही भू-राजनीतिक स्थिति सहित क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। क्षेत्रीय मंच के नजरिए से, भारत चीन और रूस भी ब्रिक्स में निकटता से बातचीत करते हैं। अगले कुछ हफ्तों में होने वाली बातचीत पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

## आप की बात

### सोरेन की रणनीति

**हेमंत सोरेन** ने जेल से जमानत पर रिहा होते ही आनन फानन में फिर से मुख्यमंत्री पद संभाल लिया है। उधर केजरीवाल जेल में बंद होने के बाबजूद मुख्यमंत्री बने हुए हैं। जो कि एक हास्यास्पद स्थिति है। सिर्फ कुर्सी मोह के कारण केजरीवाल ने सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए लोलुपता की पराकाष्ठा कर दी है। हालांकि, हेमंत सोरेन का जल्द से जल्द मुख्यमंत्री बनना यह दर्शाता है कि कर्सी से दूर रहने की विरह वेदना असह्य होती है। भले ही ईडी सुप्रीमकोर्ट मैं उनकी जमानत के खिलाफ अर्जी लगा रही है, मगर लगता है कि केजरीवाल की तर्ज पर हेमंत सोरेन भी अब फिर से जेल जाने पर भी मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ेंगे। वर्तमान समय में हर वक्त हर उच्च पद पर बैठे व्यक्ति की टांग खींचने के लिए उनके ही अपने लोग तैयार बैठे रहते हैं। बिहार के जीतनराम मांझी इसके उदाहरण हैं, जब नीतीश के कहने पर उन्होंने उनके द्वारा दिया मुख्यमंत्री पद छोड़ने से इनकार कर दिया था। अरविंद केजरीवाल को यह विश्वास नहीं है कि यदि वे अपने स्थान पर किसी को मुख्यमंत्री बना दें तो वह फिर उनके लिए कुर्सी खाली कर देगा। शायद हेमंत सोरेन को भी यही डर सता रहा होगा और इसी कारण उन्होंने मौका मिलते ही फिर मुख्यमंत्री बनने की रणनीति अपनाना ज्यादा पसंद किया।

-**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### सुधा मूर्ति का सुझाव

**सांसद सुधा मूर्ति** ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के पश्चात् धन्यवाद प्रस्ताव पर कहा कि सरकार जब कोविड के समय उससे बचाव के लिए लोगों को टीके लगाने का अभियान विशाल स्तर पर चला सकती है तो महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए भी बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जाना चाहिए। महिलाओं को कैंसर से बचाना जरूरी है ताकि परिवार की खुशी बरक़रार रहे। पति को तो दूसरी पत्नी मिल सकती है किन्तु बच्चों को दूसरी माँ मिलना मुश्किल है। उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया जिसकी सोशल मीडिया पर तहे दिल से तारीफ़ हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए उसमें सुश्री सुधा मूर्ति के सुझाव का उल्लेख किया। इसका सुश्री मूर्ति ने खड़े होकर व हाथ जोड़ कर स्वागत किया। सुधा मूर्ति का यह सुझाव जन-समस्याओं के प्रति एक जागरूक महिला का दृष्टिकोण प्रदर्शित करने के साथ ही अनेक सांसदों को आईना दिखाने का काम भी करता है। यदि सभी सांसद राजनीतिक व चुनावी रणनीति के चलते आरोपों-प्रत्यारोपों के बजाय रचनात्मक भूमिका निभायें तो उनका सम्मान बढ़ेगा तथा भारत को विकसित देश बनाने में सहायता मिलेगी।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### भगदड़ से सबक

**भगदड़** से देश में कई बार तमाम लोगो की जानें चली गई। हाल ही में हाथरस में एक बाबा के सत्संग में मची भगदड़ के कारण 124 लोगों की जान चली गई। भगदड़ की इस तथा इसके पहले हुई घटनाओं से समुचित सबक लेकर मानक प्रक्रिया या प्रोटोकाल विकसित करने की जरूरत है। समय की मांग है कि इस तरह के आयोजनों के लिये सरकार उपयुक्त रणनीति बनाये। इस तरह के आयोजन के लिये आयोजकों को प्रशासन से मिल कर व्यवस्था करनी चाहिये ताकि लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो तथा किसी संकट के समय उनको सुरक्षित रूप से बाहर निकाला जा सके। यह भी तत्काल सुनिश्चित करना जरूरी है कि यदि बंद स्थल या खुले मैदान में प्रशासन द्वारा स्वीकृत संख्या से अधिक लोग आएं तो उस आयोजन को फौरन स्थानीय स्तर पर रद्द किया जाना चाहिए। यह बात खासकर धार्मिक आयोजनों पर लागू होती है क्योंकि कई बार स्थानीय प्रशासन इनके खिलाफ सक्रिय कार्रवाई नहीं कर पाता है। उम्मीद है कि हाथरस जांच के लिए गठित पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाला आयोग इस संबंध में समुचित सुझाव देगा। इन सुझावों के आधार पर मानक प्रक्रिया तैयार कर उसका कठोर क्रियान्वयन सुनिश्चित होना चाहिए।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### नए आपराधिक कानून

**नए आपराधिक कानून** कई नई तकनीकों और एआई या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आ जाने के बाद बहुत ही आवश्यक थे। ऑनलाइन सुनवाई, बयान लेने व सभी अदालती कार्यवाहियों में उत्कृष्टतम तकनीक को मान्यता देने से तीव्र गति से सटीक जांच हो पाएगी। इसके कारण होने वाले निष्पक्ष और सूक्ष्म-विश्लेषण से न्यायाधीशों को फैसला लेने में बड़ी सुविधा होगी। नई तकनीकों के प्रयोग तथा फारेंसिक विशेषज्ञता के अधिकाधिक उपयोग से विभिन्न एजेंसियां भी अधिक सटीकता और शीघ्रता से अपराधियों के खिलाफ साक्ष्य खोज पाएगी। लेकिन इसके लिए पुलिस, प्रशासन, फारेंसिक और न्यायालय प्रक्रियाओं की तत्परता भी बढ़ानी होगी। पुलिसजनों की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने तथा उनको लैपटाप व अन्य आवश्यक उपकरणों से लैस करने के साथ ही तीव्र आवागमन की व्यवस्था भी करनी होगी। फॉरेंसिक लैबों की कमी को दूर करने के साथ लैबों में आधुनिक उपकरणों की मौजूदगी और विशेषज्ञों का प्रशिक्षण भी जरूरी होगा। नए कानूनों के त्वरित क्रियान्वयन से तस्वीर बदलेगी।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# सीएम योगी ने की संतकबीरनगर के विकास कार्यों की समीक्षा

● पुलिस प्रशासन को श्रावण मास व मोहर्रम पर सक्रिय रहने का दिया निर्देश

● विधानसभाओ में विकास कार्यों की जनप्रतिनिधियों से ली जानकारी



**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद बस्ती में आयुक्त सभागार बस्ती से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलीय समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मंडलीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों, विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं में प्रगति एवं गुणवत्ता सहित जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के सुचारू संचालन की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता सहित समस्त विभागीय अधिकारीगण कलेक्ट्रेट के एन0आई0सी कक्ष में उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जनपद में वृक्षारोपण के बिन्दु पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा विगत वर्ष में रोपित किये गये पौधो की आकड़ेवार जानकारी तथा इस वर्ष कराये जाने वाले वृक्षारोपण के संबंध में की गयी समुचित तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया।

समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधिगणों द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यो के कुछ बिन्दुओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अनुरोध किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व के लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाये। जनसुनवाई में जिलाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी सुनवाई कर राजस्व के वादों में तत्काल टीम बनाकर प्राथमिकता के आधार पर समस्या का निस्तारण कराया जाये। इसी प्रकार सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस में प्रस्तुत वादों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित कराया जाये।

मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि जनपद में भू माफिया, खनन माफिया, पेशेवर माफिया एवं अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाये। किसी गरीब व्यक्ति को परेशान न किया जाये। जनपद में ला एण्ड आर्डर की समस्या नही उत्पन्न होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में जरूरतमंद एवं गरीबों को न्याय मिलना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रामानुज कन्नौजिया, मुख्य चिकित्साधिक्षक डा0 भवनाथ पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, डीसी मनरेगा डा0 प्रभात द्विवेदी, पीडी संजय कुमार नायक, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दूबे, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 यशपाल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक डा0 राकेश सिंह, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, अधि0अभि0 पीडब्लूडी आर0के0 पाण्डेय, अधि0अभि0 जल निगम संजय कुमार, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# वृक्ष मानव जीवन का आधारः मयंकेश्वर

**संवाददाता।** तिलोई, अमेठी



**वृक्ष** जीवन का आधार हैं इनके विना जीवन संभव नहीं है यह उद्गार प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने तिलोई क्षेत्र के कुटुमरा गांव में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में वृक्षारोपण करने के दौरान व्यक्त किए। हरिशंकरी का वृक्षारोपण करते हुए उन्होंने कहा कि हरिशंकरी वृक्षारोपण में तीन पेड़ बरगद पीपल पाकड़ एक साथ रोपित किए जाते हैं और पर्यावरण संरक्षण में इन तीनों पेड़ों का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए इन तीनों पेड़ों को त्रिदेव बृम्हा विष्णु महेश का प्रतीक माना जाता है।इन तीनों पेड़ों की खास बात यह है कि इन तीनों पेड़ों में वर्ष भर पक्षियों को किसी न किसी वृक्ष में आहार अवश्य उपलब्ध रहता है।

राज्य मंत्री ने कहा कि एक पेड़ मा के नाम वृक्षारोपण की मुहिम सरकार द्वारा चलाई जा रही है।इसके अलावा हर खेत में मेड़ हो हर मेड़ पर पेड़ हो की भी मुहिम चलाई जा रही है इन कार्यक्रमों को जन आंदोलन का रूप देना होगा तभी यह कार्यक्रम सफल होंगे।मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि बचपन से ही हम यह सुनते आए हैं कि पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं लेकिन यह बातें बस सुनी-सुनाई ही रह जाती हैं। इस पर बहुत कम लोग अमल करते हैं।

यह पेड़-पौधे प्रकृति का अनमोल उपहार हैं जो धरती पर रहने वाले हर जीवों का मूल आधार हैं। इनके बिना हर किसी का जीवन असंभव है। यह चारों ओर अपनी हरियाली बढ़ाकर खूबसूरती तो फैलाते ही हैं, साथ ही यह हमें फल, फूल, लकड़ी, बांस, ईंधन आदि बहुत सी चीजें भी उपहार में ही देते हैं।

इंसानी जीव के साथ-साथ पशु-पक्षियों का जीवन भी इन्हीं पर निर्भर करता है। जंगली जानवर सर्दी, गर्मी, बरसात से बचने के लिए पेड़ों का ही सहारा लेते है। इतना ही नहीं, बहुत से लोग अपना जीवन व्यतीत करने के लिए आर्थिक रूप से भी इन पेड़-पौधों पर निर्भर होते हैं। कागज, माचिस, फर्नीचर उद्योग से लाखों लोगों की जीविका भी चलती है। हम पूरी तरह से इन पेड़-पौधों पर आश्रित होने के बावजूद इसकी अहमियत नहीं समझ पा रहे हैं।

# हाथरस घटना में मृतकों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि




**अमेठी।** हाथरस हादसे में दिवंगत श्रद्धालुओं के आत्मा की शांति के लिए अमेठी में शुक्रवार को सांसद किशोरी लाल शर्मा जी के निर्देश व सानिध्य में मौन श्रद्धांजलि रखी गई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के साथ अमेठी जिला मुख्यालय के गौरीगंज बस स्टॉप पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर हाथरस में दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए मौन श्रद्धांजलि रखी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मौन खत्म होने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि हाथरस में जो दुखद घटना घटी उसका जिम्मेदार कौन है। डबल इंजन के सरकार की गैर जिम्मेदाराना हरकत की वजह से कभी पुल गिरने से ट्रेन एक्सीडेंट भगदड़ में सैकड़ो मौते होती है। सरकार अनर्गल राग अलापने के बजाय अपने दायित्व को समझें और कार्यवाही करें। ऐसे हादसों को रोकने की योजना तैयार करें मगर जवाब देही तय होती नहीं है और ऐसे हादसे होते रहते हैं। यह दुखद बात है धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी हाथरस घटना में मृतक और घायल श्रद्धालुओं के परिवार के परिजनों कद्ध यथोचित मदद करें।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज में हुआ वन महोत्सव का आयोजन

**संवाददाता।** लालगंज, रायबरेली




**कस्बे** के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज रायबरेली में वन विभाग व विद्यालय परिवार के संयुक्त संयोजन से आयोजित वन महोत्सव एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधों को रोपित कर कार्यक्रम का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा व वंदन किया, तत्पश्चात् विद्यालय की छात्राओं ने आए हुए अतिथियों के स्वागत में स्वागतगीत विद्यालय की छात्रा निहारिका, यशस्वी, रोली, प्रीती व छात्र अमर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों में उत्साह देखने योग्य था। जिसने सभी को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के बच्चे हरे भरे पेड़ की वेशभूषा में चहकते नजर आए ऐसा प्रतीक हो रहा था मानो विद्यालय नही कोई बगीचा हो। कार्यक्रम की अगली कड़ी में बच्चों द्वारा विशाल मानव वृक्ष रूपी मानव श्रृंखला का सजीव रूप प्रदर्शित किया गया। जो कि यह दर्शाता है कि पेड़ का होना हमारे जीवन के लिए कितना आवश्यक है। उक्त कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर विद्यालय में बच्चों द्वारा पोस्टर, स्लोगन, फोटो के माध्यम से वृक्षों की सुरक्षा एवम् सेवा का संदेश दिया गया। विद्यालय मे बच्चो के मध्य वन महोत्सव के उपलक्ष्य पर पोस्टर मेकिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 12 के छात्र रेवंत , द्वितीय स्थान कक्षा 9 की छात्रा दीपाली, तृतीय स्थान कक्षा 9 के छात्र शशांक व सांत्वना पुरस्कार से छात्र मयंक भूषण , वंश शुक्ला व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 8 की छात्रा नव्या, द्वितीय स्थान कक्षा 9 की छात्रा श्रेया, तृतीय स्थान कक्षा 9 की छात्रा अनन्या व सांत्वना पुरस्कार पूर्वा व प्रिंस राजपूत को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

## ककरदरी में हो रहे कटान का डीएम ने किया निरीक्षण



**श्रावस्ती, जमुनहा।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार को तहसील भिनगा के सरयू नहर खण्ड-6 श्रावस्ती के अंतर्गत राप्ती बैराज के अपस्ट्रीम के बाये बैंक पर स्थित ककरदरी ग्रामसभा व भारत-नेपाल सीमा में कटान क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को कटान रोधी कार्य तेजी से पूरा कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया कि रिवर एज की कटान रोकने हेतु सीमेंट की खाली बोरीयों में मिट्टी व बालू भरकर नायलॉन क्रेट में डालकर बल्ली पाइलिंग बम्बू ब्रेसिंग के प्लेटफार्म में डंप करके कटाव कार्य को नियंत्रित किया जाएगा, कटाव को स्थायी समाधान के लिए आगामी राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद समिति में कटाव निरोधक कार्य की परियोजना प्रस्तुत की जाएगी।

# वर्तमान में बढ़ा है मिट्टी से बने बर्तनों का उपयोगः मंडलायुक्त



**गोंडा।** शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में उप्र0 माटीकला बोर्ड की ओर मंडल के सभी जनपदों से चयनित 120 माटीकला के कामगारोंध् शिल्पकारों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक तथा टूल किट्स योजना के अंतर्गत जनपद गोण्डा के 10 उद्यमियों को पापकार्प मशीनें व प्रमाणपत्र मणडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील, अध्यक्ष जिला पंचायत घनश्याम मिश्रा व मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली प्रदान की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उ0प्र0 माटीकला बोर्ड की ओर से परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अनिल कुमार सिंह एवं मण्डल के अन्य जिला ग्रामोद्योग अधिकारियों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में जनपद गोण्डा के 30 कुम्हार लाभार्थी, बहराईच के 30 लाभार्थी एवं श्रावस्ती के 30 लाभार्थी , बलरामपुर के 30 लाभार्थी को विद्युत चलित चाक एवं गोण्डा के 10 उद्यमी लाभार्थी को पापकार्न मशीन दी गयी।

कार्यक्रम में एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया जो आये हुए सभी उद्यमियों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा सराहना की गयी।

# संसद में राहुल के बयान पर बैठक में संतों ने एकजुट हो भरी हुंकार

**संवाददाता।** अयोध्या



**लोकतंत्र** के मंदिर भारत की संसद में राहुल गांधी के बयान कि हिंदू हिंसक होता है पर अयोध्या के संतों ने रूस व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हिंदू हिंसक हो जाएगा तो राहुल गांधी को देश छोड़कर जाना पड़ेगा। संत समाज एकजुट होकर के ऐलान किया कि सनातन की रक्षा के लिए कांग्रेस का विरोध करना होगा क्योंकि लोकतंत्र के मंदिर में उन्होंने हिंदुओं का विरोध किया है इस अवसर पर बड़ाभक्तमाल के महंत स्वामी अवधेश कुमार दास ने कहा कि सारे अयोध्यावासियों के अंदर घोर वेदना थी। पूरा हिंदुस्तान इनका विरोध करेगा। अयोध्या के राजा सिर्फ राजा राम हैं। उनके अलावा और कोई दूसरा राजा नही है। श्रीरामकथाकुंज के महंत डॉ. रामानंद दास ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा दिया गया वक्तव्य यह राहुल की ओछी मानसिकता का प्रतीक है। उनमें अभी भी बालक की बुद्धि है। वह मूर्ख हैं वह विपक्ष के नेता होने के लायक नही है। विपक्ष में ऐसा कोई नही जो मोदी का सामना कर सके। सारा संत समाज इनसे दुखी है।

बावन मंदिर के महंत वैदेहीवल्लभ शरण ने कहा कि हिंदू सदैव अंहिसा वाला है वह अहिंसा की पाठ पढ़ता है। हम सबको एक होने की जरूरत है। हिंदू समाज राहुल गांधी को कभी माफ नही करेगा। वह भारत देश में रहने के लायक नही है। जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राघवाचार्य ने कहा कि प्रतिपक्ष नेता राहुल ने हिंदू समाज का अपमान किया है। संत समाज इसकी घोर निंदा करता है। यह हिंदू समाज का अपमान है। जो हिंदू हित की बात करेगा वही देश पर राज करेगा। हम निंदा प्रस्ताव पास करते हैं।

रंगमहल पीठाधीश्वर महंत रामशरण दास ने कहा कि राहुल गांधी ने संतों के साथ-साथ इस देश के सबके साथ अपमान किया है। हिंसक कहना हमारे राम, संस्कृति व देश का अपमान का है। हम सबके प्राणों पर आघात किया है। इनके मंदिरों में प्रवेश पर रोक लगा देना चाहिए।

## मिल्कीपुर उपचुनाव की भाजपा ने शुरू की तैयारी

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने मिल्कीपुर के सभी मंडलों शक्ति केन्द्र के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कुमारगंज व अमानीगंज मंडल की बैठक चंद्रबली सिंह इंटर कालेज, हैरिंग्टनगंज व कुचेरा मंडल की बैठक तनवी मैरिज लॉन में सम्पन्न हुई। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि मंडल तथा शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की समीक्षा कर लें। बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों में यदि कोई कार्यकर्ता किन्ही कारणों निष्क्रिय है तो उसके स्थान पर किसी नए कार्यकर्ता को दायित्व दें। बूथ विजय को लेकर स्वंय अपनी कार्ययोजना बनाएं। अगली बैठक में पूर्ण कार्ययोजना के साथ उपस्थित हों। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि जिस प्रकार चुनाव में विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाया गया। उसे दूर करने के लिए हर घर-हर मतदाता से सम्पर्क कर सत्य से अवगत कराना है।

# मैनूपुर पम्प कैनाल आधुनिकीकरण योजना में लगा भ्रष्टाचार का तड़का

● पहली बरसात में ही कराये गये कार्य धसकने लगे

● किसान बोले ठेकेदार ने मानकों को ठेगा दिखाकर कराया काम

**संवाददाता।** कालपी, जालौन



**मैनूपुर** पम्प कैनाल की आधुनिकीकरण की कवायद लगता है कि बेकार गई। एक करोड़ से अधिक लागत से कराये कार्य पहली बरसात के शुरूआत के साथ ही धसकने लगे हैं। विदित हो कि यमुना बीहड़ पट्टी में सिंचाई के लिए सन 1968 में मैनूपुर पम्प कैनाल की स्थापना हुई थी जिससे कई किलोमीटर तक सिंचाई होती थी और किसानों की दशा सुधरने लगी थी लेकिन समय के साथ इस पम्प कैनाल की क्षमता कम होती गई और यह कुछ वर्ष पहले तक लगभग बन्द जैसी हालत में पहुंच गयी थी और कैनाल का पानी महज 1 किलोमीटर तक ही सीमित हो गया था लेकिन गत वर्ष शासन ने क्षेत्र की जनता की मांग पर इस कैनाल की क्षमता बृद्धि के लिए इसकी आधुनिकीकरण की कार्ययोजना तैयार की थी और लगभग 1 करोड 83 लाख 26 हजार रूपये मंजूर कर विभाग को कार्य कराए जाने के निर्देश दिए थे जिसमें यमुना से आगे कैनाल को पक्का कराने के अलावा धर्मपुर माईनर में भी काम कराना था साथ ही यांत्रिकी एवं विद्यत यंत्रों का भी कार्य कराया जाना था जिसके कार्य पूर्ण होने की समय सीमा 31 मार्च निर्धारित की गई थी। पम्प कैनाल का कार्य तो निर्धारित समय सीमा के आसपास ही पूरा हो गया था लेकिन कार्य में मानकों की अनदेखी के चलते यमुना की चढ़ाई पर बनाई गई पत्थरो की दीवाल धसक गई है जिससे यमुना से ऊपर के लिए आई पाईप लाईन का सपोर्ट खत्म हो गया है। ग्राम निवासी अनुराग, होरीलाल, कन्धीलाल, कल्लू आदि के अनुसार निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार ने मानकों को दरकिनार कर कार्य कराया है जिसकी बानगी पहली बरसात में ही दिखने लगी है। और अभी यमुना का जलस्तर बढ़ेगा तब की स्थित का यह निर्माण बर्दाश्त नहीं कर पाएगा। इस संबंध में संबंधित विभाग के अभियंता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पर उनकी नजर है अगर गड़बड़ी हुई है तो ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## जन समस्याओं पर फिर दहाड़ेगा जन संघर्ष मोर्चा

**उरई, जालौन।** जनपद में बढ़ते भ्रष्टाचार शोषण, उत्पीड़न के खिलाफ अनेकों जनसमस्याओं को लेकर जन संघर्ष मोर्चा की बैठक 7 जुलाई को होगी। उक्त जानकारी जन संघर्ष मोर्चा जनपद जालौन के जिला संयोजक गिरेन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई को 12 बजे उरई स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में जन संघर्ष मोर्चा जनपद जालौन की आगामी बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें जिला जालौन में हो रहे आम लोगों के शोषण, बढ़ते भ्रष्टाचार उत्पीड़न की समस्याओं को लेकर रणनीति बनाकर आगामी समय में बड़ा आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। संगठन विस्तार ग्राम स्तर पर मोर्चा द्वारा पदाधिकारी नियुक्ति किए जाएंगे जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र में पहले ब्लॉक स्तर के भ्रष्टाचार पर लोगों के शोषण के खिलाफ संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की जन संघर्ष मोर्चा में सदस्य बनना चाहते हैं वह इस बैठक में शामिल होकर सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं।

# कोढ़ा किर्राही में हुए भ्रष्टाचार की ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत



**उरई, जालौन।** विकास खण्ड महेवा की ग्राम पंचायत कोंढ़ा किर्राही से आये दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों ने रास्ते में कीचड़ व जल भराव,गौशाला की अव्यवस्थाओं, मनरेगा का कार्य मशीनों द्वारा कराये जाने, प्रधान द्वारा खड़ंजा उखाड़कर ईंटे ले जाने के संबंध में एक शिकायती प्रार्थनापत्र जिलाधिकारी जालौन को दिया। पत्रकारों से बातचीत में ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते में घुटनों तक कीचड़ भरा है।

गौशाला में गौवंश के लिए चारा व पानी नहीं है, गौवंश को खुला छोड़ दिया जाता है जिससे किसानों की फसलें आचौपट हो रहीं है, प्रधान द्वारा ऐसे लोगों को मनरेगा मजदूर दिखाया गया है जो कभी काम नहीं करते उनकी जगह ट्रैक्टर और जेसीबी से काम कराये जाते है, पूर्व में बिछाये कई खड़ंजे उखाड़कर प्राधान ले गये है, कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार नीचे से ऊपर तक फैला है इसीलिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यदि अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो अब आखिरी विकल्प मुख्यमंत्री के जनता दरबार में दस्तक देकर अपनी फरियाद सुनायेंगे।

# खाद्यान्न हेराफेरी में संलिप्त पूर्ति निरीक्षक को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**फर्जी** आधार कार्ड लगाकर सरकारी खाद्यान्न विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न में हेराफेरी किए जाने का मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर वर्ष 2018 में नगर के 11 कोटेदारों सहित 3 संविदा कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच द्वारा की जा रही थी। जांच में घोटाले के तार तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक कमलसिंह कुशवाहा से भी जुड़े हुए पाए गए। जिसके बाद क्राइम ब्रांच व कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

वर्ष 2018 में शासन स्तर से गठित एक टीम की जांच में खुलासा हुआ नगर के कुछ सरकारी खाद्यान्न विक्रेताओं द्वारा पूर्ति कार्यालय में तैनात संविदा कर्मचारियों की मिली भगत से ई पॉस मशीनों के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड लगाकर सरकारी खाद्यान्न एवं केरोसीन के वितरण में घपलेबाजी की जा रही थी। सरकारी खाद्यान्न एवं केरोसीन के वितरण में की जा रही गड़बड़ी के मामले का संज्ञान लेते हुए तत्कालीन डीएम डॉ. मन्नान अख्तर ने खाद्यान्न एवं केरोसीन के वितरण में गड़बड़ी करने वाले कोटेदारों एवं तत्समय पूर्ति कार्यालय में तैनात संविदा कर्मचारियों के खिलाफ तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार को कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराने के निर्देश दिए थे।

डीएम के निर्देश पर तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक ने नगर के 11 कोटेदारों समेत तत्समय कार्यालय में तैनात तीन संविदा कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले की जांच क्राइम ब्रांच की टीम कर रही थी।

क्राइम ब्रांच की जांच में खुलासा हुआ कि घोटालों को अंजाम देने के लिए तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक कमल सिंह कुशवाहा (वर्तमान में पूर्ति कार्यालय माधौगढ़ में तैनात) की आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल किया गया था। जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने उन्हें भी मामले में आरोपी बनाया गया। आरोपी बनाए जाने के बाद क्राइम ब्रांच प्रभारी निगव्रेंद सिंह को सूचना मिली कि मामले में आरोपी कमल सिंह कुशवाहा औरैया रोड पर स्थित एक चाय की दुकान पर मौजूद हैं।

सूचना मिलते ही क्राइंच ब्रांच की टीम व कोतवाली पुलिस की टीम ने आरोपी पूर्ति निरीक्षक कमल सिंह कुशवाहा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। इस बाबत क्राइम ब्रांच प्रभारी ने बताया कि खाद्यान्न घोटाले में तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक कमल सिंह कुशवाहा की भी संलिप्ता पाई गई थी। जिसके बाद उन्हें भी घोटाले में आरोपी बनाया गया था। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## एसडीएम ने मंडी शुल्क की आय बढ़ाने के दिये निर्देश

**कालपी, जालौन।** शुक्रवार को उप जिलाधिकारी, प्रशासक सुशील कुमार सिंह तथा मंडी सचिव आनंद कुमार गुप्ता की मौजूदगी में मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी के मंडी शुल्क की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी में उप जिलाधिकारी सुशील कुमार का प्रशासक का पद भी है। सुशील कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत तहसील कार्यालय में मंडी सचिव आनंद गुप्ता के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मंडी के राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए माह अप्रैल से जून तक मंडी शुल्क वसूली की समीक्षा की। उपजिलाधिकारी ने पिछले वर्षो के दौरान इस वर्ष वसूली से तुलना की। उन्होंने मंडी सचिव तथा जिम्मेदार कर्मचारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप मंडी शुल्क की वसूली की जाए। वसूली में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हरदोई राजा में जीएसटी चोरी पर दो गोदामों पर छापामार कार्रवाई



**जालौन, उरई।** हरदोई राजा गांव में डिप्टी कमिश्नर जीएसटी के नेतृत्व में टीम ने तिरूपति इंटरप्राइजेज व तिरूपति होम अप्लाइंसेस के गोदाम पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने कागजातों को कब्जे में लिया है। टीम जीएसटी चोरी के संबंध में कागजों को खंगाल रही है। डिप्टी कमिश्नर जीएसटी पुनीत अग्निहोत्री को सूचना मिली कि ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हरदोई राजा स्थित तिरूपति इंटरप्राइजेज व तिरूपति होम अप्लाइंसेस के गोदाम में लोहे के सामान और गैस चूल्हे आदि की थोक व खुदरा बिक्री की जाती है। यहां से माल बेचने पर बड़े पैमाने पर जीएसटी की चोरी की जा रही है। सूचना पर झांसी से आई डिप्टी जीएसटी कमिश्नर व असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी विपिन कुमार की टीम ने हरदोई राजा स्थित गोदाम पर छापेमारी की कार्रवाई की है। टीम को गोदाम पर काफी मात्रा में लोहे के सरिया और अन्य सामान समेत गैस चूल्हे बरामद हुए हैं।

टीम ने सामान की खरीद बिक्री से संबंधित कागजात देखे और उन्हें अपने कब्जे में लिया है। टीम गोदाम पर की जा रही जीएसटी चोरी से संबंधित कागजातों को खंगाल रही है। डिप्टी कमिश्नर जीएसटी ने बताया कि कागजातों की जांच की जा रही है। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने की कृषक उत्पादक संगठनों के साथ बैठक, दिए निर्देश

**● एफपीओ परंपरागत कृषि के साथ कृषि विविधीकरण पर दे विशेष बल**

**कानपुर देहात।** भारत सरकार की 10,000, एफपीओ एवं आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अर्न्तगत गठित एफपीओ तथा स्वनिर्मित एफपीओ को इनपुट लाइसेंस (खाद, बीज एवं कीटनाशी) जीएसटी लाइसेंस, मण्डी लाइसेंस, एफएसएसआई लाईसेंस, मार्केट लिंकेज हेतु ऑन लाइन मार्केटिंग प्लेटफार्म जैसे ओएनडीसी, ई.नाम से जोडने हेतु आगामी 03 माह के लिए वृहद संतृप्तीकरण अभियान चलाये जाने हेतु जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों एवं एफपीओ के अध्यक्ष एवं सीवीओ की संयुक्त बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार माती में किया गया।

उप कृषि निदेशक, कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में जनपद में कुल 50 कृषक उत्पादक संगठन संचालित हैए जो कृषि निवेश, खाद्य एवं बीज प्रसंस्करण, जैविक एवं सुंगधीय खेती, बीज उत्पादन, सब्जी उत्पादन जैविक खाद उत्पादन, जैविक खेती, मुगी पालन, प्राकृतिक खेतीएवं औषधीय पौध उत्पादन आदि क्षेत्रों में कार्य कर रहें है। कृषि विभाग द्वारा 32 एफपीओ, भूमि सुधार निगम द्वारा 06 एफपीओ, नाबाड द्वारा 04 एफपीओ, जैव ऊर्जा विभाग द्वारा 02 एफपीओ, इफको द्वारा 01 एफपीओ, एसएसएसी द्वारा 05 एफपीओं गठित कराये गये है। वर्तमान समय में 05 एफपीओ अक्रियाशील एवं 04 एफपीओ निष्क्रिय है। डीएम द्वारा समस्त कृषक उत्पादक संगठनों को पारम्परिक कृषि के साथ.साथ कृषि विविधीकरण अपना कर स्वय एवं संगठन से जुडें समस्त कृषकों की आय व जीवन स्तर में सुधार करने की अपेक्षा की गयी।



जिला प्रबंधक नाबार्ड द्वारा अवगत कराया गया कि किसानों की आय में वृद्धि हेतु भारत सरकार द्वारा एफपीओ एवं आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अर्न्तगत गठित एफपीओ तथा स्वनिर्मित एफपीओ को इनपुट लाइसेंस (खाद, बीज एवं कीटनाशी), जीएसटी लाइसेंस, मण्डी लाइसेंस, एफएसएसआई, लाईसेंस, मार्केट लिंकेज हेतु ऑन लाइन मार्केटिंग प्लेटफार्म जैसे ओएनडीसी, ई.नाम से जोडने हेतु आगामी 03 माह के लिए वृहद संतृप्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। सीडीओ लक्ष्मी एन. द्वारा कृषक उत्पादक संगठनों को नवीनतम कृषि तकनीकी एवं कुशल प्रबन्धन द्वारा खाद्य प्रसंस्करण पर ध्यान देने की अपेक्षा की गयी, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि किसान भाई केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है।

डीएम द्वारा समस्त कृषक उत्पदक संगठनों को अवगत कराया गया कि वह आवश्यकतानुसार संबंधित विभाग में आवेदन कर लाईसेंस प्राप्त कर सकते हैं। समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा प्रस्तुत लाईसेंस आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करना सुनिर्श्चित करें। नमो ड्रोन दीदी के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक चर्चा कर विभिन्न दिशा निर्देश बैठक में डीएम द्वारा दिए गए। डीएम ने कहा कि शासन द्वारा ड्रोन दीदी के संबंध में जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका अनुपालन सभी विभाग समय अंतर्गत करें। ड्रोन दीदी मुख्तरू कृषि व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आपस में समन्वय कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने से संबंधित सरकार की योजना है। बैठक में अवगत कराया गया कि समूह की महिलाओं को 80: सब्सिडी पर ड्रोन सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे, समूह की महिलाओं का प्रशिक्षण कराया जाएगा। ड्रोन के द्वारा दवा छिड़कावए नैनो फर्टिलाइजर का छिड़काव तथा अन्य संबंधित गतिविधियां समूह की महिलाओं द्वारा संचालित की जाएंगी, इससे न केवल महिलाओं की आय बढ़ेगीए बल्कि कृषि से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में अधिक दक्षता आएगी।

# पुलिस द्वारा कस्बा पुखरायां में युवक द्वारा अवैध तमंचा लहराये जाने वाले वायरल वीडियो पर किया गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये कस्बा पुखरायां में युवक द्वारा अवैध तमंचा लहराये जाने का वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया था। उक्त वायरल वीडियो में दिख रहे युवक की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक निर्देशानुसार थाना स्तर पर टीम गठित की गयी। भोगनीपुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से वायरल वीडियो में अवैध तमंचा लहराने वाले अभियुक्त गुड्डू सिंह पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम चौकी थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ दिनांक 04ण्07ण्2024 को चौकी चकचालपुर रोड पर स्थित लईया फैक्ट्री से पहले पुलिया के पास थाना क्षेत्र भोगनीपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मुअसं 209/2024 धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट



पंजीकृत किया गया। अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मैं लोगों के बीच अपनी धाक बनाने के लिये अपने पास ये तमंचा रखता हूँ। मैं रंगबाजी दिखाने के लिये अपना तमंचा साथ लेकर ही चलता हूँ। मेरा एक वीडियो जिसमें मैं तमंचा लिये था वायरल हो गया जिस कारण मुझे पुलिस द्वारा चौकी चकचालपुर रोड पर स्थित लईया फैक्ट्री से पहले पुलिया के पास थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात से पकड़ लिया गया।

# प्लास्टिक फ्री डे पर वितरित किए कपड़े के झोले



पालिका में शपथ दिलाते व कपडे के झोले बांटते ईओ।

**● अधिसाषी अधिकारी ने कर्मियों व नागरिकों को दिलाई शपथ**

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** इंटरनेशनल प्लास्टिक फ्री डे पर नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी ने पालिका कर्मियों व नागरिकों को कपड़े के थैले वितरित करने के उपरांत सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान में व्यापारी सहित नागरिक सहयोग करें। स्थानीय नगर पालिका परिषद में इंटरनेशनल प्लास्टिक फ्री डे के अवसर पर अधिसाषी अधिकारी अनिल पंडित ने पालिका कर्मियों व नागरिकों को शपथ दिलाने एवं कपड़े के झोले वितरित करने के उपरांत कहा कि प्लास्टिक मानव जीवन के लिए विकराल संकट बनकर उभरता जा रहा है जो कि हमारी आने बाली पीढियों के लिये बेहद खतरनाक है। प्रधान लिपिक आरपी सिंह, निर्माण लिपिक जिलेदार सिंह, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा, अशोक शर्मा, राजेश वर्मा, जगदीश सिंह, मोहित गुप्ता, राजन राजपूत, जनार्दन मिश्रा सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# वन महोत्सव पर शासन के निर्देशानुसार हरितिमा संवर्धन हेतु जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री दिशा निर्देश एवं डीएम आलोक सिंहए कानपुर देहात के मार्गदर्शन के क्रम में 05 जुलाई 2024 को वन महोत्सव सप्ताह पंचम दिवस पर जनपद कानपुर देहात के अंतर्गत विभिन्न जन जागरूकता एवं 'एक पेड़ मॉ के नाम' से संबंधित वृक्षारोपण एवं वृक्ष भण्डारा व वृक्ष बारात एवं स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पूरे जनपद में वन विभाग द्वारा किये गये। भोगनीपुर रेन्ज के अन्तर्गत स्वामीदीन, क्षेत्रीय वन अधिकारी, भोगनीपुर व उनके स्टाफ द्वारा नेशनल इण्टर पुखरायॉ में मुख्य अतिथि करूणाशंकर दिवाकर, अध्यक्ष नगर पालिका पुखरायॉ द्वारा महोगनी पौध का रोपण करते हुये स्कूली छात्र.छात्राओं के साथ वृक्ष बारातए वृक्ष भण्डारा एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रसूलाबाद रेन्ज के अन्तर्गत सुरेन्द्र नाथ सिंह, क्षेत्रीय वन



अधिकारी, रसूलाबाद व स्टाफ आरपीएस इंटर कॉलेज, रसूलाबाद के प्रधानाचार्य आदि के साथ स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा वृक्ष बारात निकाली गयी तथा 15 वर्ष से अधिक आयु के स्कूली छात्र.छात्राओं को पौधों का महत्व बताते हुये पौध वितरण किया गया। एके द्विवेदी प्रभागीय वनाधिकारी, नबीपुर स्थित नगर वाटिका में कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, कानपुर देहात वन प्रभाग, कानपुर देहात के समस्त कार्मिकों के साथ 'एक पेड़ मॉ के नाम' से पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दीपाली सिंह, अध्यक्ष नगर पंचायत अकबरपुर, जितेन्द्र सिंह, पति नगर पंचायत अध्यक्ष, अकबरपुर एवं प्रदीप कुमार पांडेय, अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत अकबरपुर व अनूप सिंह, सुधीर तिवारी, ज्ञान सिंहए महेन्द्र पाल आदि लोगो ने उपस्थित होकर वृक्षारोपण करते हुये कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा नगर वाटिका भ्रमण करते हुये इसकी प्रशंसा भी की गयी।

# भारतीय विवि संघ का अध्यक्ष बनाये जाने पर कुलपति विनय पाठका का किया गया स्वागत

**घाटमपुर।** भारतीय विश्वविद्यालय संध का अध्यक्ष बनाये जाने पर कुलपति प्रो. बिनय कुमार पाठक का उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी और कोषाध्यक्ष डा0 ब्रजेश भदौरिया ने पगडी बांध व अंग वस्त्र भेंट कर अभिनन्दन किया, एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी ने सम्मान करते हुए कहा कि जिस तरह कानपुर विवि में आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए आनलाइन माध्यम से छात्र-छात्राओ की अनेक समस्याओं का निराकरण हुआ है और उन्हे कही भटकना नही पडता साथ ही विश्व स्तरीय संस्थाओं के साथ मिल कर इंडस्ट्री की अवश्यकता के अनुसार नये-नये कोर्स भी डिजाइन कर रहा है, अब अर्न्तराष्ट्रीय अवश्यकताओं के अनुसार देय भर के छात्र-छात्राओं को विश्व स्तर की शिक्षा प्राप्त करे और देश के बिकास में सहायक बने।

## क्विक न्यूज

### सात फेरे लिए, मांग में सिन्दूर भरा, दुल्हन को छोड़ दूल्हा बीच सड़क पर हो गया नशे में बेहोश

**फर्रूखाबाद।** जिले में एक ऐसा मामला सामने आया जिसे सुनकर आप हैरान हो जाएंगे। मांग में सिंदूर, सुहाग के जोड़े में लिपटी दुल्हन, पति को लेकर लोहिया अस्पताल पंहुची तो मौके पर मौजूद लोग भौचक्के रह गये। स्थानीय लोगों की नजर दुल्हन के लाल जोड़े पर पड़ी। दुल्हन ने जो बताया उसे सुनकर लोगों को आश्चर्य हो रहा है। शादी के महज कुछ घंटे बाद ही दूल्हा नशे में टल्ली हो गया। जनपद मैनपुरी के भोगांव अलेपुरखेड़ा भोगांव निवासी बृजेश मिश्रा के पुत्र अंकित का विवाह जिला अकबरपुर इकारिया निवासी संगीता के साथ हुई। वह अपने पिता बृजेश के साथ पत्नी संगीता को कार से लेकर रोडबेज बस अड्डे पंहुचे और कार सबार नें बिना निर्धारित रकम के आगे जानें से मना कर दिया। जिससे वह कार से नीचे उतरे। उसी दौरान अंकित लाल जोड़े में सजी अपनी दुल्हन को छोड़कर कही चला गया। कुछ देर बाद वह बेहोश मिला। उसे संगीता नें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। हर किसी की निगाह नई दुल्हन संगीता पर थी। ईएमओ डा. अभिषेक चतुर्वेदी नें बताया कि मरीज अंकित नें एल्कोहल का सेबन किया था। लिहाजा बेहोश हो गया।

### ज़हरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के मेवना गांव में युवक ने घर के अंदर ज़हरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के मेवना गांव निवासी कल्लू के 28 वर्षीय पुत्र पवन कुमार ने घर के अंदर ज़हरीला पदार्थ खा लिया। जिससे कुछ समय पश्चात उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई। तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों को कानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दिया। इलाज दौरानयुवक की मौत हो गई।

### संदिग्ध अवस्था में किशोरी ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के तारा पर मजरे सुदनपुर गांव में संदिग्ध अवस्था में किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। थाना क्षेत्र के तारा पर मजरे सूदनपुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार की 17 वर्षीय पुत्री खुशबू ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने जब किशोरी को फाँसी के फन्दे से लटका हुआ देखा तो घर मे कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

### रंजिश के चलते युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही तीन लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर ना सिर्फघायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। क्षेत्र के ग्राम नौधना निवासी राहुल पुत्र भगवत शरण द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 03 जुलाई की शाम वह घर के बाहर खड़ा था तभी गांव के ही वीरेंद्र, संजय व पंकज आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए लात घूसो से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### करंट लगने से चारा काटते समय ग्रामीण की हुई मौत

**फर्रूखाबाद।** मशीन से चारा काटनें के दौरान अचानक बिजली करंट लगनें से ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गयी। परिजनों में कोहराम मच गया। जहानगंजथाना क्षेत्र के ग्राम घाटमपुर निवासी 30 वर्षीय आदेश कुमार राजपूत खेती का काम करता था । सुबह वह मबेशी के लिए चारा काट रहा था। अचानक उसको बिजली का करंट लग गया। जिससे वह झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर लोहिया अस्पताल पंहुचे जहाँ उसे मृत घोषित किया गया

### दोपहर बाद हुई बारिश से लोगो को मिली राहत

**फर्रूखाबाद।** जनपद में दोपहर बाद हुई जोरदार बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। गुरूवार से शुरू हुई मध्यम बारिश ने शुक्रवार दिन में करीब दो बजे विकराल रूप धारण कर लिए जिससे जनपद में जोरदार बारिश हुई जिससे एक तरफबारिश से किसानों को राहत मिली तो दूसरी तरफबदहाल सड़कों पर पानी भर गया, जिससे राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के कई मोहल्लों की सड़कों से लेकर गलियों में पानी भर गया। लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हुई। बारिश होने से तापमान में भी काफी गिरावट हुई है।

# जनपद में शहद उत्पादन कार्य में रूचि रखने वाले व्यक्ति करें आवेदन

**कानपुर देहात।** उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, (ग्रामोद्योग अनुभाग) लखनऊ द्वारा उत्पाद विकास मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना (हनी मिशन) अन्तर्गत हनी बाक्स एवं सम्बन्धित टूलकिट्स का वितरण किये जाने हेतु चयन किया जाना है। शहद उत्पादन कार्य में रूचि रखने वाले व प्रशिक्षित व्यक्तियों को 05 दिवसीय गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कराते हुये 05-05 हनीबाक्स (प्रति व्यक्ति) एवं सम्बन्धित टूल.किट्स वितरित किये जाने हेतु 20 व्यक्तियों (एससीएसपी) का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि आवेदन प्राप्त करने हेतु प्रेस विज्ञप्ति जारी हैए आनलाईन वेबसाईट पर आवेदन उपरान्त कार्यालय दिवस स्थान.जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, बैंक ऑफ इण्डिया प्रथम तल रनियां में 20.07.2024 तक अपना आवेदन दे सकते हैं।

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने संपूर्णता अभियान का किया शुभारंभ

**फतेहपुर।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान का आयोजन सरदार पटेल प्रेक्षागृह में किया गया, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी सी. इंदुमती, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने शिक्षा विभाग, प्रोबेशन विभाग कृषि विभाग, कृषि रक्षा, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के स्टालों का अवलोकन किया। डीएम ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की देखरेख व समय से बच्चो और माताओं का टीकाकरण कराए व पुष्टाहार का समय से वितरण किया जाये। बच्चे के जन्म होने के उपरांत छः माह तक अपने बच्चे को दूध पिलाए ताकि बच्चा स्वस्थ रहे। यह कार्यक्रम 04 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा। डीएम ने कृषक नीरज कुमार, जगरूप, रामबहादुर, रामकरन सिंह, शिवराम, रामसजीवन, छोटेलाल, फूलसिंह, अमर सिंह, जय सिंह, अतर सिंह, जगदीश सिंह, रामसिंह, सुरेंद्र कुमार, नफीस, ज्ञान सिंह को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। साथ ही गर्भवती महिलाओ रंजना, मनीषा, ज्योति शुक्ला, रिजवाना बेगम, अरबिया, पूजा, कोमल, सकीना, साधना, सोनाली की गोदभराई की और अर्निका, बेदांस, शिया, शिवाय, विराज आदि बच्चो का अन्नप्रासन भी कराया गया। जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा 04 बेबी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को शपथ भी दिलाई गई। जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, परियोजना निदेशक डीआरडीए शेषमणि सिंह, सीएमओ, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जहानाबाद विधायक प्रतिनिधि देवी शंकर, नीति आयोग के प्रतिनिधि नीरज सिंह, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# जनता दर्शनः डीएम ने सुनी फरियाद, निराश्रित महिला को मिलेगा योजनाओ का लाभ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शुक्रवार** सुबह सदर तहसीलए ब्लॉक फूलबेहड के ग्राम डाडेपुरवा निवासी इंदु देवी पत्नी स्व. राम प्रकाश रिमझिम बारिश के बीच जिलाधिकारी जनता दर्शन में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के समक्ष प्रस्तुत होकर मदद की गुहार लगाई। इस पर डीएम ने कहा कि बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी। अपनेपन के एहसास में सराबोर यह भरोसा जब खुद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दिया है तो उस भरोसे के अवश्यसंभावी परिणति की उम्मीद में गुहार करने वाली महिला के चेहरे पर चमक और संतोष का भाव उभरना स्वाभाविक ही है। आत्मीय भरोसे और उस पर संतोष की तस्वीर शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली।

डीएम ने फरियादी इंदु देवी की



निराश्रित महिला पेंशन के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव को दफ्तर बुलवाया। निर्देश दिए कि आवेदन के लिए जरूरी प्रपत्र लेकर न केवल आवेदन करवाया जाए बल्कि जल्द ही लाभ प्रदान किया जाए। डीएम के पूछने पर फरियादी इंदु देवी ने बताया कि उसकी पुत्री इंटरमीडिएट पास कर नर्सिंग कोर्स में दाखिला लिया है। इस पर डीपीओ को पुत्री को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। वही एक पुत्र को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिए जाने हेतु निर्देशित किया।

# पीडीए पेड़ वृक्षारोपण कार्यक्रम एक जन आंदोलनः राजपाल

**फर्रूखाबाद।** पीडीए पेड़ पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा फर्रुखाबाद के प्रभारी बनाकर भेजे गए समाजवादी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप अपने तय कार्यक्रम 11 बजे के अनुसार थोड़ा विलंब से फर्रुखाबाद समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय पहुंचकर कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर एवं उनके जन्मदिन के अवसर पर पीडीए पेड़ पौधारोपण का कार्यक्रम 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलेगा। वह यहां पर पार्टी के संगठन को और मजबूती देने आए हैं जिस प्रकार बरगद के पेड़ की जड़े दूर-दूर तक फैलती हैं उसी प्रकार वह पार्टी के संगठन को आने वाले 2027 के चुनाव में और मजबूत करेंगे। साथ ही कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का प्रकृति से एवं पर्यावरण से बहुत लगाव है और उन्होंने इस क्षेत्र में अपने मुख्यमंत्री काल में बहुत सारे काम किए।

उन्होंने करोड़ों पेड़ लगवाए



,रिवर फ्रंट तैयार किया, साइकिल ट्रैक बनाई, सोलर एनर्जी पर भी काम किया। राजपाल कश्यप ने कहा कि इस बार का चुनाव अखिलेश यादव की कुशल रणनीति एवं पीडीए के फार्मूले से सपा देश की तीसरे नंबर की पार्टी बन गई है। जनता ने फर्रुखाबाद की सीट को भी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को जीतने का काम किया था परंतु भाजपा ने यह सीट बेईमानी से जीत ली, आने वाले समय में जब भी चुनाव होगा चारों विधायक सपा के होंगे यह तय है।

सपा का यह वृक्षारोपण का कार्यक्रम एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है जहां पर करोड़ों पौधे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने प्रदेश स्तर पर लगाने का काम किया है। भाजपा का इस बार पूरा सफाया होगा। भारतीय जनता पार्टी अपनी कमी छुपाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाने से भी नहीं चूक रही। आवास विकास स्थित डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की मूर्ति के समक्ष पौधा लगाकर एवं उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उनके साथ प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय यादव, महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, जिला प्रवक्ता विवेक यादव, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग युनुस अंसारी, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अरविंद कश्यप, जितेंद्र यादव सिरौली मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान की जमीन से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग

**फतेहपुर।** बहुआ कस्बा स्थित एक कब्रिस्तान में अवैध रूप से कब्जा जमाए लोगों को हटाए जाने की मांग को लेकर एक बार फिर लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें बताया गया कि कई बार आवाज उठाने के बावजूद अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश है। बहुआ कस्बा निवासी अनीस राईन, अब्दुल हमीद, रसीद, पीर गुलाम सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि कस्बा स्थित कब्रिस्तान में अवैध कब्जा हटवाने के लिए राजस्व टीमें मौके पर गई। लेकिन बिना कब्जा खाली कराए फर्जी रिपोर्ट लगाकर उच्चाधिकारियों को भेज दी जबकि मौके पर आज भी अवैध कब्जेदार हावी हैं। जो लगातार शिकायतकर्ताओं को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। बताया कि ऐसी ही एक सीमांकन रिपोर्ट 15 सितंबर 2020 को लेखपाल ज्ञानेंद्र कुमार ने लगाई है जिसमें दर्शाया है कि कब्रिस्तान की गाटा संख्या 987 मौके पर खाली है अन्य गाटा संख्या 673, 674, 1778 पर दुकान लगाए लोगों को भूमि खाली करने के लिए कहा गया लेकिन आज भी मौके पर सभी गाटा संख्या की जमीन पर टट्टर लगाकर अवैध कब्जा कर पक्के निर्माण का प्रयास कर रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने कब्रिस्तान की भूमि से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की। ताकि समाज के लोगों को शवों को दफन करने के लिए भटकना न पड़े। गाटा सं. 980 को कब्रिस्तान में दर्ज करने की मांगः बहुआ कस्बे के अनीस राईन, अब्दुल हमीद, रसीद ने जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को दिए गए एक पत्र में बताया कि गाटा संख्या 980 नवीन परती जमीन है जो बहुआ इंटर कालेज बहुआ के सामने है। जिसमें पक्की व कच्ची लगभग 40 से 50 कब्रिस्ताने हैं जहां पर आज भी मुस्लिम समाज अपने मृतकों का अंतिम संस्कार करते हैं। इसलिए इस गाटा संख्या को कब्रिस्तान में दर्ज करवाया जाए। जिससे मुस्लिम समाज आभारी रहेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक

**● भाईचारे एवं सद्भावना के साथ मनाये त्यौहारः डीएम**

**● कांवड़ यात्रा हो या मोहर्रम, आस्था का सम्मान, नई परंपरा को अनुमति नहीं**

**लखीमपुर खीरी।** कावड़ यात्रा, मोहर्रम को देखते हुए शुक्रवार शाम कलक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में ज़िला शांति समिति की बैठक हुई। डीएम.एसपी ने धर्मगुरुओं, संभ्रांत लोगों के साथ बातचीत कर सभी को आपसी भाईचारा, सौहार्द व शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाने की अपील की। डीएम ने जनपद की शांति को बनाए रखने में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनोंए धर्मगुरुओं से सहयोग की अपील की। जनपद की छवि शांतिपूर्ण जनपद की है। सभी त्योहार को सादगी के साथ मनाएं। पर्व भाईचारे का संदेश देते हैं।



सभी लोगों ने जनपद में शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाए जाने का आश्वासन दिया।

शांति समिति की सार्थकता का उल्लेख करते हुए डीएम ने कहा कि बैठक में आपके द्वारा उठाये गये बिन्दुओं से हमें आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कार्ययोजना बनाने एवं उनके क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा किसी भी आने वाली समस्या का समाधान हम पहले से ही करने में सफल हो सकेंगे। डीएम ने कहा कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से ताजिये की ऊंचाई अधिक न रखें ताकि त्यौहार में कोई खलल न उत्पन्न हो। कोई भी नई परंपरा नहीं शुरू होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई होगी। यह आपका ही नहीं बल्कि हम सबका त्यौहार है। अफसरों को सड़कों के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। त्योहार से पहले सभी सड़कों को दुरुस्त करा दिया जाएगा। किसी भी समस्या आने पर उन्हें या एसडीएम.सीओ को सूचित कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि का खरीद.बिक्री नही होगी। डीएम ने आश्वस्त किया कि सम्भ्रान्तजनों व धर्म गुरूओं की ओर से साफ-सफाई, बिजली, पानी इत्यादि के सम्बन्ध में जो महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं।

# विद्युत रंजन सारंगी ने झारखंड उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली

**भाषा।** रांची

**न्यायमूर्ति** विद्युत रंजन सारंगी ने शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के 15वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने राजभवन में सारंगी को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के अलावा कई न्यायाधीश और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हुए। कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र पढ़ा। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा के 28 दिसंबर, 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद से झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त था।

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय ने तीन जुलाई को न्यायमूर्ति सारंगी को उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने के संबंध में अधिसूचना जारी की थी। झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा, राज्य को नए मुख्य न्यायाधीश मिल गए हैं। हम न्याय के लिए मिलकर काम करेंगे और जल्द से जल्द सबसे गरीब व्यक्ति तक भी न्याय पहुंचाएंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संवाददाताओं से कहा, आखिरकार हमें नए मुख्य न्यायाधीश मिल गए हैं। मुख्य न्यायाधीश का पद काफी महत्वपूर्ण होता है। उच्चतम न्यायालय ने करीब सात-आठ माह पहले ही झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर उनकी नियुक्ति की घोषणा कर दी थी, लेकिन मुझे नहीं पता कि केंद्र सरकार ने उन्हें यहां भेजने में इतनी देर क्यों की। मेरा मानना है कि उनकी नियुक्ति को पहले भी किया जा सकता था। ओडिशा के



नयागढ़ जिले में 20 जुलाई 1962 को जन्मे सारंगी इससे पहले उड़ीसा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। उनकी शादी निरुपमा सारंगी से हुई और उनकी दो बेटियां हैं।

सारंगी ने उत्कल विश्वविद्यालय से संबद्ध एमएस विधि कॉलेज, कटक से एलएलबी और एलएलएम की डिग्री हासिल की। इसके अलावा, उन्होंने संबलपुर विश्वविद्यालय से विधि शिक्षा में पीएचडी की। वह दिसंबर 1985 में बार में शामिल हुए और उड़ीसा उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय में प्रैक्टिस की। उन्होंने विशेष रूप से दीवानी, आपराधिक, संवैधानिक, राजस्व, कर, श्रम, सेवा, खनन, शिक्षा, बिजली, बीमा, बैंकिंग, टेलीफोन, चुनाव और अन्य क्षेत्रों से संबंधित मुकदमे लड़े।

एक वकील के रूप में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और पेशेवर नैतिकता के उच्च मानकों के लिए उन्हें 2002 में उड़ीसा उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पीके बालसुब्रमण्यम द्वारा स्वर्ण पदक के साथ हरिचरण मुखर्जी मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पदोन्नति के बाद 20 जून 2013 को सारंगी ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के स्थाई न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

## उच्च न्यायालय ने आगरा की जामा मस्जिद के सर्वेक्षण संबंधी याचिका पर एएसआई से जवाब मांगा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आगरा की जामा मस्जिद के सर्वेक्षण संबंधी याचिका पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जवाब मांगा है। कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले से जुड़े एक मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। मामला भगवान ठाकुर केशव जी, महाराज विराजमान कटरा केशव देव के नाम पर दायर किया गया है। वादकारी ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने के मामले में अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति की भी प्रार्थना की है। दावा किया है कि औरंगजेब ने 1670 में केशव देव का मंदिर ध्वस्त कर दिया था और उस प्रतिमा को आगरा में जामा मस्जिद के नीचे दफन कर दिया था। इससे पूर्व, शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंधन समिति ने एक आवेदन कर अदालत से स्वयं को मुकदमे में प्रतिवादी बनाने का अनुरोध किया था।

# किराए की कोख के जरिए मां बनने वाली महिलाओं को भी मातृत्व अवकाश का हकः उड़ीसा हाईकोर्ट

**भाषा।** भुवनेश्वर

**उड़ीसा** उच्च न्यायालय ने हाल में व्यवस्था दी है कि किराए की कोख के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मियों को वैसे ही मातृत्व अवकाश एवं अन्य लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को प्राप्त है। न्यायमूर्ति एस के पाणिग्रही की एकल पीठ ने 25 जून को ओडिशा वित्त सेवा की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह व्यवस्था दी। याचिकाकर्ता ने 2020 में यह याचिका दायर की थी। जेना किराए की कोख के जरिए मां बनीं लेकिन उन्हें ओडिशा सरकार में उनके उच्च अधिकारी ने 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया। इसलिए उन्होंने सरकार के विरूद्ध उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उच्च न्यायालय ने कहा कि जिस तरह प्राकृतिक रूप से मां बनने वाली सरकारी कर्मियों को 180 दिन का अवकाश मिलता है, उसी तरह एक साल उम्र तक के बच्चे को गोद लेने वाली सरकारी कर्मियों को भी उसकी (बच्चे की) देखभाल के लिए 180 दिन की छुट्टी मिलती है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि लेकिन किराए की कोख के माध्यम से प्राप्त संतान की देखभाल के लिए मातृत्व अवकाश का प्रावधान नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा, यदि सरकार गोद लेकर मां बनने वाली महिला को मातृत्व अवकाश दे सकती है तो उस माता को मातृत्व अवकाश से वंचित करना सर्वथा अनपयुक्त होगा जिसे किराए की कोख देने वाली महिला के गर्भ में संतान पाने को इच्छुक दंपति के अंडाणु या शुक्राणु से तैयार भ्रूण के अधिरोपण के बाद इस प्रक्रिया से बच्चा मिला हो।

उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी कि सभी नई माताओं के प्रति समान बर्ताव एवं सहायता सुनिश्चित करने के लिए उन (महिला) कर्मियों को भी मातृत्व अवकाश दिया जाए, भले ही वह किसी भी तरह मां क्यों न बनी हों। उच्च न्यायालय ने कहा कि इन माताओं को मातृत्व अवकाश देने से यह सुनिश्चित होता है कि उनके पास अपने बच्चे के लिए स्थिर एवं प्यार भरा माहौल तैयार करने के लिए जरूरी वक्त होता है तथा जच्चा एवं बच्चा के कल्याण को बढ़ावा मिलता है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को इस आदेश की सूचना मिलने के तीन महीने के अंदर याचिकाकर्ता को 180 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान करने का निर्देश दिया।

# प्रधान न्यायाधीश ने मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत में भाग लेने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को नागरिकों से आग्रह किया कि वे उच्चतम न्यायालय में लंबित अपने विवादों को सौहार्दपूर्ण और शीघ्रता से हल करने के लिए 29 जुलाई से तीन अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में भाग लें। लंबित मामलों की संख्या कम करने के लिए उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75वें वर्ष में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक वीडियो संदेश में, प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, 29 जुलाई से तीन अगस्त 2024 तक, उच्चतम न्यायालय एक विशेष लोक अदालत का आयोजन कर रहा है। यह गतिविधियों की एक श्रृंखला का हिस्सा है, जिसे उच्चतम न्यायालय अपनी स्थापना के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कर रहा है।



सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि न्याय संस्था के प्रति समर्पित न्यायाधीश लंबित मामलों की बड़ी संख्या को लेकर चिंतित हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, लोक अदालत हमारे नागरिकों से संबंधित मामलों को पूरी तरह से स्वैच्छिक, सहमतिपूर्ण तरीके से उनकी संतुष्टि के अनुसार हल करना चाहती है। अपने सभी सहयोगियों और उच्चतम न्यायालय के कर्मचारियों की ओर से, मैं उन सभी नागरिकों, जिनके मामले उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं, या वकीलों से अपील करता हूं कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और मामलों को शीघ्रता से एवं ऐसे तरीके से हल करने का प्रयास करें।

# प्लास्टिक के फूलों के इस्तेमाल, बिक्री पर प्रतिबंध लगाने में कोई बाधा नहीः उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध है तो ऐसे प्लास्टिक के फूलों के इस्तेमाल, ब्रिक्री पर पाबंदी लगाने में कोई बाधा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने सजावट के लिए कृत्रिम फूलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र और महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी नोटिस जारी किया है।

ग्रोवर्स फ्लावर्स काउंसिल ऑफ इंडिया (जीएफसीआई) द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया है कि सजावट के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक के फूलों की अधिकतम मोटाई आमतौर पर 30 माइक्रोन होती है। अदालत ने कहा, इस चिंता को जल्द से जल्द दूर करने की जरूरत है, क्योंकि अगर 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाली अन्य वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, तो प्लास्टिक के फूलों पर भी प्रतिबंध लगाने में कोई बाधा नहीं दिखती है। पीठ ने आदेश में कहा, याचिका में उठाए गए मुद्दों के महत्व और 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक के फूलों के पारिस्थितिकी तंत्र और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए हम सभी संबंधित पक्षों से अपेक्षा करते हैं कि वे इस मामले को गंभीरता से लेंगे।

पीठ ने सभी प्रतिवादियों को चार सप्ताह के भीतर अपने हलफनामे दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह अगस्त में मामले की सुनवाई करेगी। अधिकारियों से गंभीर कदम उठाने का आग्रह करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा, लखनऊ में एक बाल गृह है, जहां बेसहारा बच्चे रहते हैं, जिनमें से कई सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित हैं। जब मैंने वहां टीम से बातचीत की, तो मुझे बताया गया कि वहां ऐसे बच्चे हैं जो खाने योग्य और न खाने योग्य चीजों में अंतर नहीं कर पाते हैं। इस वजह से कई बार उनके मलमूत्र में प्लास्टिक सामग्री पाई जाती थी। इसलिए हमें बहुत गंभीर होना होगा।

जीएफसीआई की याचिका में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी विभिन्न अधिसूचनाओं का हवाला दिया गया है, जिनमें 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक वस्तुओं के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। याचिका में कहा गया है कि अधिसूचना में हालांकि प्लास्टिक के फूलों का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। याचिका में सरकार को 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक के फूलों के लिए भी आवश्यक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

## ठग सुकेश चंद्रशेखर को 2015 के धोखाधड़ी मामले में मिली जमानत

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने महानगर पुलिस की आर्थिक आपराध शाखा द्वारा 2015 में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को जमानत दे दी। इस समय दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद चंद्रशेखर की हालांकि रिहाई नहीं हो सकेगी क्योंकि वह कई मामलों में आरोपी है। न्यायमूर्ति मनीष पिताले की एकल पीठ ने बृहस्पतिवार को जमानत मंजूर की जिसकी विस्तृत जानकारी शुक्रवार को दिन में उपलब्ध हुई। मौजूदा अपराध के मामले में आरोपी सात साल से अधिक समय से जेल में है और उसके मामले की सुनवाई अब तक शुरू नहीं हुई है। चंद्रशेखर को मई 2015 में भारतीय दंड संहिता और महाराष्ट्र जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम (एमपीआईडी) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उस पर कथित तौर पर लायन ओक इंडियन नामक एक फर्जी फर्म शुरू करने और विभिन्न निवेश योजनाएं शुरू करने का आरोप था।

## बिना पूर्व सोच के भ्रष्टाचार और धोखधड़ी करना असंभव : उच्च न्यायालय

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने रामबन जिले में रिश्वत लेते हुए हाल में गिरफ्तार एक सरकारी अधिकारी को जमानत देने से इनकार करते हुए टिप्पणी की कि बिना गंभीर पूर्व विचार के धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार या अन्य सफेदपोश अपराध असंभव हैं। बनिहाल तहसीलदार कार्यालय में कानूनगो (राजस्व अधिकारी) के पद पर तैनात मोहम्मद इशाक भट को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 27 मई को भूमि विवाद को सुलझाने के लिए 18 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। भट की पत्नी ताहिरा बेगम ने पति को न्यायिक हिरासत से रिहा कराने के लिए जमानत अर्जी दी थी। भट इस समय जम्मू के अमफल्ला जिला कारागार में बंद है। भट की जमानत अर्जी पर तीन जुलाई को सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने सीबीआई की वकील मोनिका कोहली से सहमति जताते हुए कहा, इस अदालत की राय इससे अलग है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपराध को भी उन्हीं मानदंडों के आधार पर निपटाया जा सकता है जो मानव शरीर के विरुद्ध अपराधों या अन्य प्रकार के अपराधों पर लागू होते हैं। न्यायधीश ने कहा, यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि मानव शरीर के विरुद्ध अपराध आवेश में किया गया अपराध हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप कभी-कभी एक व्यक्ति बिना किसी पूर्व-योजना और बिना किसी तैयारी के, क्रोध में आकर दूसरे व्यक्ति की जान ले सकता है। धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और अन्य सफेदपोश अपराधों को गंभीर पूर्व सोच के बिना अंजाम देना असंभव है। पीड़ित से आरोपी तक धनराशि का प्रभावी हस्तांतरण करने से पहले सुदृढ़ योजना, व्यवस्था और सह-आरोपी व्यक्तियों के साथ तालमेल की आवश्यकता होती है।

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता से इनकार के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर विचार करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय 10 जुलाई को अपने पिछले साल के उस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर विचार करेगा जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया गया था। न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 10 जुलाई की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ पिछले वर्ष 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर अपने कक्ष में विचार करेगी। परम्परा के अनुसार, पुनर्विचार याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा अपने कक्ष में विचार किया जाता है। प्रधान न्यायाधीश के अलावा पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा होंगे। समलैंगिक अधिकार कार्यकर्ताओं को झटका देते हुए उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि कानून द्वारा मान्यता प्राप्त विवाहों को छोड़कर विवाह करने का कोई भी दूसरा तरीका विधिक तौर पर उचित नहीं है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा था कि इस बारे में कानून बनाने का काम संसद का है। न्यायालय ने हालांकि, समलैंगिक लोगों के लिए समान अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मान्यता दी और आम जनता को इस संबंध में संवेदनशील होने का आह्वान किया था ताकि उन्हें भेदभाव का सामना नहीं करना पड़े।

## के. कविता की न्यायिक हिरासत 18 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता की न्यायिक हिरासत 18 जुलाई तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश सुनाया। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अप्रैल में तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह तिहाड़ में बंद थीं। ईडी ने कविता (46) को 15 मार्च को हैदराबाद में बंजारा हिल्स स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया था और वह इस मामले में न्यायिक हिरासत में थीं।

## प्रज्वल रेवन्ना की जमानत अर्जी पर एसआईटी दर्ज कराए आपत्ति : कर्नाटक उच्च न्यायालय

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया कि वह जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर अपनी आपत्ति दर्ज कराए। रेवन्ना पर कई महिलाओं से दुष्कर्म और उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप है और पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की एकल पीठ ने कहा, अदालत में आपत्ति दर्ज कराई जाए। विशेष अदालत ने 26 जून को रेवन्ना की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। वह इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। रेवन्ना ने उनके खिलाफ दर्ज पहले मामले में जमानत के लिए अदालत का रुख किया है।

# जम्मू-कश्मीर : फर्जी मुठभेड़ मामले में पुलिसकर्मी को 18 वर्ष बाद मिली जमानत

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** एवं लद्दाख उच्च न्यायालय ने 18 वर्ष पहले एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या कर उसे आतंकवादी करार देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए पुलिसकर्मी को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने तीन जुलाई को दिए अपने आदेश में कहा, मामले की सुनवाई काफी समय से लंबित रहना अनुच्छेद 21 के उल्लंघन का स्पष्ट मामला है।

मामले की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। जम्मू के कोट भलवाल स्थित केंद्रीय कारागार में बंद बंसी लाल (56) ने अपने वकील के माध्यम से जमानत अर्जी दाखिल की, जिसमें उन्होंने दलील दी की वह लगभग 18 वर्षों से न्यायिक हिरासत में है। वकील ने अदालत को बताया कि इस मामले में उन्हें कभी राहत नहीं प्रदान की गई, सिवाय कुछ महीनों के जब वे अंतरिम जमानत पर बाहर थे। लाल उस पुलिस दल का हिस्सा था, जिसने वर्ष 2006 में एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या के बाद में उसे आतंकवादी करार दिया था। लाल को मामले में गिरफ्तार किया गया था।

न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा, इस मामले में कुल 72 गवाह हैं, जिनमें से पिछले 17 वर्ष में केवल 28 से ही पूछताछ की गई है। यह अदालत इस मामले के तथ्यों से चकित है। आदेश के मुताबिक, अभियोजन पक्ष के गवाहों को पेश करने के कारण सुनवाई में देरी हो रही है। अभियोजन पक्ष यह बताने में असमर्थ है कि देरी के लिए याचिकाकर्ता को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अदालत इन परिस्थितियों में याचिकाकर्ता को 50 हजार रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत देने पर तुरंत रिहा करने का आदेश देती है।

# जालंधर पश्चिम विस सीट पर उपचुनाव में आप को करारी हार का सामना करना पड़ेगा : बाजवा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब में जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव में राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ेगा। आम आदमी पार्टी के विधायक शीतल अंगुराल के इस्तीफे के कारण यह उपचुनाव कराना जरूरी हुआ है। उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होगा और और मतों की गिनती 13 जुलाई को होगी। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता बाजवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव में जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में तीसरे स्थान पर चली गई। यह यह विधानसभा क्षेत्र जालंधर संसदीय सीट का हिस्सा है, जहां से कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी सांसद हैं। बाजवा ने बयान जारी कर कहा, लोकसभा चुनाव में जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को 44 हजार मत, भाजपा को 42 हजार, जबकि आम आदमी पार्टी को केवल 15 हजार मत मिले थे। इस विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के मूड का आकलन कोई भी आसानी से कर सकता है। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों ने जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में लोगों की पीठ में छुरा भोंका है। इस विधानसभा क्षेत्र के लोग अब दल-बदलुओं को अच्छा सबक सिखाएंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि आप उम्मीदवार मोहिंदर भगत और भाजपा उम्मीदवार अंगुराल ने अपनी-अपनी पार्टी बदल कर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि उन दोनों (भगत और अंगुराल) के पास मतदाताओं के पास जाने का कोई नैतिक आधार नहीं है। बाजवा ने कहा, दोनों नेताओं ने अपनी आस्था बदल ली है, और उन्हें क्षेत्र के लोगों की जरा भी परवाह नहीं है। भाजपा से त्यागपत्र देकर मोहिंदर भगत आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे, जबकि अंगुराल ने पिछले साल आप छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया था। बाजवा ने कहा, पूर्व आप विधायक शीतल अंगुराल दो साल से अधिक समय तक जालंधर पश्चिम से विधायक रहे। ने कहा, पूर्व आप विधायक शीतल अंगुराल दो साल से अधिक समय तक जालंधर पश्चिम से विधायक रहे। हालांकि, वह क्षेत्र में किए गए एक भी विकास कार्य को नहीं गिनवा सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि भगत सिर्फ इसलिए आप में शामिल हुए, क्योंकि वह सत्ता का सुख भोगना चाहते थे। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था को सबसे अधिक महत्व देती है। उन्होंने कहा, जालंधर पश्चिम से कांग्रेस की उम्मीदवार सुरिंदर कौर इन सबमें सबसे ईमानदार हैं।

# पेज 1 का शेष

## नीट-यूजी...

(नीट-यूजी) 2024 उम्मीदवारों, कोचिंग संस्थानों और अभिभावकों द्वारा दायर विभिन्न याचिकाओं के जवाब में शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि अनियमितताओं, धोखाधड़ी और कदाचार के कुछ कथित मामले सामने आए हैं तथा सरकार ने सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) को कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच करने को कहा है। हलफनामे के अनुसार सीबीआई ने विभिन्न राज्यों में दर्ज मामलों को अपने हाथ में ले लिया है और उनकी जांच कर रही है। इसमें कहा गया है कि शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए द्वारा पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष परीक्षा आयोजित किए जाने के लिए प्रभावी उपाय सुझाने की खातिर विशेषज्ञों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है। इसमें कहा गया है, सरकार परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सार्वजनिक परीक्षा में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए, संसद ने 12 फरवरी, 2024 को सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) कानून 2024 बनाया है। हलफनामे में कहा गया है कि यह कानून 21 जून, 2024 को लागू किया गया। उच्चतम न्यायालय आठ जुलाई को संबंधित विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जिनमें पांच मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाएं और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की मांग वाली याचिकाएं शामिल हैं। पेपर लीक सहित विभिन्न अनियमितताओं के आरोपों के बीच कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। इस मुद्दे को लेकर प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के बीच वाकयुद्ध भी हुआ है।

## नीट-पीजी 2024...

कट-ऑफ तारीख 15 अगस्त, 2024 रहेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 23 जून को होने वाली नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा 22 जून को स्थगित कर दी थी। कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर अनियमितताओं के आरोपों के मद्देनजर एहतियातन कदम उठाते हुए यह निर्णय लिया गया था। सूत्रों ने बताया कि तब से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, एनबीईएमएस, उसके तकनीकी साझेदार टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अधिकारियों ने कई बैठक की हैं तथा साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारी परीक्षा के लिए व्यवस्था की मजबूती का मूल्यांकन करेंगे।

## ब्रिटेन चुनाव...

पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए पार्टी के नेता का पद छोड़ देंगे। लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर ने होलबोर्न एवं सेंट पैनक्रास सीट से जीत दर्ज की है। सुनक के मंत्रिमंडल में शामिल पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस और कई कैबिनेट मंत्री पराजित हो गए। वहीं, भारतीय मूल की कंजर्वेटिव पार्टी उम्मीदवार शिवानी राजा ने लीसेस्टर ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त की। वह यहां से भारतीय मूल के लेबर उम्मीदवार राजेश अग्रवाल के खिलाफ चुनाव मैदान में थीं। अपनी सीट फिर से जीतने वाले अन्य प्रमुख ब्रिटिश भारतीय टोरी नेताओं में पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन और प्रीति पटेल शामिल हैं। दूसरी तरफ, लेबर पार्टी की प्रीत कौर गिल और टी. ढेसी सहित कई भारतीय मूल के सांसद फिर से चुने गए, जिनमें से जस अठवाल और कनिष्क नारायण जैसे कुछ नए लोगों ने भी अपनी छाप छोड़ी। इससे पहले दिन में, परिणामों में लेबर पार्टी को मिली जीत पर 61 वर्षीय स्टार्मर ने कहा, मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। लेबर पार्टी के नेता ने कहा, परिवर्तन यहीं से शुरू होता है क्योंकि यह आपका लोकतंत्र है, आपका समुदाय है, आपका भविष्य है। आपने मतदान किया है। अब समय आ गया है कि हम अपना काम करें। स्टार्मर ने अपनी पार्टी की जीत के बाद सभी मतदाताओं का आभार जताया।

## एनसीडब्ल्यू...

लिखा, मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए और 3 दिनों के भीतर एक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को सूचित की जानी चाहिए। भाजपा ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की टिप्पणियों की भी आलोचना की और मांग की कि उन्हें उनकी पार्टी से 'बर्खास्त' किया जाए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर मोइत्रा की टिप्पणी को 'बेहद अशोभनीय, आपत्तिजनक और शर्मनाक' बताया और कहा कि यह टीएमसी और विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक का 'असली चेहरा' है। उन्होंने आरोप लगाया, सांसद महुआ मोइत्रा जो संदेशखाली, चोपड़ा तालिबानी पिटाई के दौरान चुप रहीं और स्वाति मालीवाल पर चुप रहीं, अब एक महिला और वह भी एनसीडब्ल्यू प्रमुख पर घृणित टिप्पणी करती हैं। एनसीडब्ल्यू प्रमुख के खिलाफ सोशल मीडिया पर मोइत्रा की टिप्पणी का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने मांग की कि उन्हें टीएमसी द्वारा बर्खास्त किया जाना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने टीएमसी सांसद की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) पर भी निशाना साधा और पूछा, क्या प्रियंका वाड्रा, राहुल गांधी, (मल्लिकार्जुन) खड़गे जी, सोनिया गांधी, प्रियंका चतुर्वेदी, आप इस पर आवाज उठाएंगी? उन्होंने कहा, क्या ममता दीदी उन पर कार्रवाई करेंगी? नहीं, जैसे वे संदेशखाली और चोपड़ा (पश्चिम बंगाल) में (एक जोड़े की पिटाई) पर चुप रहे।

## अमरनाथ यात्रा...

की ओर से जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव कराने और राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की जाती रही है।राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया था। विशेष रूप से, सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर दिसंबर 2023 में अपने फैसले में सरकार को 30 सितंबर, 2024 तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था।इसके अलावा, हाल ही में कश्मीर की यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है और जल्द ही जम्मू-कश्मीर की अपनी सरकार होगी। चुनाव आयोग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची का पुनरीक्षण 25 जुलाई को शुरू होगा और 20 अगस्त को समाप्त होगा। एक चुनाव अधिकारी ने कहा, अभ्यास समाप्त होने के बाद, चुनाव आयोग किसी भी समय यूटी में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा कर सकता है। जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों पर - अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बड़ी चुनावी प्रक्रिया - 58.58 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जो पिछले 35 वर्षों में सबसे अधिक है।

## अमृतपाल....

जून को 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ नहीं ले सके थे। रशीद को शपथ लेने के लिए दो घंटे की हिरासती पैरोल दी गई थी, जिसमें तिहाड़ से संसद भवन तक की यात्रा का समय शामिल नहीं था तथा सिंह को असम से दिल्ली आने जाने के मद्देनजर चार दिन की हिरासत पैरोल दी गई है, जो पांच जुलाई से शुरू हुई है।

## रथयात्रा...

उनकी बेटी कुनमुन भी उतनी ही उत्साहित हैं और कहती हैं, पुरी में मंदिर को भी फूलों, रंगोली और रोशनी से खूबसूरती से सजाया जाएगा। मुझे पूरे जुलूस से निकलने वाली दिव्य अनुभूति बहुत पसंद है। दिल्ली स्थित इतिश्री मोहंती, जो मूल रूप से भुवनेश्वर से लगभग 80 किमी दूर जाजपुर शहर से हैं, ने कहा कि चूंकि वे पवित्र यात्रा का हिस्सा बनने के लिए पुरी की यात्रा नहीं कर सकते हैं, इसलिए दिव्य परंपरा की खुराक इस्कॉन में एक खुशी होगी। उन्होंने बताया कि पुरी सबसे पवित्र स्थान है क्योंकि माना जाता है कि पुरी सबसे पवित्र स्थान है क्योंकि माना जाता है कि श्री हरि का हृदय भगवान जगन्नाथ की मूर्ति के भीतर मौजूद है। उन्होंने कहा, वार्षिक जगन्नाथ रथ यात्रा एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक कार्यक्रम है, जिसमें जुलूस देखने और उत्सव में भाग लेने के लिए उत्सुक भक्तों की बड़ी भीड़ आती है।

इस उत्सव के दौरान, इन तीन देवताओं के तीन पवित्र रथों को एक बड़े जुलूस में ले जाया जाएगा। एक बच्ची की मां मोहंती ने कहा, रथ अपने रंग, डिजाइन और अद्भुत सजावट के कारण आकर्षण का केंद्र होंगे।

# नायडू ने आंध्र के विकास के लिए केंद्र के सहयोग पर जोर दिया

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को राज्य को अगले पांच वर्षों में विश्व मानचित्र पर लाने के लिए एक महत्वाकांक्षी कार्ययोजना पेश की और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र के समर्थन की अहमियत को रेखांकित किया। पिछले महीने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद पहली बार दो दिवसीय यात्रा पर राष्ट्रीय राजधानी आए नायडू ने बृहस्पतिवार को मोदी से मुलाकात की और राज्य के विभाजन के बाद की चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से सात सूत्री विकास एजेंडे के लिए समर्थन मांगा। अपनी यात्रा के अंत में मीडिया से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख ने अल्पसंख्यक आरक्षण के संवेदनशील मुद्दे पर भी बात की तथा मौजूदा चुनौतियों को स्वीकार किया। क्षेत्रीय दल पहले ही कह चुका है कि मुसलमानों को दिया गया आरक्षण सामाजिक न्याय के लिए है न कि तुष्टीकरण के लिए तथा यह राज्य में जारी रहेगा। राजग द्वारा प्रस्तावित किसी केंद्रीय समिति का नेतृत्व उनकी पार्टी द्वारा किए जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जब भी जरूरत होगी, मैं तैयार हूं। यदि राजग की ओर से कोई प्रस्ताव आता है, तो मैं इस पर विचार करूंगा। भाजपा नीत राजग के साथ तेदेपा के संबंधों पर नायडू ने कहा, हमने केंद्र से कोई मंत्री पद नहीं मांगा, यहां तक कि वाजपेई के समय में भी नहीं। जो भी पेशकश की गई, हमने स्वीकार कर लिया। उन्होंने गठबंधन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए वाजपेई युग के दौरान लोकसभा अध्यक्ष का पद स्वीकार करने को याद किया। उन्होंने कहा, पार्टी की प्राथमिकता आंध्र प्रदेश का पुनर्निर्माण है, जिसे पिछले पांच सालों में अपूरणीय क्षति हुई है। हमारा लक्ष्य अगले पांच सालों में राज्य का पुनर्निर्माण करना है। आंध्र प्रदेश की जनता ने राजग को जनादेश दिया है। हम मिलकर काम करेंगे। राजनीतिक सौदेबाजी के बजाय विकास के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, हम केंद्र से राज्य के पुनर्निर्माण में मदद मांग रहे हैं। हमने कोई मंत्री पद नहीं मांगा, उन्होंने जो भी पेशकश की, हमने स्वीकार कर लिया और हम खुश हैं।

## बिहार सरकार ने पुल ध्वस्त होने की घटनाओं पर 15 अभियंता निलंबित किए

**पटना।** बिहार सरकार ने शुक्रवार को राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के सिलसिले में 15 अभियंताओं को निलंबित कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जांच समिति द्वारा जल संसाधन विभाग को रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 17 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जांच में अभियंताओं को लापरवाह और निगरानी को अप्रभावी पाया गया जिसके कारण राज्य में कई छोटे पुल ढह गए। जिन कर्मचारियों पर गाज गिरी है उनमें तीन अधिशासी अभियंता भी शामिल हैं। ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा, ग्रामीण कार्य विभाग ने अररिया जिले में पुल के निर्माण में शामिल ठेकेदार को काली सूची में डालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

# आदित्य ठाकरे ने बीसीसीआई पर निशाना साधा

## मुंबई से कभी भी विश्व कप फाइनल मत छीनना



भाषा। मुंबई

**शिव सेना** (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई में टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत बीसीसीआई के लिए संदेश भी है कि देश की वित्तीय राजधानी से कभी भी किसी बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मैच मत छीनो। ऐसा लगता है कि ठाकरे की टिप्पणी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की आलोचना के लिए थी जिसने 2023 में आईसीसी वनडे विश्व कप की मेजबानी में इसका फाइनल मुंबई के बजाय अहमदाबाद को दिया था। भारत पिछले साल नवंबर में हुए विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गया था। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मुंबई में कल का जश्न बीसीसीआई को कड़ा संदेश भी है कि मुंबई से कभी भी विश्व कप फाइनल मत छीनो। ठाकरे की यह टिप्पणी टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की मुंबई में विजय परेड के एक दिन बाद आई है जिसमें खिलाड़ियों के स्वागत के लिए जनसैलाब उबड़ पड़ा था।

## अहम मैचों की मेजबानी के लिए बीसीसीआई एक शहर को दूसरे पर प्राथमिकता नहीं दे सकता : राजीव शुक्ला

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे की प्रतिक्रिया के जवाब में कहा कि जब महत्वपूर्ण फाइनल के आयोजन की बात आती है तो बोर्ड एक शहर को दूसरे पर प्राथमिकता नहीं दे सकता। शुक्ला ने कहा, कोलकाता को भारत में क्रिकेट का मक्का कहा जाता है। इसलिए यह फैसला नहीं किया जा सकता कि फाइनल एक विशेष शहर में ही होना चाहिए। उन्होंने कहा, मुंबई में कई सेमीफाइनल और फाइनल हो चुके हैं। साथ ही अहमदाबाद मैदान में 1,30,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है तो हमें क्षमता भी देखनी पड़ती है। शुक्ला ने कहा, कोलकाता (ईडन गार्डन्स) की क्षमता काफी अधिक है जिसमें करीब 80,000 दर्शकों (66,000 के करीब) दर्शक आ सकते हैं। ऐसा अन्य शहरों में भी है। उन्होंने कहा, यह फैसला पूरे देश को और सभी स्टेडियमों को ध्यान में रखकर लिया जाता है। आप सिर्फ एक स्थल तक सीमित नहीं रह सकते। शुक्ला ने कहा, हम मुंबई के लोगों और उनके खिलाड़ियों के स्वागत के लिए इकट्ठा होने को देखकर काफी खुश थे। मुंबई हमेशा हमारी प्राथमिकता है। लेकिन पूरा बीसीसीआई फैसला करता है कि फाइनल कहां कराए जाएं, सेमीफाइनल कहां हो। हर मैच अहम है। मुंबई हमेशा हमारी प्राथमिकता सूची में है। लेकिन यह कहना कि सभी फाइनल एक ही शहर में होने चाहिए। ऐसा किसी भी देश में नहीं होता।

## उप्र में हत्या के प्रयास के मामलों में वांछित व्यक्ति नवी मुंबई से गिरफ्तार

**ठाणे।** उत्तर प्रदेश में हत्या के प्रयास के दो मामलों में आरोपी और 50,000 रुपए के इनामी एक व्यक्ति को नवी मुंबई पुलिस ने बदलापुर से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ निरीक्षक नितिन ठाकरे ने बताया कि बुधवार को गोरखपुर पुलिस ने नवी मुंबई पुलिस को सूचित किया कि 2022 में उत्तर प्रदेश में दर्ज मामलों में वांछित गौतम निर्मल गौड़ (25) बदलापुर में छिपा हो सकता है। ठाकरे ने कहा, "गौड़ को पकड़ने के लिए पनवेल से एक पुलिस दल भेजा गया था। उसे वहां एक मंदिर के पास से पकड़ा गया। हमें पता चला कि वह उत्तर प्रदेश से फरार हो गया था और अपनी पत्नी के साथ नवी मुंबई में रहने लगा था। उत्तर प्रदेश पुलिस ने उसकी ट्रांजिट रिमांड हासिल कर ली है और उसे आगे की जांच के लिए ले जा रही है।

## आगरा में एक बस पलटी, 15 यात्री हुए घायल

**आगरा (उप्र)।** आगरा के बरहन थानाक्षेत्र में बृहस्पतिवार रात एक बस अमानाबाद थनरऊ मोड़ पर फिसल कर पलट गई, जिससे उसमें सवार 15 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से बस से यात्रियों को बाहर निकाला गया और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार सभी यात्रियों को हल्की चोटें आई थी और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

## आईकू का 5जी स्मार्टफोन 15 को बाजार में

**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड, आईकू अपने जेड सीरीज़ में लेटेस्ट एडिशन, आइकू जेड9 लाइट को 15 जुलाई को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईकू जेड सीरीज़ ने आईकू जेड 6 लाइट, आईकू जेड 7 प्रो, आईकू जेड 9 से आईकू जेड 9एक्स तक प्रभावशाली बेंचमार्क सेट किए हैं, जो अमेजन डॉट इन पर अपने सेगमेंट के 1 बेस्टसेलर 5जी स्मार्टफोन बन गए हैं। जेड सीरीज़ में यह नया एडिशन नए जमाने के लिए तैयार है और आज के स्मार्टफोन यूजर्स की ज़रूरतों को पूरा करते हुए परफॉर्मेंस, स्टाइल और ड्यूरेबिलिटी प्रदान करेगा। आइकू जेड9 लाइट आई पी 64 रेटिंग के साथ डस्ट और वाटर रेसिस्टेंट के मामले में ड्यूरेबिलिटी को फिर से परिभाषित करता है। कठोर परीक्षणों से गुजरने के बाद, यह डिवाइस सुनिश्चित करता है कि डस्ट कहीं से घुसे, और किसी भी दिशा से लिक्विड के छींटे कोई नुकसान नहीं पहुंचाते।

## किफायती हेल्थ इंश्योरेंस की मांग बढ़ रही

**प्रयागराज।** स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं अक्सर अचानक ही सामने आती है, और यह कभी भी किसी को भी प्रभावित कर सकती है चाहे वह किसी भी उम्र, लिंग या उसकी वित्तीय स्थिति कुछ भी हो। कभी कभी यह समस्याएं इतना गंभीर रूप ले लेती ही कि यह हमारी जेब पर वित्तीय रूप से बहुत बुरा असर डालती है। सिद्धार्थ सिंघल, हेड-हेल्थ इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम ने ये बाते कही। कई इनकम ग्रुप्स के लिए हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदना काफी मुश्किल हो सकता है। लाखों लोगों को इस समस्या से उबरने में मदद करने के लिए, इंश्योरेंस इंडस्ट्री ने ऐसी योजनाएं तैयार की हैं जो लागत प्रभावी होने के साथ-साथ व्यापक भी हैं। प्रत्येक व्यक्ति की स्थिति अलग-अलग होती है और उनकी चिकित्सीय ज़रूरतें भी अलग-अलग होती हैं। ये योजनाएं इन विभिन्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। हालांकि हमेशा अधिक बीमा राशि का विकल्प चुनना चाहिए, लेकिन सामर्थ्य की कमी पॉलिसीधारक को किसी भी बीमा को खरीदने से दूर कर देती है। इसलिए किसी भी अनिश्चित स्थिति से बचने के लिए, कम से कम 5 लाख रुपये से शुरू होने वाली बीमा राशि की एक किफायती योजना अपनाने की सलाह दी जाती है।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी अलीगढ़ पहुंचे, हाथरस में भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजन से की मुलाकात

भाषा। अलीगढ़ (उप्र)

**लोकसभा में** विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजन से शुक्रवार सुबह यहां मुलाकात की। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। राहुल गांधी सुबह दिल्ली से सड़क मार्ग से हाथरस के लिए रवाना हुए। उनके साथ कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष अजय राय, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडे, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और अन्य पदाधिकारी भी हैं। राहुल गांधी सुबह करीब 7:15 बजे अलीगढ़ के पिलखना गांव पहुंचे। वह हाथरस के विभव नगर इलाके में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे। पुलिस के अनुसार, दो जुलाई को भगदड़ की घटना में जान गंवाने वाले 121 लोगों में से 17 अलीगढ़ से थे और 19 लोग हाथरस से थे। राय ने पीटीआई-भाषा को बताया, राहुल सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर दिल्ली से हाथरस के लिए रवाना हुए थे। उन्होंने कांग्रेस नेता के दिन भर के कार्यक्रम का ब्योरा साझा करते हुए कहा, राहुल गांधी अलीगढ़ के पिलखना में हाथरस कांड के पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह हाथरस के नवीपुर खुर्द के पास ग्रीन पार्क और विभव नगर में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे। जब एक मृतक के परिवार के सदस्य मोनू से संवाददाताओं ने पूछा कि राहुल गांधी ने उनसे क्या बातचीत की, उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने हमसे पूछा कि यह घटना कैसे हुई?



## अग्निवीर अजय के परिवार को सरकार ने कोई आर्थिक सहायता नहीं दी

**नई दिल्ली।** लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि पंजाब के शहीद अग्निवीर अजय कुमार के परिवार को सरकार ने कोई मुआवजा नही दिया और परिवार को बीमा की राशि मिली है।उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा,शहीद अग्निवीर अजय कुमार जी के परिवार को आज तक सरकार की ओर से कोई मुआवजा नही मिला है।राहुल गांधी ने कहा कि मुआवजे और बीमा मे फर्क होता है तथा शहीद के परिवार को सिर्फ बीमा कंपनी की ओर से भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा, "सरकार की ओर से जो सहायता शहीद अजय कुमार के परिवार को मिलनी चाहिए थी, वो नही मिली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के लिए जान देने वाले हर शहीद के परिवार का आदर किया जाना चाहिए, पर मोदी सरकार उनके साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा, "सरकार कुछ भी कहे, यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है और मै इसे उठाता रहूंगा। इंडिया गठबंधन सेना को कभी कमज़ोर नही होने देगा। सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए उन दावो को खारिज कर दिया था कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया।सेना ने कहा था कि परिवार को देय राशि मे से 98.39 लाख रुपए का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

## अडानी को दी गई चरागाह भूमि वापस ली जाएगी, गुजरात सरकार ने अदालत को बताया

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय को सूचित किया कि वह लगभग 108 हेक्टेयर गौचर भूमि वापस लेगी, जो 2005 में राज्य के कच्छ जिले में मुंद्रा बंदरगाह के पास अदाणी समूह की एक इकाई को दी गई थी। सरकार का यह निर्णय नवीनल गांव के निवासियों द्वारा अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड को 231 एकड़ गौचर भूमि आवंटित करने के निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने के 13 वर्ष बाद आया है। यद्यपि राज्य राजस्व विभाग ने 2005 में आवंटन कर दिया था, लेकिन ग्रामीणों को इसके बारे में 2010 में पता चला जब एपीएसईजेड ने गौचर भूमि पर बाड़ लगाना शुरू किया। निवासियों के अनुसार, एपीएसईजेड को 276 एकड़ में से 231 एकड़ भूमि आवंटित करने के बाद गांव में केवल 45 एकड़ चारागाह भूमि ही बची है।

# छत्तीसगढ़ में कुएं से संदिग्ध जहरीली गैस के रिसाव की घटनाओं में नौ लोगों की मौत

भाषा। जांजगीर-चांपाकोरबा

**छत्तीसगढ़ में** शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में कुएं से संदिग्ध जहरीली गैस के रिसाव से 16 वर्षीय लड़की सहित नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन घटनाओं पर दुख व्यक्त किया तथा मृतकों के परिजनों को नौ-नौ लाख रुपए की सहायता प्रदान करने घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि जांजगीर-चांपा जिले में बिर्रा थाना क्षेत्र के किकिरदा गांव में हुई घटना में एक व्यक्ति और उसके दो बेटों सहित पांच लोगों की मौत हो गई जबकि पड़ोसी कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के जुराली गांव में इसी तरह की घटना में पिता-पुत्री सहित चार लोगों की जान चली गई। बिलासपुर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि किकिरदा गांव में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान रामचंद्र जायसवाल (60), रमेश पटेल (50), उनके दो बेटों राजेंद्र (20) और जितेंद्र (25) तथा टिकेश्वर चंद्र (25) के रूप में हुई है। शुक्ला ने बताया कि जायसवाल अपने घर के परिसर में बने 30 फुट गहरे कुएं में गिरी लकड़ी को निकालने के लिए उतरे थे और जब जायसवाल बेहोश हो गए तब उनकी पत्नी ने मदद के लिए आवाज लगाई जिसके बाद पड़ोस में रहने वाले पटेल परिवार के तीन सदस्य कुएं में उतरे।

## भाजपा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार : रेड्डी

**जम्मू।** केंद्रीय मंत्री और जम्मू-कश्मीर के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि यहां जब भी चुनाव होंगे, उनकी पार्टी उसके लिए पूरी तरह तैयार है।जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा के लिए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक शुरू होने के बाद रेड्डी ने यह टिप्पणी की। इससे पहले बृहस्पतिवार की रात नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की संयुक्त अध्यक्षता में जम्मू-कश्मीर पार्टी नेतृत्व की बैठक हुई। रेड्डी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, "मैं यहां पहली बार आया हूं। संसदीय चुनाव संपन्न होने के बाद, भाजपा विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि संसदीय चुनाव संपन्न होने के बाद, वरिष्ठ नेतागण पदाधिकारियों के साथ बैठकें करने और पार्टी की गतिविधियों की समीक्षा के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा कर रहे हैं।राज्य पदाधिकारियों की बैठक में रेड्डी ने कहा, "इस दिशा में, (भाजपा के) राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी कल यहां कार्यकर्ताओं और नेताओं को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

## संसद में राहुल गांधी की टिप्पणी पर एसजीपीसी ने कड़ा संज्ञान लिया

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा संसद में की गई हालिया टिप्पणियों पर शुक्रवार को कड़ा संज्ञान लिया और उन पर अभय मुद्रा को गुरु नानक देव की विचारधारा से जोड़ने का आरोप लगाया। एसजीपीसी ने किसी भी कलाकार या अभिनेता को स्वर्ण मंदिर परिसर में अपने प्रचार के लिए वीडियोग्राफी करने से रोकने का भी आदेश दिया। यह कदम फैशन डिजाइनर अर्चना मकवाना द्वारा हरमंदर साहिब में योग किए जाने के कुछ दिन बाद आया है। ए निर्णय यहां आयोजित एसजीपीसी की कार्यकारी समिति की बैठक में लिए गए। एसजीपीसी ने एक बयान में कहा, राहुल गांधी ने गुरु नानक का संदर्भ देते हुए कहा कि गुरु साहब की छवि अभय मुद्रा दर्शाती है, यह पूरी तरह से गलत है। प्रस्ताव में यह स्पष्ट किया गया कि गुरु साहब ने ऐसी किसी भी मुद्रा या आसन को मान्यता नहीं दी। उन्होंने केवल एक अकाल पुरख के साथ जुड़ने की शिक्षा दी। संसद में गांधी द्वारा गुरु नानक देव के दर्शन और छवि को लेकर की गई टिप्पणियों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एसजीपीसी ने कहा कि पवित्र गुरबानी और गुरुओं की शिक्षाओं को पूरी जानकारी के बिना राजनीतिक बहस का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए।

# आखिरकार अब की बार, 400 पार हुआ, लेकिन दूसरे देश में : थरूर ब्रिटेन के चुनाव परिणाम पर बोले

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने ब्रिटेन में लेबर पार्टी की आम चुनाव में भारी जीत के बाद शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब की बार, 400 पार आखिरकार हो गया, लेकिन किसी दूसरे देश में। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि उसे 370 से अधिक सीट मिलेंगी, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 पार करेगा। पिछले महीने संपन्न हुए चुनाव में भाजपा ने 240 सीट पर जीत दर्ज की और बहुमत से दूर रह गई, लेकिन राजग ने 293 सीट के साथ बहुमत हासिल कर लिया था। कांग्रेस को 99 सीटें मिलीं जबकि विपक्षी गठबंधन इंडिया को 234 सीट पर जीत मिली थी। थरूर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आखिरकार अब की बार 400 पार हुआ – लेकिन दूसरे देश में लेबर पार्टी के नेता केअर स्टॉर्मर बकिंघम पैलेस में महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद आधिकारिक रूप से ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बन गए। ब्रिटेन के ऐतिहासिक आम चुनाव में उनकी पार्टी ने जीत हासिल की है।

# उत्तराखंड, हिमाचल में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## असम मे बाढ़ की स्थिति गंभीर

भाषा। नई दिल्ली



**हिमाचल प्रदेश** और उत्तराखंड सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्से में शुक्रवार को भारी बारिश के कारण आम जीवन प्रभावित रहा जबकि असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पूर्वोत्तर राज्य की प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं व बाढ़ से करीब 22 लाख लोग प्रभावित हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने डिब्रूगढ़ में बाढ़ प्रभावित कई इलाकों का दौरा किया। डिब्रूगढ़ राज्य के बाढ़ प्रभावित 29 जिलों में से एक है। असम हाल के वर्षों में सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। देहरादून में बारिश के पानी से भरे गड्ढे में पांच साल का बच्चा डूब गया जबकि हरिद्वार में एक किशोर की नाला में डूबने से मौत हो गई।पहाड़ी राज्य में बारिश और कई स्थानों पर भूस्खलन से आम जनजीवन प्रभावित रहा जबकि बद्रीनाथ जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग सहित प्रमुख सड़कें अवरुद्ध हो गईं।पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई जिससे 64 सड़कें बंद हो गईं। क्षेत्रीय मौसम कार्यालय ने अगले 24 घंटों में कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर, मंडी, सिरमौर और शिमला जिलों के कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी दी है। राजस्थान में भारी बारिश का दौर जारी है और टोंक जिले के मालपुरा में 24 घंटे में 176 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर है और 29 जिलों में लगभग 22 लाख लोग प्रभावित हैं और सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। एक अधिकारी ने बताया कि असम में शुक्रवार तक 77 जंगली जानवरों की मौत हो गई है जबकि जलमग्न काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से 94 जानवरों को बचा लिया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पिछले आठ दिनों से जलमग्न डिब्रूगढ़ शहर की स्थिति की समीक्षा की। राज्य में इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है जबकि तीन लोग लापता हैं।राज्य में सबसे अधिक धुबरी जिला में 6.48 लाख लोग प्रभावित हैं। दरांग में 1.90 लाख और कछार में 1.45 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इस बीच, दिल्ली सरकार ने हथिनीकुंड बैराज के वास्तविक समय के आंकड़ों की निगरानी के लिए 24 घंटे कार्यरत रहने वाले बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। यहीं से यमुना में दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है।इस बीच मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को आमतौर पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश के साथ-साथ गरज और बिजली गिरने का अनुमान जताया है। विभाग ने अगले चार से पांच दिनों के दौरान भारी बारिश का भी अनुमान जताया है।उत्तराखंड में राज्य आपात अभियान केंद्र ने बताया कि भूस्खलन के कारण 88 ग्रामीण सड़कें, दो सीमा सड़कें, एक राज्य राजमार्ग और बदरीनाथ मंदिर की ओर जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है।केंद्र के मुताबिक भूस्खलन की वजह से ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग लामबगड़ में अवरुद्ध हो गया है। देहरादून में लगातार रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश के कारण कई सड़कें जलमग्न हो गई हैं।

## क्विक न्यूज

### एसएफआई के किसी सदस्य को किसी विश्वविद्यालय में नियुक्त नहीं करूंगा : केरल के राज्यपाल खान

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के तौर पर वह सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र शाखा स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) से किसी भी व्यक्ति को किसी भी विश्वविद्यालय के किसी भी निकाय में नियुक्त नही करेंगे।खान ने एसएफआई के कार्यकर्ताओं को "अपराधी" और क्रूर करार दिया और कहा कि वे (कार्यकर्ता) कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करते है।उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक उद्देश्यों को हासिल करने के लिए लोगों को डराने के मकसद से हिंसा करना आतंकवाद के समान है।उन्होंने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले किसी भी व्यक्ति और" नियमित रूप से हिंसा में लिप्त रहने वाले संगठनै से जुड़े किसी व्यक्ति को विश्वविद्यालय में किसी भी निकाय मे नियुक्त नही किया जाएगा।पत्रकारों ने कुलाधिपति द्वारा केरल विश्वविद्यालय की सीनेट नियुक्त किए गए व्यक्तियों के खिलाफ एसएफआई के प्रदर्शन के बारे में खान से पूछा, जिसके बाद उन्होने यह टिप्पणी की।खान ने कहा, वे विरोध कर सकते है। मैने उनसे विरोध न करने के लिए नही कहा था। मै उनसे नही डरता। मै इन अपराधियों, इन क्रूर लोगों का सामना करने के लिए तैयार हूं, जो कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करते हैं।

### हरियाणा : भूपेंद्र हुड्डा ने कानून-व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाया

**अंबाला।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य मे कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हिसार में भी व्यापारियो ने हाल की कुछ घटनाओ के विरोध में बंद का आह्वान किया था।कांग्रेस नेता ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, राज्य मे कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। हुड्डा ने एक सवाल के जवाब मे कहा कि प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बनने पर बेरोजगारी और अपराध को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त किया जाएगा।हरियाणा मे इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने है।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार युवाओ को रोजगार और नागरिको को सुरक्षा देने मे विफल रही है।उन्होंने कहा, बेरोजगारी और विफल कानून व्यवस्था के कारण ही हरियाणा बेरोजगारी और अपराध के मामले मे देश में सबसे ऊपर है। यही कारण है कि आज युवा भर्ती घोटालो के खिलाफ और नौकरी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे है जबकि व्यापारी सुरक्षा के लिए आंदोलनरत है। उन्होंने कहा, बढ़ते अपराध के खिलाफ आज (शुक्रवार को) हिसार के व्यापारियों ने भी बंद का आह्वान किया था। कांग्रेस इसका समर्थन करती है और वादा करती है कि अगर पार्टी की सरकार बनी तो व्यापारियो समेत हर नागरिक की जान-माल की रक्षा की जाएगी।

### आईसीआईसीआई देगा वित्तीय जोखिम से लाभ

**मुंबई।** कमाने वाले हर व्यक्ति के अपने वितीय लक्ष्य होते हैं, जैसे घर खरीदना, बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाना या रिटायरमेंट के लिए बचत करना। लेकिन जीवन अप्रत्याशित है और कमाने वाले सदस्य की असामयिक मृत्यु किसी के भी वित्तीय लक्ष्यों को बाधित कर सकती है और परिवार को वित्तीय संकट में डाल सकती है। आम तौर पर यही माना जाता है कि लोगों को एक सामान्य नियम के तौर पर पहले सुरक्षा और फिर बचत के दृष्टिकोण का पालन करना चाहिए। वित्तीय बचत की योजना बनाने के लिए टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने को सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। इसका कारण सरल है कि यदि कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो जाती हैए तो परिवार बचत योजना को कैसे जारी रखेगा। आदर्श रूप से जीवन बीमा को सभी बकाया देनदारियों को कवर करना चाहिए और परिवार के जीवन को जारी रखने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफअपने सबसे ज्यादा बिकने वाले टर्म इंश्योरेंस प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रूआईप्रोटेक्ट स्मार्ट में लाइफकंटिन्यूटी का विकल्प भी देता है। यह सुविधा परिवार को मासिक आय के रूप में क्लेम राशि प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। यह उन परिवारों के लिए बहुत उपयोगी हैए जो एकमुश्त क्लेम राशि को मैनेज करना नहीं जानते हैं। एक और मूल्यवान अतिरिक्त लाभ गंभीर बीमारी से जुड़ा नाम हैए जिसे लिया जाना चाहिए। अध्ययनों से पता चलता है कि लगभग 10 करोड़ भारतीय परिवार हर साल स्वास्थ्य सेवा खर्च के कारण गरीबी में चले जाते हैं। मामूली अतिरिक्त प्रीमियम के लिए आईप्रोटेक्ट स्मार्ट गंभीर बीमारी लाभ प्रदान करता है,जो कैंसर, किडनी फेलियर, न्यूकेमिया, पार्किंसंस जैसी 34 बीमारियों को कवर करता है। इस प्लान के तहत गंभीर बीमारी लाभ निदान पर दावे का भुगतान किया जाता है। इस तरह यह सुनिश्चित किया जाता है कि व्यक्तियों के पास चिकित्सा उपचार के लिए पर्याप्त फाइनेंस है। दावा निपटान अनुपात और औसत दावा निपटान समय की जाँच करना दो महत्वपूर्ण बिंदु हैं, जिन पर लोगों को टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने से पहले विचार करना चाहिए।

### अगले दशक में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा

**लखनऊ।** भारत का मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र अगले दशक में पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है। वित्त वर्ष 2034 तक विनिर्माण क्षेत्र का तीन गुना विस्तार होने का अनुमान है । चालू वित्त वर्ष 2024 में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का बाजार मूल्य 459 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 1.66 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है । यह वृद्धि पिछले दशक में हुई 175 बिलियन डॉलर की औसत वृद्धि से अधिक है । इसके अतिरिक्त, कम माल ढुलाई लागत और बेहतर बुनियादी ढांचे के कारण सकल घरेलू उत्पाद में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान वित्त वर्ष 2024 में 14 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2034 तक 21 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है । डीएसपी म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर चरणजीत सिंह ने कहा,पिछले 5 वर्षों में, सरकार ने बड़े सुधारों और नीतिगत बदलावों पर ध्यान केंद्रित किया है । हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2025-30 कार्यान्वयन की अवधि होगी । साथ ही, निजी पूंजी का उपयोग, जिसमें लंबे समय से ज्यादा वृद्धि नहीं देखी गई है, वह बढ़ती रहेगी । उपयोग के स्तर में वृद्धि, मजबूत कॉर्पोरेट बैलेंस शीट और राजनीतिक स्थिरता जैसे प्रमुख कारक वित्त वर्ष 2026 से निजी पूंजी के पुनरुद्धार में तेजी ला सकते हैं । बुनियादी ढांचे में निवेश वित्त वर्ष 2024 में सकल घरेलू उत्पाद के 33 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2029 तक 36 प्रतिशत हो जाएगा, जिससे अर्थव्यवस्था में विकास की कई लहरें देखने को मिलेंगी । आरबीआई सर्वेक्षण के अनुसार, उद्योग क्षमता उपयोग पहले ही 75 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।


### ग्रीन वेव इनीशियेटिव को मिलेगी गति

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने पर्यावरण निरंतरता के प्रति अपनी कटिबद्धता की दिशा में इस साल पर्यावरण माह के उपलक्ष्य में ग्रीन वेव प्रोजेक्ट को और तेज़ कर दिया है। अपनी छठी चुनौती के तहत टीकेएम ने समाज में अपनी प्रकृति संरक्षण गतिविधि को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने कर्मचारियों के बीच पौधे वितरित किए। इसका नाम है प्रकृति के साथ सामंजस्य में एक भावी समाज की स्थापना, जो टोयोटा एनवायरमेंटल चैलेंज (पर्यावरण चुनौती) 2050 में योगदान देता है। यह पर्यावरण अभियान कर्मचारियों की भागीदारी से हरियाली को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना जारी रखता है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को 7000 से ज़्यादा पौधे सफलतापूर्वक बांटे हैं, जो वृक्षारोपण की इसकी गतिविधि के तहत निर्धारित 8,000-पौधों के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति है। पौधों की मात्र 181 प्रजातियों से बढ़कर यह संख्या 790 तक पहुंच गई है, जबकि जीव-जंतुओं की प्रजातियों की संख्या 76 से बढ़कर 284 हो गई है। जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र में अब 88 पक्षी प्रजातियां, 38 तितली प्रजातियां, 107 कीड़े, 17 सरीसृप, 8 स्तनधारी और 6 उभयचर शामिल हैं, जो एक संपन्न देशी वन पारिस्थितिकी तंत्र के सफल विकास को दर्शाता है टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और विनिर्माण निदेशक बी पद्मनाभ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा,टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, हम मानते हैं कि पर्यावरण और सामाजिक स्थिरता आर्थिक प्रगति जितनी ही महत्वपूर्ण है। टोयोटा की वैश्विक पर्यावरण चुनौती 2050 (2015 में घोषित छह चुनौतियाँ) द्वारा निर्देशित, हमारे स्थिरता प्रयास दूरगामी हैं जो उत्पाद शून्य उत्सर्जन से कहीं आगे जाते हैं।

# विश्व के नेताओं ने ब्रिटेन के नए पीएम स्टॉर्मर को दी जीत की बधाई

भाषा। लंदन





**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी सहित विश्व के कई नेताओं ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर को शुक्रवार को बधाई दी। स्टॉर्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी को संसद में बहुमत के लिए आवश्यक 326 सीट पर जीत मिल गई। लेबर पार्टी 14 वर्ष के बाद सत्ता में आई है।बकिंघम पैलेस में महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद स्टॉर्मर आधिकारिक रूप से ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बन गए। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने उनसे अगली सरकार बनाने को कहा। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने चुनाव में अपनी हार स्वीकार कर ली है और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को इतिहास की सबसे बुरी चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले, ऋषि सुनक (44) ने महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।मोदी ने स्टॉर्मर को उनकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के साथ ही पारस्परिक विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक तथा रचनात्मक सहयोग की उम्मीद जताई। मोदी ने इसके साथ ही सुनक के नेतृत्व की सराहना की और अपने कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के संबंधों को प्रगाढ़ करने में उनके सक्रिय योगदान के प्रति आभार जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ब्रिटेन के आम चुनाव में उल्लेखनीय जीत पर केअर स्टॉर्मर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं सभी क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, पारस्परिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की उम्मीद करता हूं। मोदी ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, ब्रिटेन को सराहनीय नेतृत्व देने और अपने कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद ऋषि सुनक। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी स्टॉर्मर को उनकी शानदार चुनावी जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह लेबर पार्टी की सरकार के साथ रचनात्मक रूप से काम करने के लिए उत्सुक हैं। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्टॉर्मर को जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इटली और ब्रिटेन के बीच मजबूत संबंध है और मुझे विश्वास है कि हम अपने नागरिकों के हित में प्रगाढ़ संबंध विकसित करना जारी रखेंगे। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे ने स्टॉर्मर और लेबर पार्टी को चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा, हमारी साझा सुरक्षा और व्यापार सहित ब्रिटेन और नॉर्वे के बीच हमारे घनिष्ठ सहयोग को जारी रखने की मैं उम्मीद कर रहा हूं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने स्टॉर्मर के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की और उन्हें ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में स्टॉर्मर और लेबर पार्टी को बधाई दी। उन्होंने कहा, यूक्रेन और ब्रिटेन हमेशा से ही एक दूसरे के भरोसेमंद सहयोगी रहे हैं और आगे भी रहेंगे। हम जीवन, स्वतंत्रता और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के अपने साझा मूल्यों की रक्षा और उन्हें आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने स्टॉर्मर को बधाई दी और कहा कि वह नेपाल-ब्रिटेन संबंधों को मजबूत करने के लिए ब्रिटेन की नई सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

## ब्रिटेन के आम चुनाव में बड़ी संख्या में चुने गए भारतीय मूल के सांसद

**लंदन।** ब्रिटेन के आम चुनाव में भारतीय मूल के लगभग 26 सांसद वहां की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को घोषित परिणामों के अनुसार है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन निर्वाचन क्षेत्र में निर्णायक जीत के साथ ब्रिटिश भारतीयों की जीत का नेतृत्व किया है। यह टोरी नेता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी, जिन्होंने लेबर पार्टी की शानदार जीत के दौरान अपनी पार्टी को 200 से अधिक सीटों पर हारते देखा है। सुनक ने एक संदेश में कहा, "इस मुश्किल समय में मैं रिचमंड और नॉर्थलेर्टन निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे लगातार समर्थन दिया है।

## वेटिकन ने अमेरिका में अपने पूर्व राजदूत विगानो को बहिष्कृत किया

**रोम।** वेटिकन ने अमेरिका में अपने पूर्व राजदूत आर्चबिशप कार्लो मारिया विगानो को विभाजन का दोषी पाते हुए, बहिष्कृत कर दिया है। यह पोप फ्रांसिस के सबसे प्रबल आलोचकों में गिने जाने वाले उग्र रूढ़िवादी (विगानो) के लिए अपरिहार्य अंत है।शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य में कहा गया कि वेटिकन के सिद्धांत कार्यालय ने बृहस्पतिवार को अपने सदस्यों की बैठक के बाद यह प्रतिबंध लगाया।इसमें विगानो द्वारा सर्वोच्च पोप को मान्यता देने और उनके अधीन रहने से इनकार करने, अपने अधीनस्थ चर्च के सदस्यों के साथ संवाद को अस्वीकार करने, तथा द्वितीय वेटिकन परिषद की वैधता और न्यायिक अधिकार को अस्वीकार करने का हवाला दिया गया है। वेटिकन द्वारा बहिष्कृत किए जाने का अर्थ है कि विगानो औपचारिक रूप से चर्च से बाहर है, और वह न तो चर्च के संस्कारों को मना सकते है और न ही प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं, क्योंकि उसने चर्च के कानून के तहत सबसे गंभीर अपराधों में से एक किया है: विभाजन (सिज्म)। सिज्म तब होता है, जब कोई व्यक्ति पोप के प्रति या उसके अधीन कैथोलिकों के साथ अपनी अधीनता वापस ले लेता है।

## द.कोरिया में विपक्ष के एक नेता पर चाकू से हमला करने पर 15 साल का कारावास


**सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने विपक्ष के एक नेता पर चाकू से हमला करने के दोषी व्यक्ति को शुक्रवार को 15 साल कारावास की सजा सुनाई। इस साल जनवरी में जब लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख ली जे-म्यूंग दक्षिण-पूर्वी शहर बुसान में एक कार्यक्रम में गए थे तभी एक व्यक्ति ऑटोग्राफ मांगने के बहाने उनके पास आया और चाकू से उन पर हमला कर दिया। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद उसने जांच अधिकारियों को बताया कि वह ली को दक्षिण कोरिया का राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए उनकी हत्या करना चाहता था। बुसान जिला अदालत ने कहा कि व्यक्ति को हत्या के प्रयास और चुनाव कानून के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद 15 वर्ष की जेल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने कहा कि दोषी और अभियोजकों, दोनों के पास इस फैसले के खिलाफ उच्च अदालत में अपील करने के लिए एक सप्ताह का समय है। अदालत ने दोषी की पहचान उजागर नहीं की। पुलिस ने पहले बताया था कि उसकी उम्र लगभग 67 वर्ष है।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सड़क किनारे विस्फोट में तीन लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को सड़क किनारे विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बचाव सेवा 1122 के प्रवक्ता ने बताया कि विस्फोट मरदान जिले की तख्त बाई तहसील में जलाला पुल के पास हुआ। बचाव अधिकारियों ने शवों और घायलों को मरदान मेडिकल कॉम्प्लेक्स पहुंचाया। पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और धमाका किसी विस्फोटक से हुआ अथवा सिलेंडर के फटने से, यह पता करने के लिए उसने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने बताया कि बुधवार को उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में रिमोट कंट्रोल के जरिए कार बम विस्फोट कर एक पूर्व सीनेटर और तीन अन्य की हत्या कर दी गई। जब विस्फोट हुआ, तब हिदायतुल्ला अपने भतीजे नजीबुल्ला खान के लिए उपचुनाव प्रचार के सिलसिले में अफ्गानिस्तान की सीमा से लगे मामोंड बाजौर कबायली जिले के दामदोला इलाके में थे। पीके22 प्रांतीय असेंबली निर्वाचन क्षेत्र के लिए उपचुनाव 12 जुलाई को होने हैं।

# पुतिन के साथ बातचीत के लिए हंगरी के प्रधानमंत्री ओरबान मॉस्को पहुंचे

भाषा। बुडापेस्ट (हंगरी)



हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के लिए मॉस्को पहुंचे। ओरबान के प्रेस प्रमुख ने शुक्रवार को बताया कि दो वर्ष से अधिक समय पहले यूक्रेन पर आक्रमण के बाद किसी यूरोपीय नेता की यह रूस की दुर्लभ यात्रा है।ओरबान की यह यात्रा यूक्रेन की इसी तरह की अघोषित यात्रा के कुछ ही दिनों बाद हो रही है, जहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी और प्रस्ताव रखा था कि यूक्रेन रूस के साथ तत्काल युद्ध विराम पर विचार करे। यूरोपीय संघ में पुतिन के सबसे करीबी सहयोगी माने जाने वाले ओरबान ने यूक्रेन की सहायता करने तथा युद्ध के लिए मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने के यूरोपीय संघ के प्रयासों को नियमित रूप से अवरुद्ध, विलंबित या कमजोर किया है। वह लंबे समय से यूक्रेन में शत्रुता समाप्त करने की वकालत करते रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि इसका देश की क्षेत्रीय अखंडता या भविष्य की सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इस रुख से हंगरी के यूरोपीय संघ और नाटो सहयोगी खुश नहीं हैं, जिन्होंने रूस के आक्रमण को मोटे तौर पर अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और पूर्वी यूरोप के देशों की सुरक्षा के लिए खतरा माना है। शुक्रवार को एक ईमेल में, ओरबान के प्रेस प्रमुख, बर्टलान हवासी ने कहा कि हंगरी के नेता की यात्रा उनके शांति मिशन के हिस्से के रूप में हो रही है।हंगरी के विदेश मंत्री पीटर स्जिजार्तो भी मॉस्को की यात्रा में शामिल हुए। उनके फेसबुक पेज पर यह जानकारी दी गई। हंगरी ने महीने की शुरुआत में यूरोपीय संघ परिषद की छह महीने की क्रमिक अध्यक्षता संभाली। यह काफी हद तक एक औपचारिक भूमिका है, जिसका उपयोग संघ के नीतिगत एजेंडे को आकार देने के लिए किया जा सकता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को रूसी सरकारी टीवी के संवाददाता से पुष्टि की कि ओरबान और पुतिन की मुलाकात के दौरान यूक्रेन भी एजेंडे के विषयों में शामिल होगा।

# नेपाल के प्रधानमंत्री प्रंचड 12 जुलाई को बहुमत परीक्षण का सामना करेंगे

भाषा। काठमांडू

**नेपाल के** प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड 12 जुलाई को प्रतिनिधि सभा में बहुमत परीक्षण का सामना करेंगे। बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की गई। इस सप्ताह की शुरुआत में प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से दो प्रमुख राजनीतिक दलों ने समर्थन वापस ले लिया था। प्रधानमंत्री ने संसद सचिव को एक पत्र लिखकर बहुमत परीक्षण के लिए मतदान की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। काठमांडू पोस्ट की खबर में कहा गया है, दाहाल ने संविधान के अनुच्छेद 100 (2) के तहत बहुमत परीक्षण कराने का अनुरोध किया है, जिसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री जिस दल का नेतृत्व कर रहे हैं, अगर वह विभाजित हो जाता है या कोई राजनीतिक दल गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिन में प्रतिनिधि सभा में बहुमत साबित करने के लिए प्रस्ताव पेश करना होगा। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओलि ने गठबंधन सरकार बनाने के लिए सोमवार को समझौता किया था। उल्लेखनीय है कि 275 सदर्स्ईय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के 89 जबकि सीपीएन-यूएमएल के 78 सदस्य हैं। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-माओइस्ट सेंटर (सीपीएन-एमसी) के 32 सांसद हैं।दस सीट वाली सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट (सीपीएन-यूएस) ने कहा है कि वह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार के पक्ष में मतदान करेगी। इस समर्थन के बावजूद, प्रचंड को प्रतिनिधि सभा के केवल 63 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है।

## ब्रिटेन: निगेल फराज आठवें प्रयास में पहली बार सांसद बने, उनकी पार्टी ने चार सीट जीतीं

लंदन। निगेल फराज अपने आठवें प्रयास में ब्रिटेन की किसी संसदीय सीट से निर्वाचित होने में कामयाब हो गए। वह क्लैक्टन से जीत हासिल करके पहली बार सांसद बने हैं। फराज की कट्टर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनाव में चार सीट पर जीत हासिल की है। शुक्रवार को मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई है। द गार्जियन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक फराज (60) ने कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार जाइल्स वाटलिंग को हराया। वाटलिंग 2017 से एसेक्स के इस तटीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। फराज को 21,225 वोट मिले जबकि वाटलिंग को 12,820 वोट मिले और उन्होंने फराज को 8,405 वोट के अंतर से हराया। क्लैक्टन निर्वाचन क्षेत्र को रिफॉर्म यूके पार्टी की सबसे अच्छी उम्मीद माना जाता था। वर्ष 2015 के आम चुनाव में इस निर्वाचन क्षेत्र से डगलस कार्सवेल ने जीत हासिल की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्सवेल ने पिछले साल कंजर्वेटिव पार्टी से अलग होने के बाद उपचुनाव के दौरान इस सीट को सफलतापूर्वक बरकरार रखा था। अपनी जीत के बाद दिए गए भाषण में फराज ने कहा कि उनकी पार्टी लेबर पार्टी पर निशाना साधेगी जिसने चुनावों में भारी बहुमत हासिल किया है।

## मीटू अभियान में आरोपी फ्रांसीसी निर्देशक पर कलाकारों से बलात्कार और मारपीट का आरोप

पेरिस। एक प्रमुख फ्रांसीसी फिल्म निर्देशक पर महिला कलाकारों से जुड़े एक मामले की जांच कर रहे एक फ्रांसीसी न्यायाधीश ने दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न और हिंसा के प्रारंभिक आरोप तय किए हैं। पेरिस में अभियोजक कार्यालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बेनोइट जैक्वॅट को 50 से ज्यादा फिल्मों और टेलीविजन कार्यक्रमों के निर्देशन का श्रेय दिया जाता है। फ्रांसीसी फिल्म उद्योग और उसके इतर यौन शोण और शारीरिक दुर्व्यवहार के मामले में उनका नाम एक बार फिर प्रमुखता से उभरा है। फ्रांसीसी अभिनेत्री जूडिथ गॉडरेच ने आरोप लगाया है कि जैक्वॅट ने उनके साथ छह साल तक बलात्कार किया और शारीरिक शोषण किया। यह सिलसिला तब शुरू हुआ, जब वह 14 साल की थी। गॉडरेच ने मीटू लहर शुरू करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने कहा कि अभिनेत्री इसिल्ड ले बेस्को और एक अन्य अभिनेत्री (एसोसिएटेड प्रेस नाम नही जाहिर कर रहा है) द्वारा जैक्वॅट के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर रहे न्यायाधीश ने बुधवार को उन्हें प्रारंभिक आरोपों की एक श्रृंखला सौंपी, जिसके बाद उन्हें इस सप्ताह के शुरू में पुलिस पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था।

## वैश्विक मोबाइल तकनीक और नवाचार में मोटोरोला आगे

ग्लोबल। मोबाइल तकनीक और नवाचार में वैश्विक अग्रणी, मोटोरोला ने फोल्डेबल स्मार्टफोन तकनीक में एक बार फिर से बदलाव करते हुए अपने रेजर फ्रेंचाइजी के सबसे उन्नत स्मार्टफोन मोटोरोला रेजर 50 अल्ट्रा को लॉन्च किया है। यह फ्लिप फोन मोटोरोला की विकास और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैए जिसमें विभिन्न उद्योग अग्रणी विशेषताएँ जैसे कि किसी भी फ्लिप फोन की सबसे बड़ीए सबसे इंटेलीजेंट बाहरी डिस्प्ले शामिल हैं। कल्पना कीजिए एक ऐसी दुनिया की जहाँ आपका स्मार्टफोन केवल एक डिवाइस नहींए बल्कि एक व्यक्तिगत सहायक, क्रिएटिव स्टूडियो और उत्पादकता का पावरहाउस हो। गूगल के साथ मिलकरए मोटोरोला ने नए मोटोरोला रेजर 50 अल्ट्रा में एआई संचालित अनुभव और सुविधाजनक सुविधाएँ लाकर इस विज़न को वास्तविकता में बदल दिया है। गूगल की जेमिनी ऐप एक व्यक्तिगत एआई सहायक है जो आपकी रचनात्मकता और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। जेमिनी दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए विचार मंथन में मदद कर सकती है और जेमिनी ऐप्स और सेवाओं जैसे मैप्सए यूट्यूबए फ्लाइट्सए जीमेल और ड्राइव से आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकती है। टीएमण् नरसिंहन मैनेजिंग डायरेक्टर मोटोरोला इंडिया ने कहा कि फ्लिप फोन प्रौद्योगिकी के अग्रणी होने के नाते, हमने एक बार फिर रेज़र 50 अल्ट्रा नामक सबसे इंटेलीजेंट फ्लिप स्मार्टफोन के लॉन्च के साथ इस सेगमेंट में एक नया मानक स्थापित किया है।

## संतुलित आहार से इम्यूनिटी बढ़ेगी और रहेंगे फिट

ट्रांबे। लगातार मौसमी बदलाव कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियाँ लेकर आते ह, जिससे संतुलित आहार के ज़रिए हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मज़बूत करना ज़रूरी हो जाता है। मौसम में उतार.चढ़ाव और उच्च आर्द्रता के स्तर संक्रमण के प्रति हमारी संवेदनशीलता को बढ़ा सकते हैं और हमारी प्रतिरक्षा को कमज़ोर कर सकते हैं। इन मुद्दों को संबोधित करने के लिएए मैक्स हेल्थकेयर में क्लीनिकल न्यूट्रिशन और डायटेटिक्स विभाग की रीजनल हेड रितिका समद्दर आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और स्वस्थ रहने के लिए इन पाँच खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करने की सलाह देती हैं। बादाम: अपने दैनिक आहार में बादाम को शामिल करना फ़ायदेमंद है क्योंकि वे विटामिन ईए एंटीऑक्सिडेंट और स्वस्थ वसा से भरपूर होते हैं। ये पोषक तत्व कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं, त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं, स्थायी ऊर्जा प्रदान करते हैं और प्रतिरक्षा को बढ़ावा देते हैं। हल्दी: हल्दी अपने मज़बूत एंटी.इंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुणों के लिए जानी जाती है। ये गुण सूजन को कम करनेए प्रतिरक्षा कार्य को बढ़ावा देने और संक्रमण को रोकने में मदद करते हैं। ग्रीन टी: एंटीऑक्सीडेंट और पॉलीफेनॉल से भरपूरए ग्रीन टी कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती हैए जिसमें प्रतिरक्षा को बढ़ावा देनाए शरीर को डिटॉक्सीफाई करनाए त्वचा की सूजन को कम करना और स्वस्थ चयापचय का समर्थन करना शामिल है। दही: दही प्रोबायोटिक्स का एक बेहतरीन स्रोत हैए जो आंत के वनस्पतियों के स्वस्थ संतुलन को बनाए रखकर आंत के स्वास्थ्य का समर्थन करता है। यह पाचन में सुधार करता है प्रतिरक्षा को बढ़ाता है और पेट के संक्रमण को रोकता है। दही को सुविधाजनक नाश्ते के रूप में लें इसे स्मूदी में मिलाएँ या अपने भोजन में प्रोबायोटिक पंच जोड़ने के लिए सलाद ड्रेसिंग के आधार के रूप में इसका उपयोग करें। पपीता: विटामिन सीए विटामिन ए और पापेन जैसे पाचन एंजाइमों से भरपूरए पपीता पाचन में सहायता करता हैए त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ाता है और प्रतिरक्षा कार्य का समर्थन करता है। आप पपीते का ताज़ा फल के रूप में आनंद ले सकते है। इसे उष्णकटिबंधीय स्वाद के लिए फलों के सलाद में मिला सकते हैं या पौष्टिक पेय विकल्प के लिए इसे जूस में मिला सकते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया का बुकटॉपिया पतन की ओर, पर किताबों की दुकानो पर कोई संकट नही

गीलॉन्ग (ऑस्ट्रेलिया)। एक समय था, जब ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े ऑनलाइन पुस्तक विक्रेता, बुकटॉपिया का कारोबार 24 लाख डॉलर का था, 50 लाख ग्राहक थे, और' हर 3.9 सेकंड' में एक किताब बेचते थे। एक महीने पहले 50 नौकरियाँ खत्म करने और अपने मुख्य कार्यकारी सहित वरिष्ठ कर्मचारियों के इस्तीफे की घोषणा के बाद, इस सप्ताह कंपनी ने स्वैच्छिक प्रशासन में प्रवेश किया। 2021 में लगभग 3 डॉलर प्रति शेयर की तुलना में शेयर 4.5 सेंट तक गिर गए थे।लेकिन 2022 वित्तीय वर्ष में अपने चरम पर भी, बुकटॉपिया लाभहीन था। ऐसा क्या हुआ?बुकटॉपिया के सह-संस्थापक, टोनी नैश, जिन्होंने कहा है कि'मैं कभी भी बहुत ज्यादा पढ़ता नही था', ने पुस्तक उद्योग की एक पुस्तक विक्रेता से की जाने वाली अपेक्षाओ को खारिज कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई पुस्तक बिक्री छोटे लाभ मार्जिन वाला व्यवसाय है, जहाँ कर्मचारी पुस्तकों के प्रति अपने प्रेम से प्रेरित होते हैं।लेकिन 'श ने ऑनलाइन बिक्री के शुरुआती दिनों में पुस्तक व्यापार को एक व्यावसायिक अवसर के रूप में पहचाना। जब नैश ने बुकटॉपिया उद्यम की शुरुआत में पुस्तक विक्रेताओ के एक सम्मेलन में भाग लिया, तो उन्होंने अपने स्थानीय प्रतिस्पर्धियो की समीक्षा करते हुए कहा कि उनमें ऐसे लोग काम करते हैं जिनके पास व्यावसायिक कौशल की कमी है:'इन लोगो को कोई जानकारी नही है।फिर भी अपने 20वें जन्मदिन के तुरंत बाद, बुकटॉपिया रिसीवरशिप में चला गया है। इसके विपरीत, स्वतंत्र और स्थानीय श्रृंखला स्टोरों की संख्या निश्चित रूप से कम हो गई है, लेकिन वे काफी अच्छी स्थिति में है।ऐसा कैसे है कि डेटा-संचालित, बाज़ार-केंद्रित व्यवसाय विफल हो गया है।

# सऊदी अरब के अघोषित हीरों के संबंध में बोलसोनारो के खिलाफ अभियोग लगाया गया

भाषा। साओ पाउलो

**सऊदी अरब** के अघोषित हीरों के संबंध में धन शोधन और आपराधिक सहयोग के लिए ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो पर अभियोग लगाया गया है जो धुर दक्षिणपंथी नेता पर दूसरे औपचारिक आरोप के रूप में सामने आया है। मामले से जुड़े दो सूत्रों ने संघीय पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार को अभियोग दर्ज किए जाने की पुष्टि की। इससे पहले बोलसोनारो के खिलाफ मई में उनके कोविड-19 टीकाकरण प्रमाणपत्र में कथित रूप से हेरफेर करने के खिलाफ एक और औपचारिक आरोप तय किया गया था। दोनों अधिकारियों ने नाम जाहिर नहीं होने की शर्त पर जानकारी दी। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय को ताजा अभियोग के संबंध में अभी तक पुलिस रिपोर्ट नहीं मिली है।

# ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान प्रारंभ

भाषा। दुबई



**ईरान में** पिछले महीने एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के मारे जाने के बाद शुक्रवार को देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं जिसमें मुकाबला कट्टरपंथी परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और सुधारवादी मसूद पेजेश्कियन के बीच है।इससे पहले 28 जून को मतदान के शुरुआती दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं मिले जिसके कारण दोबारा मतदान कराए जा रहे हैं।जेल में बंद नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी सहित कई लोगों ने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया है।मतदाताओं को कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और हार्ट सर्जन तथा लंबे समय से संसद सदस्य रहे मसूद पेजेश्कियन के बीच चुनाव करना है जिन्होंने सुधारवादियों और ईरान के शिया धर्मतंत्र में उदारवादियों के साथ खुद को जोड़ा है। देश के गृह मंत्री अहमद वहीद के पास चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने का जिम्मा है और उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र सुबह आठ बजे खुल गए।देश के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई ने अपने आवास में मतदान किया।

# इमरान ने प्रधान न्यायधीश पर जताया अविश्वास, भूख हड़ताल की दी धमकी

भाषा। इस्लामाबाद



**जेल में** बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को धमकी दी कि अगर उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायधीश काजी फैज ईसा उनके मामलों में न्याय करने में असफल होते हैं तो वह भूख हड़ताल पर चले जाएंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय प्रमुख ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में मीडिया से बातचीत के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने इस दौरान पार्टी और उनके मामलों को संभालने वाली पीठों में मुख्य न्यायाधीश ईसा की भागीदारी पर चल रही चिंताओं का हवाला दिया। वह अदियाला जेल में अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के सिलसिले में अदालत में उपस्थित थे।उन्होंने अपनी पीटीआई पार्टी से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए गठित पीठ में मुख्य न्यायाधीश ईसा की उपस्थिति पर आपत्ति जताई तथा चेतावनी दी कि यदि प्रधान न्यायाधीश न्याय देने में विफल रहे तो वे भूख हड़ताल पर चले जाएंगे।खान ने कहा, मैं भूख हड़ताल पर जाने के बारे में विचार-विमर्श कर रहा हूं। अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं भूख हड़ताल पर जाऊंगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके वकीलों ने उनकी पार्टी के मामलों के बारे में सुनवाई करने वाली प्रत्एक पीठ में प्रधान न्यायाधीश ईसा को शामिल करने पर आपत्ति जताई है।

## मुहर्रम के दौरान पाकिस्तान के पंजाब में सोशल मीडिया पर छह दिन के लिए होगा प्रतिबंध

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने इस्लामी महीने मुहर्म के दौरान नफरत फैलाने वाली सामग्री को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया मंच यूट्यूब , व्हाट्सऐप , फेसबुक , इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर 13 से 18 जुलाई तक प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।पंजाब सरकार की ओर से बृहस्पतिवार देर रात जारी की गई एक अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री मरियम नवाज की कानून एवं व्यवस्था संबंधी कैबिनेट समिति ने 12 करोड़ से अधिक की आबादी वाले प्रांत में 13 से 18 जुलाई के दौरान सभी सोशल मीडिया मंच- यूट्यूब, एक्स, व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और टिकटॉक आदि पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है, ताकि नफरत फैलाने वाली सामग्री और गलत सूचनाओं पर नियंत्रण किया जा सके और सांप्रदायिक हिंसा से बचा जा सके। मरियम नवाज के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध किया है कि केंद्र सरकार छह दिनों (13 से 18 जुलाई) के लिए इंटरनेट पर सभी सोशल मीडिया मंचों को निलंबित करने की अधिसूचना जारी करें। शहबाज शरीफ मरियम नवाज के चाचा हैं।

# अमेज़न बना रहा ऑस्ट्रेलिया की खुफिया सेवा के लिए 2 अरब डॉलर का टॉप क्लाउड

भाषा। केनबरा

**अमेज़ॅन ने** ऑस्ट्रेलियाई सिग्नल निदेशालय के साथ दो अरब आस्ट्रेलियाई डॉलर का अनुबंध हासिल किया है - जो विदेशी सिग्नल इंटेलिजेंस और सूचना सुरक्षा के लिए जिम्मेदार एजेंसी है। करार के तहत अमेज़ॅन वेब सर्विसेज की एक स्थानीय सहायक कंपनी सैन्य खुफिया जानकारी के लिए सुरक्षित डेटा भंडारण प्रदान करने के लिए एक टॉप सीक्रेट क्लाउड का निर्माण करेगी। यह सौदा ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण शीर्ष गुप्त डेटा को सुरक्षित रूप से प्रबंधित करेगा। यह अनुबंध एक दशक से अधिक समय तक चलने की उम्मीद है। यह ऑस्ट्रेलिया में अज्ञात स्थानों पर तीन सुरक्षित डेटा केंद्र बनाएगा।प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने कहा कि यह परियोजना हमारे रक्षा और राष्ट्रीय खुफिया समुदाय को मजबूत करेगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे हमारे राष्ट्र के लिए विश्व-अग्रणी सुरक्षा प्रदान कर सकें'।2027 तक चालू होने वाली इस परियोजना से 2,000 से अधिक नौकरियाँ पैदा होने और आने वाले वर्षों में परिचालन व्यय में अरबों अधिक खर्च होने की उम्मीद है। तो - अमेज़न क्यों? और क्या ऑस्ट्रेलिया को वास्तव में इसकी आवश्यकता है?ऑस्ट्रेलिया को सीक्रेट क्लाउड की आवश्यकता क्यों है?ऑस्ट्रेलिया को सुरक्षा चुनौतियों की बढ़ती लहर का सामना करना पड़ रहा है। कई संभावित खतरों से बचाव के लिए सैन्य खुफिया जानकारी को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने की क्षमता महत्वपूर्ण है।ऑस्ट्रेलियाई सिग्नल निदेशालय के महानिदेशक राचेल नोबल ने बताया कि यह परियोजना 'हमारे खुफिया और रक्षा समुदाय को शीर्ष गुप्त डेटा को संग्रहीत करने और उस तक पहुंचने के लिए एक अत्याधुनिक स्थान प्रदान करेगी।क्लाउड निदेशालय के रेडस्पाइस कार्यक्रम का भी हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया की खुफिया क्षमताओं और साइबर सुरक्षा में सुधार करना है। आधुनिक क्लाउड सिस्टम में जाकर, ऑस्ट्रेलिया अपने संवेदनशील डेटा की बेहतर सुरक्षा कर सकता है। इससे विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय में भी सुधार होगा।अमेज़न वेब सेवाएँ क्यों?आप अमेज़न को केवल एक ऑनलाइन रिटेल दिग्गज के रूप में जानते होंगे। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) अमेजन की एक तकनीकी सहायक कंपनी है। यह वास्तव में क्लाउड सेवा व्यवसाय में अग्रणी था।आज, यह दुनिया भर में हजारों व्यवसायों और सरकारों को क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान करता है। शीर्ष दस क्लाउड प्रदाताओं में एडब्ल्यूएस की बाजार हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 50.1ऊ हो गई। माइक्रोसाफ्ट अजूर और गूगल क्लाउड अगले दो सबसे बड़े प्रदाता हैं।

## क्या नया क्लाउड सुरक्षित रहेगा?

जब हमं क्लाउडं के बारे में सोचते है, तो हम अक्सर उस इंटरनेट की कल्पना करते है जिसका हम प्रतिदिन उपयोग करते है।हालाँकि, ऑस्ट्रेलिया की सेना के लिए एडब्ल्यूएस जो टॉप सीक्रेट क्लाउड बनाएगा वह बहुत अलग है। यह एक निजी, अत्यधिक सुरक्षित प्रणाली है जो सार्वजनिक इंटरनेट से पूरी तरह से अछूती है।जबकि एडब्ल्यूएस ठेकेदार है, डेटा केंद्र ऑस्ट्रेलियाई सिग्नल निदेशालय के विनिर्देशो के अनुसार बनाए जाएंगे।डेटा की सुरक्षा के लिए क्लाउड उन्नत एनक्रिप्शन का उपयोग करेगा। कोई भी सिस्टम पूरी तरह से हैक-प्रूफ नही है, लेकिन यह सेटअप अनधिकृत व्यक्तियों के लिए जानकारी तक पहुंच को बेहद कठिन बना देता है।ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि वह क्लाउड में संग्रहीत डेटा पर पूर्ण नियंत्रण बनाए रखेगी। केवल उच्च-स्तरीय सुरक्षा मंजूरी वाले कर्मचारी ही परियोजना पर काम करेंगे।व्यापक प्रवृत्ति-सुरक्षित क्लाउड की ओर यह कदम दुनिया भर में सरकारी और सैन्य प्रौद्योगिकी में व्यापक रुझान का हिस्सा है। कई देश नई तकनीक का लाभ उठाने के लिए अपने पुराने कंप्यूटर सिस्टम को अपडेट कर रहे है। यह लंबे समय में अधिक लचीलापन, बेहतर प्रदर्शन और संभावित रूप से कम लागत की पेशकश कर सकता है।इस परियोजना के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ भी है। टॉप सीक्रेट क्लाउड साझेदार देशो के साथ सहयोग को आसान बनाएगा।

# विराट और रोहित के बिना उतरेगी टीम इंडिया

## ● जिम्बाब्वे के खिलाफ नई शुरूआत करेगी भारत की युवा टीम

**भाषा।** हरारे



**रोहित शर्मा** और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी तो इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नए दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे। पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है। जिम्बाब्वे मजबूत टीम नहीं है लेकिन टी20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच बहुत गहरा अंतर नहीं है। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले सिकंदर रजा भारत के लिए चुनौती साबित हो सकते हैं। शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है। अब से 2026 टी20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी। कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरूआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। टी20 क्रिकेट के आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है।

### मैं टी20 अंतरराष्ट्रीय में पारी का आगाज करना चाहता हूं: गिल

**हरारे।** जिम्बाब्वे दौरे पर भारतीय टी20 टीम की अगुवाई कर रहे शुभमन गिल खेल के सबसे छोटे प्रारूप मे खुद को सलामी बल्लेबाज के तौर पर ढालने चाहते है लेकिन वह समझते है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की शानदार उपलब्धियो को दोहराना काफी मुश्किल है। हाल ही में संपन्न टी20 विश्व कप मे भारत की रिजर्व टीम का हिस्सा रहे गिल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाली पांच मैचो की टी20 श्रृंखला की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे लगता है कि रोहित भाई सलामी बल्लेबाज थे और विराट भाई ने भी इस विश्व कप मे पारी का आगाज किया। मैने टी20 में भी पारी का आगाज किया है। इसलिए, मुझे लगता है कि मै टी20 में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाना चाहूंगा। गिल ने कहा कि वह कोहली और रोहित जैसे दो महान खिलाड़ियो की बराबरी करने के बारे में सोच कर खुद पर दबाव हावी नही होने देना चाहते है। गिल ने रोहित और कोहली के इस प्रारूप से संन्यास के बाद अपेक्षाओ के दबाव से निपटने के बारे में पूछे जाने पर कहा, दबाव और अपेक्षाएं...मुझे लगता है कि ए हमेशा रहते है। विराट भाई और रोहित भाई ने जो हासिल किया है, अगर मै उसे हासिल करने या उस तक पहुंचने की कोशिश करूंगा, तो यह मेरे लिए बहुत मुश्किल होगा।

# ब्रिट्स-काप के आगे भारत ढेर

## ● टी-20 में दक्षिण अफ्रीका जीता
## ● भारत को 12 रन से हराया

**भाषा।** चेन्नई



**दक्षिण** अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने तजमिन ब्रिट्स (81 रन) और मारिजने काप (57 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 12 रन से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। ब्रिट्स ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि काप ने 33 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में भारतीय टीम जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53 रन) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी।

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (18 रन) और स्मृति मंधाना (46 रन) ने पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी निभाकर भारत को अच्छी शुरूआत कराई। लेकिन अयाबोंगा खाका ने शेफाली को आउट कर पहला झटका दिया। मंधाना अच्छा खेल रही थीं लेकिन क्लो ट्रायोन की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर के हाथों में चली गई और भारत ने अपना दूसरा विकेट गंवा दिया। मंधाना ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। दयालन हेमलता (14 रन) ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकीं और 17 गेंद खेलने के बाद नाडिने डि क्लर्क का शिकार हुईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (35 रन) पारी की अंतिम गेंद पर एन मलाबा की गेंद पर आउट हुई जिससे उनके और रोड्रिग्स (30 गेंद, सात चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 59 गेंद में 90 रन की साझेदारी का अंत हुआ और टीम 12 रन से हार गई।

### प्रज्ञानानंदा ने कारुआना को ड्रॉ पर रोका, गुकेश ने गिरि से ड्रॉ खेला

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नही निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही। कारूआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढत बना रखी है। आठ मुकाबलों मे पांच अंक लेकर कारूआना शीर्ष पर है जबकि प्रज्ञानानंदा, गुकेश और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे आधा अंक पीछे हैं।

### पाकिस्तान व्यस्त सत्र में करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतिम समय मे अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ हाई प्रोफाइल श्रृंखला सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्टूबर मे तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी कैलेंडर में शामिल है। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक्वी ने कहा, ए श्रृंखलाएं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का स्थान मजबूत करने के लिए हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है।

### एशियाई बिलियर्डर्स फाइनल में आडवाणी, नजरें खिताब की हैट्रिक पर

**रियाद।** भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियर्डर्स में हैट्रिक बनाने के करीब है जिन्होने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया। उन्होने 100- 29, 100 - 33, 101-38, 100- 21 , 100- 0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।

### एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय सिंह

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलो के पदक विजेता अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर मे चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैम्पियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनो वर्गो मे जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरुष युगल में 2- 0 से हराया। वही अभय और जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल मे फिलीपीन के वोन्ने डालिडा और बेगोर्निया को 11-4, 11-3 से मात दी।

### प्रशंसकों के प्यार ने दिखाया कि यह ट्रॉफी उनके लिए क्या मायने रखती है : रोहित

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यहां अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि विजय परेड के दौरान प्रशंसकों के असीम प्यार ने साबित कर दिया कि यह टी20 विश्व कप सिर्फ उनकी टीम के लिए नही बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखता है। रोहित ने बीसीसीआई टीवी से कहा , आप इस रोमांच से अनुमान लगा सकते हैं। इससे साबित होता है कि यह ट्रॉफी सिर्फ हमारे लिए नही बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखती है। मुझे खुशी है कि हम इस तरह का कुछ हासिल कर सके। रोहित ने दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता है लेकिन उनके लिए यह खास है।

# रोहित ने पीएम को बताया, चहल व कुलदीप ने मुझे उस तरह से ट्रॉफी उठाने का सुझाव दिया था

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने जब टी20 विश्व कप चैंपियन टीम से मुलाकात की तो कप्तान रोहित शर्मा ने विश्व कप ट्रॉफी उठाने से पहले अपनी डांस करने वाली भाव भांगिमा के बारे में उन्हें बताया जबकि जसप्रीत बुमराह ने वेस्टइंडीज में पसंदीदा इडली और परांठा नहीं मिलने की शिकायत की तो वहीं सूर्यकुमार यादव फाइनल मैच के अपने शानदार कैच के बारे में बात करते हुए पूरे जोश में दिखे। टी20 विश्व कप विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत गुरुवार को हुई थी लेकिन बातचीत का विवरण शुक्रवार को जारी किया गया। मोदी ने इस दौरान ने इस दौरान खिलाड़ियों से हल्की-फुल्की बातचीत की और देश को गौरवान्वित करने के लिए उनकी पीठ थपथपाई। रोहित ने इस मुलाकात के दौरान कहा, यह हमारे लिए बहुत बड़ा पल था और हम लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे। इसलिए, खिलाड़ियों ने कहा कि ट्रॉफी उठाने के लिए मंच पर जाते हुए कुछ अलग करना। इस दौरान खिलाड़ियों की हंसी के बीच मोदी पूछा कि क्या यह तरीका युजवेंद्र चहल की दिमाग की उपज है। रोहित ने जवाब दिया, यह चहल और कुलदीप (यादव) का विचार था। प्रधानमंत्री ने बाद में कुलदीप से पूछा कि उन्होंने अपने कप्तान को डांस करने के लिए कहने की हिम्मत कैसे की। हंसी के एक और दौर के बीच कुलदीप ने कहा, उन्होंने वैसा नहीं किया जैसा मैंने उन्हें करने को कहा था। टूर्नामेंट में 15 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने बुमराह से मोदी ने पूछा कि क्या वह अपनी पसंदीदा खाना इडली खाने के बाद मैदान पर गए थे?इस तेज गेंदबाज ने कहा, मुझे वेस्टइंडीज में कोई इडली या परांठा नहीं मिल रहा था। जो मिल रहा था हम लोग उसी से काम चला रहे थे। सूर्यकुमार यादव द्वारा फाइनल में लिए गए यादगार कैच के बारे में मोदी ने जानना चाहा कि क्या खिलाड़ी इस तरह कैच लेने का अभ्यास करते हैं?

### कार दुर्घटना के बाद चिकित्सकों से कहा था, जरूरत पड़े तो विदेश में इलाज कराएं, मोदी ने पंत से कहा

नई दिल्ली। भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत कार दुर्घटना के बाद जब जानलेवा चोट का इलाज करा रहे थे तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी मां को फोन करने के साथ डॉक्टरों से कहा था कि जरूरत पड़ने पर उनका विदेश मे इलाज किया जाए। मोदी ने गुरुवार को यहां टी20 विश्व कप विजेता क्रिकेटरो के साथ बातचीत के दौरान कहा कि वह पंत की सोशल मीडिया पोस्ट से उनकी चोट से उबरने पर नजर रखे हुए थे। पंत दिसंबर 2022 में दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय एक भयानक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे। मोदी ने कहा, आपकी वापसी की यात्रा कठिन थी। मै आपके (सोशल मीडिया) पोस्ट देखता था, जिसमे पता चलता था कि आपने इस दिन इतना कर लिया उस दिन उतना कर लिया। मोदी के साथ खिलाड़ियों की बातचीत का विवरण शुक्रवार को जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैने आपकी मां से बात करने से पहले चिकित्सको की राय ली और उनसे पूछा कि अगर आपको इलाज के लिए देश से बाहर ले जाने की जरूरत है तो बताइए। उन्होंने कहा, आपकी मां से मेरा कोई परिचय नही था लेकिन ऐसा लगा कि मै उन्हें नही, वो मुझे आश्वासन दे रही है। यह गजब की बात है। तभी मुझे लगा कि जिसे ऐसी मां मिली है वह कभी विफल नही होगा। और आप ने कर के दिखाया। मोदी ने कहा, जब मैने आप से बात की तो आपने कोई गड्ढा या किसी और चीज का बहाना नही बनाया बल्कि आपने कहा कि यह (दुर्घटना) आपकी गलती थी।

### राजावत पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में, त्रिसा-गायत्री भी जीते

**कैलगरी (कनाडा)।** भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम मे हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश कर लिया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट मे 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल मे तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले मे 17-21, 21-7, 21-8 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सिएह और एन जू हंग से होगा। अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की जोड़ी दूसरे दौर में हार गई।

# हम सब भूल गए कि वह भी भावनाओं से भरा इंसान है : कृणाल ने हार्दिक की सराहना करते हुए कहा

**भाषा।** मुंबई



**स्पिन** ऑलराउंडर कृणाल पंड्या ने शुक्रवार को भारत की टी20 विश्व कप जीत के दौरान हार्दिक की वापसी की सराहना करते हुए कहा कि आलोचनाओं के भंवर के बीच लोग भूल गए थे कि उनका छोटा भाई भी भावनाओं से भरा इंसान है।मुंबई इंडियंस की कप्तानी मिलने के बाद आईपीएल के बीते सत्र में आलोचना का सामना करने वाले हार्दिक ने वेस्टइंडीज में खेले गए विश्व कप में गेंद और बल्ले से उल्लेखनीय योगदान दिया। भारत इससे 2013 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। कृणाल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लंबी भावनात्मक पोस्ट में लिखा, हार्दिक और मुझे पेशेवर क्रिकेट खेलना शुरू किए हुए लगभग एक दशक हो गया है। पिछले कुछ दिन हमारे लिए काफी यादगार रहे, जिसका हमने सपना देखा था। कृणाल ने कहा, हर देशवासी की तरह मैं भी हमारी टीम की सफलता से खुश था और मेरे भाई का इसमें अहम हिस्सा होने के कारण मैं इससे अधिक भावुक नहीं हो सकता। कृणाल ने पिछले साल हार्दिक के संघर्षों का उल्लेख किया जिसमें वानखेड़े स्टेडियम में दर्शकों ने उनके खिलाफ हूटिंग की थी।आईपीएल के 17वें सत्र में उनकी टीम तालिका में सबसे नीचे रही और खुद वह अपने प्रदर्शन से प्रभाव नहीं छोड़ सके।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने टी20 विश्व कप विजेता टीम के लिए 11 करोड़ रु के पुरस्कार की घोषणा की

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा यहां विधान भवन मे की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया। शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप मे टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच मे लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरूण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हे सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे। पवार ने कहा , रोहत शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि वह टी 20 अंतरराष्ट्रीय में अब नही खेलेंगे। लेकिन जब भी हम एक टी 20 मैच देखेंगे , हम हमेशा आपको और आपकी टीम की उपलब्धियो को याद रखेंगे। फडनवीस ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नाम अब हमेशा के लिए क्रिकेट इतिहास में लिखा जाएगा। रोहित ने हमे एक ही दिन में अच्छी और बुरी खबर दोनो दी।

### युवा ब्रिगेड ने टी20 विश्व कप की जीत की सराहना करते हुए कहा, प्रेरणादायक और भावनात्मक

हरारे। हाल मे समाप्त हुए टी20 विश्व कप मे भारत की भावनात्मक जीत की प्रशंसा करते हुए शुभन गिल और रियान पराग जैसी पीढ़ी के सितारो ने इसे प्रेरणादायक करार किया और भविष्य में देश को और अधिक गौरवान्वित करने का संकल्प लिया। भारत के युवा खिलाड़ी यहां शनिवार से हरारे स्पोर्ट्स क्लब मे जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेंगे। गिल यहां दल की अगुआई करेंगे और वह रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम में बतौर रिजर्व मौजूद थे लेकिन टी20 विश्व कप का ग्रुप चरण खत्म होने के बाद लौट आए थे। इस 24 साल के खिलाड़ी ने इस जीत को उपलब्धि बताया। पिछले हफ्ते बारबडोस मे दक्षिण अफ्रीका पर फाइनल में सात रन की रोमांचक जीत के बारे में अपने अहसास साझा करते हुए बीसीसीआई से कहा, यह उन सभी के लिए बहुत खास रही होगी और मेरे लिए भी। वे इसके लिए बहुत मेहनत कर रहे थे। इसलिए यह एक उपलब्धि है। आईपीएल 2024 मे सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले अभिषेक शर्मा ने कई बार के विश्व कप विजेता युवराज सिंह के साथ यह फाइनल देखा। शर्मा ने कहा, मै युवी पाजी (युवराज सिंह) के साथ टी20 विश्व कप फाइनल मैच देख रहा था। जब फाइनल मे भारत जीत गया तो वह बहुत भावुक हो गए। मुझे यह देखकर बहुत अच्छा लगा और मुझे काफी प्रेरणा मिली। हम सभी के लिए आईसीसी ट्राफी जीतना सपना है और वह कई दफा भारत के लिए यह ट्राफी जीत चुके है। उन्होंने कहा, मै उस पल को कभी नही भूलूंगा। इसके बाद हम बाहर गए और जश्न मनाया। मुझे लगता है कि यह विश्व कप बहुत विशेष था और अब मै देश के लिए कप जीतने के लिए प्रेरणा से भरा हूं।

### कोहली, जडेजा ने मुंबई पुलिस को धन्यवाद दिया

**मुंबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के भव्य स्वागत और खेल प्रशंसकों को संभालने के लिए इतनी अधिक संख्या मे पुलिस की मौजूदगी से अभिभूत होकर शुक्रवार को यहां टी 20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की विक्ट्री परेड के दौरान अभूतपूर्व काम करने के लिए मुंबई पुलिस को धन्यवाद दिया। मुंबई पुलिस ने खिलाड़ियो के स्वागत के लिए उमड़े जनसैलाब को व्यवस्थित ढंग से संभाला। बारबडोस से 16 घंटे की उड़ान के बाद भारतीय टीम गुरुवार को स्वदेश लौटी जिसके बाद खिलाड़ी दिल्ली मे प्रधानमंत्री से मिलने के बाद विक्ट्री परेड के लिए मुंबई पहुंचे जहां लाखो की संख्या मे क्रिकेट प्रशंसक मौजूद थे। परेड के बाद वानखेड़े स्टेडियम मे आयोजित समारोह मे खिलाड़ियो को सम्मानित किया गया जहां खिलाड़ियो ने डांस किया और जीत पर अपने विचार साझा करने के बाद विक्ट्री लैप ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले शनिवार को फाइनल में मिली सात रन की जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच रहे कोहली ने एक्स पर पोस्ट किया , टीम इंडिया की विक्ट्री परेड के दौरान शानदार काम करने के लिए मुंबई पुलिस के सभी अधिकारियो और स्टॉफ को हार्दिक सम्मान और धन्यवाद। आपके सर्मपण और सेवा की सराहना करता हूं। जय हिंद। फाइनल के बाद टी 20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा करने वाले कोहली यहां अपनी प्रतिबद्धता पूरा करने के बाद आज सुबह लंदन के लिए रवाना हुए। आल राउंडर रविंद्र जडेजा ने भी पुलिस बल का इसी तरह धन्यवाद देते हुए पोस्ट किया , मुंबई पुलिस आप सभी का बहुत बहुत शुक्रिया। आपने बीती रात शानदार काम किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी विश्व कप के बाद टी 20 अंतरराष्ट्रीय संन्यास की घोषणा की थी , उन्होने राष्ट्रीय ध्वज की इमोजी के साथ एक्स पर लिखा , यह आपके लिए। सीनियर ऑफ स्पिनर आर अश्विन अमेरिका मे टीम का हिस्सा नही थे , उन्होंने कहा कि वह इस जश्न को देखकर अभिभूत हो गए।

### क्रिकेट टीम की जीत पर गर्व , अब हमारी बारी : हरमनप्रीत

**बेंगलुरू** टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह को गर्व है और उनका वादा है कि पेरिस ओलंपिक मे उनकी टीम भी देशवासियो को फिर इसी तरह से जश्न मनाने का मौका देगी। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए बारबडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीता। चैम्पियन टीम का स्वदेश लौटने पर पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस महीने के आखिर मे होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियो के लिए शिविर में मसरूफ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने भाषा को दिए विशेष इंटरव्यू मे कहा , एक खिलाड़ी होने के नाते बड़े टूर्नामेंट मे जाना और अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप जीतना, उससे बड़ी कोई बात नही है। पूरा देश आपके साथ झूम रहा है। इससे बड़ी गर्व की बात क्या हो सकती है। बतौर कप्तान पहला लेकिन कैरियर का तीसरा ओलंपिक खेलने जा रहे 28 वर्ष के इस ड्रैग फ्लिकर ने कहा , हमारी भी यही कोशिश है कि ओलंपिक जाकर पदक जीते और स्वर्ण पदक जीतकर देशवासियो को यही खुशी फिर से दे। देश के साथ इन पलो को हम भी जिएं।

### पिछले छह सात महीनों के नतीजों से किसी खिलाड़ी का आकलन नहीं कर सकते: साइना

**मुंबई।** लंदन ओलंपिक की कांस्य विजेता साइना नेहवाल ने दो बार की पदक विजेता पी वी सिंधू का समर्थन करते हुए कहा कि पेरिस ओलंपिक मे पदक के लिए उनके हालिया प्रदर्शन को पैमाना नही बनाया जाना चाहिए और वह समय पर लय हासिल कर लेगी। साइना ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतने की संभावना काफी हद तक फिटनेस और अभ्यास पर निर्भर करेगी।सिंधू फ्रांस की राजधानी मे अपने लगातार तीसरे ओलंपिक पदक के लिए प्रयास करेगी।सिंधू ने घुटने की चोट से उबरने के बाद इस साल फरवरी मे खेल मे वापसी की है। चोट से वापसी के बाद सिधू के खेल मे निरंतरता कमी रही है। वह इस दौरान सिर्फ मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल मे पहुंची है और शीर्ष खिलाड़ियो के खिलाफ उन्हे संघर्ष करना पड़ा है। साइना ने पीटीआई-भाषा से कहा, आप पिछले छह सात महीनो के नतीजो से किसी भी खिलाड़ी का आकलन नही कर सकते। सिंधू कई वर्षो से वास्तव मे अच्छा खेल रही है और उसके पास काफी अनुभव है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों को दी शुभकामना

## ● 2036 का दावा मजबूत करेंगे आपके अनुभव,

**भाषा।** नई दिल्ली



**ओलंपिक** 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से इस दावे को मजबूत करने के लिए पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी। प्रधानमंत्री ने कहा , भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा , मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थाएं क्या हैं , उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा , वह 2036 के लिए काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी। प्रधानमंत्री मोदी की खिलाड़ियों से बातचीत का पूरा वीडियो उनके कार्यालय से शुक्रवार को जारी किया गया। बातचीत में खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा भी मौजूद थी। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तोक्यो ओलंपिक में रहा है जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते। भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं। भारत ने ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा बार बार जताई है जिसे अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक का भी समर्थन मिला है। भारत की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि कतर और सऊदी अरब भी दौड़ में हो सकते हैं। ओलंपिक 2036 के मेजबान का फैसला अगले साल आईओसी के चुनाव से पहले आने की संभावना नहीं है जिसमें नया अध्यक्ष चुना जाएगा।

### तुम्हारी मां के हाथ का चूरमा खाना है , प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज चोपड़ा से कहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नीरज चोपड़ा से मजाकिया अंदाज मे कहा कि उसने अभी तक चूरमा भेजा नही जिस पर ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक स्टार ने इस बार उन्हें चूरमा खिलाने का वादा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस महीने के आखिर में हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत के दौरान नीरज से चूरमे की फरमाइश की तो एथलीट प्रियंका गोस्वामी से पूछा कि वह ओलंपिक में अपने बालकृष्ण को साथ ले जा रही है या नही। आनलाइन बातचीत में जुड़े नीरज से चुटकी लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा , चूरमा आया नही तेरा अभी तक। इस पर सकुचाते हुए नीरज ने कहा , सर चूरमा लेकर आएंगे इस बार। पिछली बार दिल्ली में चीनी वाला चूरमा था लेकिन आपको हरियाणा का देसी घी और गुड़ का चूरमा खिलाएंगे। प्रधानमंत्री ने इस पर कहा , मुझे तो तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है। पिछली बार तोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मोदी ने अपने आवास पर चोपड़ा को चूरमा और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू आइसक्रीम खिलाई थी। रियो ओलंपिक मे रजत और तोक्यो मे कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू ने कहा कि यह उनका तीसरा ओलंपिक है और रजत तथा कांस्य जीतने के बाद अब मकसद पदक का रंग बदलना है। उन्होने कहा , इस बार काफी अनुभव के साथ जा रही हूं और बेहतर पदक लेकर लौटूंगी। नए खिलाड़ियों से इतना कहूंगी कि दबाव नही लें और खुद पर विश्वास रखते हुए फोकस करें। स्विटजरलैंड में अभ्यास कर रही पैदलचाल खिलाड़ी प्रियंका गोस्वामी से प्रधानमंत्री ने पूछा कि इस बार भी बालकृष्ण को लेकर जा रही हो ना। इस पर गोस्वामी ने कहा , जी हां। यह उनका भी दूसरा ओलंपिक है। गोस्वामी ने राष्ट्रमंडल खेलों में 10000 मीटर पैदलचाल में रजत पदक जीतने के बाद पदक लेते समय हाथ में लड्डू गोपाल की मूर्ति ले रखी थी और अपना पदक भी उन्हे समर्पित किया था। प्रियंका ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मोदी को बधाई दी तो खिलाड़ियों ने तालियां बजाकर इसका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने नीरज चोपड़ा को स्वस्थ रहने और चोट से बचने के लिए शुभकामना दी। इससे पहले नीरज ने कहा , इस साल बहुत कम टूर्नामेंट खेला हू क्योंकि बीच मे चोट लग गई थी। अभ्यास बहुत बढिया चल रहा है और कोशिश करेंगे कि देश के लिए शत प्रतिशत दें। तोक्यो मेरा पहला ओलंपिक था जिसके स्वर्ण जीता और उसका कारण यह था कि मन मे डर नही था और अपनी ट्रेनिंग पर भरोसा था। उन्होने कहा , मै सभी खिलाड़ियों से यही कहूंगा कि किसी से डरे बिना अपना सर्वश्रेष्ठ दें। हम घर से दूर रहकर इतनी मेहनत कर रहे है तो किसी को भी हरा सकते है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपने बहुत उपयोगी जानकारी दी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहे , कोई नई चोट नही लगे। इस मौके पर पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हॉकी का इतिहास काफी गौरवमई रहा है और कोशिश बहुत अच्छी चल रही है कि तोक्यो के बाद फिर पदक लेकर आए। सुविधाएं बहुत अच्छी मिल रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।